सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest

अग्रिम प्राधिकार योजना पर निष्पादन लेखापरीक्षा

संघ सरकार

(राजस्व विभाग – अप्रत्यक्ष कर – सीमा शुल्क)

2021 की संख्या 10

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

अग्रिम प्राधिकार योजना
पर निष्पादन लेखापरीक्षा

संघ सरकार
(राजस्व विभाग - अप्रत्यक्ष कर - सीमा शुल्क)
2021 की संख्या 10

(लोकसभा/राज्यसभा के पटल पर.............. को प्रस्तुत किया गया)

विषय सूची

क्र. सं.	विषय	पृष्ठ
1	प्राक्कथन	i
2	कार्यकारी सार	iii से xv
3	शब्दों और संकेताक्षरों की शब्दावली	xvii से xix
4	अध्याय I : अग्रिम प्राधिकार योजना का विहंगावलोकन	1-14
5	अध्याय II : अग्रिम प्राधिकार जारी करना	15-49
6	अध्याय III : योजना का कार्यान्वयन	51-99
7	अध्याय IV : आंतरिक नियंत्रण प्रबंधन	101-112
8	परिशिष्ट और अनुलग्नक	113-125

प्राक्कथन

यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रतिवेदन में 'अग्रिम प्राधिकार योजना' पर निष्पादन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं।

इस प्रतिवेदन में उन दृष्टांतों का उल्लेख किया गया है जो 2019-20 की अवधि के दौरान नमूना लेखापरीक्षा करते समय ध्यान में आए और जिनमें अप्रैल 2015 से मार्च 2019 की अवधि के संव्यवहारों को शामिल किया गया।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निष्पादन लेखापरीक्षक दिशा-निर्देशों के अनुसार यह लेखापरीक्षा की गई है।

लेखापरीक्षा, वित्त मंत्रालय (एमओएफ), राजस्व विभाग (डीओआर), वाणिज्य विभाग (डीओसी) और इसकी क्षेत्रीय संरचनाओं से लेखापरीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर पर प्राप्त हुए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता है।

कार्यकारी सार

इस निष्पादन लेखापरीक्षा के बारे में

अग्रिम प्राधिकार योजना (एएएस) का उद्देश्य मूल्य वर्धन की निर्दिष्ट प्रतिशतता के साथ विनिर्मित माल के निर्यात की शर्त के अधीन भारत में सीमा शुल्क के भुगतान के बिना अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों पर पंजीकृत निर्यातकों को उनकी मूल्य इनपुट/कच्ची सामग्री की आवश्यकता पूरी करना है। इस योजना की निष्पादन लेखापरीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि क्या महानिदेशक विदेश व्यापार (डीजीएफटी) और सीमा शुल्क विभाग द्वारा प्राधिकार का जारी करना, उपयोग, मोचन और कार्यान्वयन एक फलोत्पादक और प्रभावी तरीके में किया जा रहा है। लेखापरीक्षा में योजना के क्रियान्यवन में शामिल अन्तर-विभागीय समन्वयन की प्रभावकारिता तथा क्या राजस्व हानि, योजना के दुरूपयोग आदि को कम करने के लिए आंतरिक नियंत्रण उपाय पर्याप्त हैं, की भी जांच की गयी । लेखापरीक्षा में डीजीएफटी, इसके क्षेत्रीय प्राधिकारियों (आरए) एवं सम्बन्धित सीमा शुल्क आयुक्तालयों के माध्यम से सम्बन्धित सीमा शुल्क की क्षेत्रीय संरचनाओं को शामिल किया गया।

पूरे भारत में कुल 38 आरए हैं जिनमें लागत, बीमा और भाड़ा (सीआईएफ) मूल्य को शामिल करते हुए ₹7,58,141 करोड़ के आयातों के लिए 2015-16 से 2018-19 तक की अवधि के दौरान कुल 88,157 अग्रिम प्राधिकार (एए) जारी किए गए जिन्हें निष्पादन लेखापरीक्षा के अन्तर्गत शामिल किया गया। यह लेखापरीक्षा दिसम्बर 2019 और मार्च 2020 के बीच की गयी। कुल 38 आरए में से 23 प्रमुख आरए (60.52 प्रतिशत) में 2015-16 से 2018-19 की अवधि के लिए ₹2,08,126 करोड़ (29.56 प्रतिशत) के सीआईए मूल्य वाले 4,048 एए फाईलों (4.96 प्रतिशत) के नमूने का लेखापरीक्षा में चयन किया गया। लेखापरीक्षा में क्षेत्राधिकारिक सीमा शुल्क के उन क्षेत्रीय कार्यालयों का भी चयन किया गया जहां शुल्क मुक्त आयातों और निर्यातों को प्रभावित करने के लिए चयनित नमूने मामले पंजीकृत थे।

4,048 चयनित मामलों में से, सात आरए (मुख्यतः मुम्बई, अहमदाबाद और दिल्ली) ₹9,906.73 करोड़ के सीआईएफ मूल्य वाले 405 एए फाईल आरए को बारंबार अनुरोध करने/अनुस्मारक भेजने के बावजूद भी लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया गया था।

प्रतिवेदन की संरचना

इस प्रतिवदेन में 66 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां और 17 सिफारिशें शामिल की गयी हैं। निष्पादन लेखापरीक्षा में ₹1,386.80 करोड़ का राजस्व निहितार्थ है, जिसमें से ₹1,291.93 करोड़ की राशि वाले 44 अभ्युक्तियां डीजीएफटी/राजस्व विभाग (डीओआर) द्वारा स्वीकार किए गए, ₹0.24 करोड़ की राशि वाले पांच पैराओं में कार्रवाई/वसूली की अंतिम परिणाम प्रतीक्षित था और ₹94.61 करोड़ की राशि वाले 17 अभ्युक्तियां डीजीएफटी/डीओआर द्वारा स्वीकार नहीं किए गए। अब तक आठ पैराओं के सम्बन्ध में ₹0.70 करोड़ की वसूली की गयी थी। इसी प्रकार, 17 सिफारिशों में से 11 को डीजीएफटी/डीओआर द्वारा स्वीकार किया गया है; पांच सिफारिशों (सिफारिश-1, 3, 6, 11 और 12) के सम्बन्ध में उत्तर प्रतीक्षित था और एक सिफारिश (सिफारिश 7) को स्वीकार नहीं किया गया था।

अध्याय I : अग्रिम प्राधिकार योजना का विहंगावलोकन

योजना डीजीएफटी द्वारा क्रियान्यवित की जाती है जबकि आयातित इनपुट पर सीमा शुल्क के उद्ग्रहण से छूट केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), वित्त मंत्रालय (एमओएफ) के अधीन डीओआर द्वारा अनुमत की जाती है।

लाइसेंस के लिए आवेदन डीजीएफटी के अधीन क्षेत्राधिकारिक आरए को प्रस्तुत की जानी होती है, जैसा कि क्रियाविधि की पुस्तिका (एचबीपी) में निर्दिष्ट किया गया है। आरए आवेदन में दी गयी सूचना का सत्यापन करता है और लाइसेंस जारी करता है, जिसे फिर लाइसेंस के अन्तर्गत माल के आयात और निर्यात को अनुमत करने के लिए निर्दिष्ट सीमा शुल्क पत्तन के साथ पंजीकृत किया जाता है। पंजीकरण सीमा शुल्क विभाग के पास बांड, और यदि आवश्यक हो तो बैंक गारंटी (बीजी) के कार्यान्वयन के अधीन होता है। निर्यात दायित्वों (ईओ) के निर्वहन पर, प्राधिकार धारक (एएच) आरए को मोचन का

एक आवेदन करता है, जो एएच को एक निर्यात दायित्व प्रमाणपत्र (ईओडीसी) जारी करता है और यदि कोई बांड और बीजी हो, के मोचन के लिए सीमा शुल्क विभाग को उसकी एक प्रति भेजता है।

परिणामी उत्पाद के सम्बन्ध में इनपुट के लिए एए जारी किया जाता है जो कतिपय प्रतिमानों पर आधारित होता है जैसे मानक इनपुट आउटपुट मानदंड (एसआईओएन) अथवा स्वत: घोषणा पर आधारित, स्वत: संपुष्टि योजना या आवेदक विशिष्ट पूर्व नियत किया गए मानदंड, जहां एसआईओएन अधिसूचित नहीं किया गया हो।

(पैरा 1.1, 1.2)

निष्पादन लेखापरीक्षा के अन्तर्गत शामिल की गयी अवधि के लिए एए योजना विश्लेषण से पता चला कि निर्यातों का पोतपर्यंत नि:शुल्क (एफओबी) मूल्य 2015-16 में 25 प्रतिशत तक बढ़कर ₹3,03,539 करोड़ से 2018-19 में ₹3,78,808 करोड़ हो गया।

सीआईएफ के तहत एए के खंडीय विश्लेषण में 2015-16 से 2018-19 तक रत्नों व आभूषणों और हथकरधा के सम्बन्ध में गिरती हुई प्रवृत्ति तथा इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा, रसायन, चमड़ा आदि में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शायी गयी। 2018-19 तक, रसायन, इंजीनियरिंग और प्लास्टिक क्षेत्र, एए के कुल सीआईएफ मूल्य का तकरीबन 82 प्रतिशत था।

वर्ष के दौरान प्रभावी कुल प्रत्यक्ष निर्यातों की तुलना में एए में नियत किए गए एफओबी मूल्य के विश्लेषण से पता चला कि दो क्षेत्रों, रसायन और प्लास्टिक में एए के लिये एफओबी मूल्य 2018-19 तक कुल प्रत्यक्ष निर्यातों के 50 प्रतिशत से अधिक था जिसके बाद इंजीनियरिंग आता था। इन तीन क्षेत्रों में एए योजना कुल क्षेत्रीय निर्यातों का एक महत्वपूर्ण संचालक थी।

डीजीएफटी ने मई 2019 में एए जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ-साथ निर्धारित दस्तावेजों की अनिवार्य ऑनलाइन फाइलिंग कार्यान्वित की और उसके बाद 1 दिसम्बर 2020 से प्रभावी एक नयी आईटी प्रणाली शुरू की, जिसमें सभी निर्धारित दस्तावेजों को (मोचन के लिए दस्तावेजों सहित) ऑनलाइन अपलोड़ करना, त्रुटियों और उनके उत्तरों का ऑनलाइन निपटान करना आवश्यक है तथा एए योजना को कागजरहित बनाने के लिए और

ईओडीसी को अंतिम रूप देने की बेहतर निगरानी के लिए सीमा शुल्क को डेटा का निरंतर हस्तान्तरण किया जाएगा। लेखापरीक्षा के दौरान शामिल की गयी अवधि 2015-16 से 2018-19 थी; इसलिए मई 2019 और दिसम्बर 2020 से प्रभावी इन विशेषताओं के कार्यान्वयन की आगामी लेखापरीक्षाओं में समीक्षा की जाएगी।

(पैरा 1.4, 1.4.1 और 1.4.2)

लेखापरीक्षा निष्कर्षों का सार

अध्याय II: अग्रिम प्राधिकार (एए) का जारी करना

2015-16 से 2018-19 तक की अवधि के लिए स्वचालित प्रणाली की प्रमुख विशेषताओं की और डेटा के विश्लेषण द्वारा एए को जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए लागू किए गए सरलीकरण उपायों के कार्यान्वयन की लेखापरीक्षा में जांच की गयी। विश्लेषण में पता चला कि एए योजना स्वचालित होने के नाते आवेदन की प्राप्ति के साथ को आंशिक रूप से स्वचालित किया गया था जबकि एए जारी करने की प्रक्रिया काफी हद तक मैन्युअल रही। लेखापरीक्षा में शामिल अवधि के दौरान एए योजना के लिए विकसित स्वचालित प्रणाली में मैन्युअल हस्तक्षेप आवश्यक था जिसके कारण परिहार्य प्रत्यक्ष इंटरफेस तथा प्राधिकृत कर्मचारियों के पास विवेकाधिकार रहा जिसके परिणामस्वरूप एए जारी करने में काफी विलम्ब हुआ। किसी मानदंड के बिना आधारित एए जिनकों डीजीएफटी मुख्यालय में मानदंड समितियों (एनसी) द्वारा अंतिम रूप दिया गया, मैन्युअल रहे।

2015-16 से 2018-19 तक की अवधि के दौरान जारी किए गए 65 प्रतिशत एए एसआईओएन आधारित थे और शेष 35 प्रतिशत बिना मानदंड की श्रेणी से सम्बन्धित थे जिन्हें सम्बन्धित एनसी द्वारा अंतिम रूप दिया जाना आवश्यक है; समीक्षा के लिए चयनित नमूने को उसी अनुपात में तदनुसार आहरित किया गया। तथापि इस अध्याय में टिप्पणी किए गए कुल 1,422 एए में से, 621 एए एसआईओएन आधारित थे (44 प्रतिशत) और शेष 801 एए बिना मानदंड की श्रेणी (56 प्रतिशत) से सम्बन्धित थे। इस प्रकार

अधिकांश लेखापरीक्षा मुद्दे बिना मानदंड की श्रेणी के अन्तर्गत जारी किए गए एए मुद्दों से सम्बन्धित थे, यद्धपि यह कुल एए का केवल एक तिहाई था।

पर्याप्त संचित रिक्तियों के साथ डीजीएफटी मुख्यालय और आरए दोनों में स्टाफ की भारी कमी थी, जिसका न केवल अग्रिम प्राधिकार योजना बल्कि एफटीपी के अन्तर्गत अन्य योजनाओं पर भी प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी को सुनिश्चित करने में डीजीएफटी की योग्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था।

(पैरा 2.1)

एए जारी करने में पर्याप्त विलम्ब से 2015-16 से 2018-19 की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कारोबार सहजता में और क्रियाविधि के सरलीकरण का उद्देश्य प्राप्त करने में स्वचालित प्रणाली की विफलता दर्शायी गयी। स्वाचालन से एए जारी करने की प्रक्रिया में मैनुअल हस्तक्षेप आवश्यक था क्योंकि आवेदन के साथ निर्धारित दस्तावेजों की अनिवार्य ऑनलाइन फाइलिंग केवल मई 2019 में कार्यान्वित की जा सकी जिसके कार्यान्वयन की आगामी लेखापरीक्षा में समीक्षा की जाएगी। तब तक, सभी निर्धारित दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत किए जा रहे थे जिससे एक ऑनलाइन सिस्टम को सहज बनाने का प्रयोजन विफल हो गया, परिणामस्वरूप निर्धारित समयावधि होने के बावजूद एए जारी करने में अत्यधित विलम्ब हुआ था।

(पैरा 2.2)

लेखापरीक्षा द्वारा मानदंड समितियों के पास लंबित अग्रिम प्राधिकार आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गयी। 31 मार्च 2019 को लम्बन 5606 था जिसमें 31 मार्च 2020 तक 6044 (7.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। चार महीने की निर्धारित अवधि के बाद प्रतिमानों के नियतन में 4 महीने से 16 वर्ष तक अत्यधिक विलम्ब हुआ, जो आयातों के लिए और निर्यात दायित्वों को पूरा करने के लिए तय समय-सीमा क्रमश: 12 महीने और 18 महीने, के प्रतिकूल था। समय पर प्रतिमानों को अंतिम रूप न देने से, निर्धारित अवधि के अन्दर निर्यातकों को ईओडीसी जारी नहीं किए जा सके, जिसके परिणामस्वरूप न केवल बांडों और बीजी का अवरोधन हुआ, बल्कि ईओ पूरा न करने के मामलों में भी वृद्धि हुई। आगे, चूक के मामलों के लिए सीमा शुल्क और उस पर

ब्याज की वसूली करने के लिए आरए और सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा फर्मों के विरूद्ध कार्रवाई प्रारम्भ करने में भी विलम्ब होता है जो उस सही एएच पर शास्ति लगाने के अलावा है जिसे सभी अनुबद्ध शर्तों का पालन करने के बाद भी ईओसीडी प्राप्त नहीं हो रहे हैं।

(पैरा 2.4.1 और 2.4.2)

लेखापरीक्षा में डीईएल तंत्र का कार्यान्वयन पाया गया, जो निर्यातकों को लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने के लिए माना जाता है, डीईएल के तहत ईकाईयों को रखने में 8 से 13 वर्ष की अत्यधिक देरी हो रही थी और कई स्थगन आदेश जारी किए जा रहे थे, जो इसकी अप्रभाविता को दर्शाता है। उन स्थगन आदेशों की संख्या के लिए कोई सीमा तय नहीं है जो विद्धमान नियमों/क्रियाविधियों के अन्तर्गत एक निर्यातक को जारी किए जा सकते हैं। इसके अलावा, यह जानने के लिए आरए के लिए ऐसा कोई तंत्र नहीं है कि क्या आवेदक सीमा शुल्क अधिनियम और उसके नियमों के अन्तर्गत दंडित किया गया है, क्योंकि सीमा शुल्क और डीजीएफटी कार्यालयों के बीच ऐसे दंडित ईकाईयों के बारे में सूचना का आदान-प्रदान नहीं होता। प्राधिकार का जारी करना पूर्णरूप से आवेदक की स्व-घोषणा पर होता है।

(पैरा 2.5)

विभिन्न एए जारी करने से पहले आरए द्वारा अभिलेखों का कोई सत्यापन नहीं होता, विशेषकर उन लघु उद्योग (एसएसआई) ईकाईयों का, जिनका पिछला कोई निर्यात प्रदर्शन नहीं है और वे अपनी क्षमता से अधिक आयात करने की उनकी मांग करते है। इसके अतिरिक्त, एक समयबद्ध तरीके से पिछले एए के निर्यात दायित्वों को पूरा न करने के अभाव में, फर्म को नए लाइसेंस जारी करने से योजना का असली उद्देश्य विफल होता है।

(पैरा 2.6.1 और 2.6.2)

अध्याय III : योजना का कार्यान्वयन

सीमा शुल्क विभाग और डीजीएफटी दोनों के द्वारा योजना के कार्यान्वयन की जांच लेखापरीक्षा में की गयी। लेखापरीक्षा में यह भी सत्यापित किया गया कि क्या डीजीएफटी और सीमा शुल्क विभाग के बीच समन्वय के लिए कोई

सांस्थानिक तंत्र मौजूदा है और क्या दोनों विभागों के बीच सूचना का आदान-प्रदान प्रभावी ढंग से और समयबद्ध तरीके में किया जा रहा है।

लाइसेंसों के प्रति प्राधिकारों की वैधता अवधि के बाद शुल्क मुक्त आयातों या अधिक आयातों का अनुमत करना सीमा शुल्क लाइसेंस उपयोग माड्यूल में निगरानी तंत्र की कमज़ोरी को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, बांड के कार्यान्यवन का प्रारंभकि प्रयोजन एए योजना में यथानिर्धारित नियमों और क्रियाविधियों के उचित अनुपालन को सुरक्षित करना है; यह गैर-अनुपालन के मामलों में उपयुक्त शुल्क और ब्याज के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए समर्थक प्रतिभूति के रूप में भी कार्य करता है। एक समयबद्ध तरीके में बांडों के रद्द न करने, जैसाकि सीबीआईसी के अनुदेशों में निर्धारित है, से न केवल सही एएच की निधियों का अवरोधन हुआ है बल्कि यह बड़े पैमाने पर व्यापार के लिए एक गलत संकेत भी देता है।

(पैरा 3.1.1 से 3.1.3)

मोचन हेतु दावा करने के लिए आरए एएच पर निर्भर करता है क्योंकि जहां ईओ की अवधि समाप्त हो चुकी है, उन मामलों को अभिनिश्चित करने के लिए तत्कालिन प्रणाली में आरए के पास कोई तंत्र नहीं है। अधिक आयातों की निगरानी न करने, पूर्व-आयात शर्तों के अननुपालन और निर्यात दायित्व अवधि (ईओपी) में अनुचित वृद्धि के दृष्टांत पाए गए।

(पैरा 3.2.1.1 से 3.2.1.3)

लाइसेंसों के पुनर्वैधीकरण की मांग करने के लिए एफटीपी/एचबीपी में कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं है और लाइसेंस की वैधता अवधि की समाप्ति के बाद भी ऐसे अनुरोध किए जाते हैं। चूंकि लाइसेंस की वैधता एचबीपी के पैरा 2.16 में निर्दिष्ट की गयी है (जारी करने की तारीख से 12 महीने) और आयातों/निर्यातों (एचबीपी का पैरा 2.18) की तारीख को भी प्राधिकार वैध होना चाहिए, इसलिए लेखापरीक्षा की राय में, पुनर्वैधीकरण के लिए किसी भी अनुरोध पर केवल लाइसेंस की वैधता के अन्दर ही विचार किया जाना चाहिए।

(पैरा 3.2.1.4)

परिशिष्ट 4-एच/ 4-ई के तहत यथापेक्षित निर्यायित मदों के विनिर्माण में वास्तव में प्रयुक्त सभी इनपुट की घोषणा के लिए आरए में ज़ोर नहीं दिया

जाता। लेखापरीक्षा का मत है कि केवल आयातित इनपुट के सीआईएफ मूल्य को मानने की प्रथा, मूल्यवर्धन की पूरी स्थिति को नहीं दर्शाती। देशी आपूर्तियों के मूल्य को शामिल न करना, जीएसटी/कमीशन/आईजीएसटी राशि का गलत मानना और एएच द्वारा वास्तविक आयातों की घोषणा न करना का लेखापरीक्षा में पता चला था, जो शुल्क मुक्त आयातों के विचलन और योजना के दुरूपयोग के जोखिम से भरा हुआ है। आरए अघोषित माल के वास्तविक उपयोग को सुनिश्चित कर सकते है और गलत ढंग से ली गयी छूट को अननुमत करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई कर सकते हैं।

(पैरा 3.2.3.1 से 3.2.3.3)

मोचन/ईओडीसी आवेदन के लिए आनलाईन सुविधा के सक्रिय न होने के परिणामस्वरूप ईओडीसी के जारी करने में विलम्ब हुआ और संव्यवहार लागत और समय में वृद्धि हुई। भले की मोचन के लिए आवेदन आनलाईन फाईल किए गए थे तथापि सभी दस्तावेज जैसे बीई, एसबी, ई-बीआरसी, इनपुट और निर्यात खपत तथा प्रमाणपत्र लेखापरीक्षा की अवधि 2015-16 से 2018-19 के दौरान मैनुअल रूप से फाईल किए जाने अपेक्षित थे। मोचन प्रक्रिया के पूर्ण डिजिटिकरण और लाइसेंस डेटा के साथ इसके एकीकरण से विलम्ब में कमी करने और मोचन आवेदनों के निपटान के लिए नियत किए गए 15 दिन के बैंचमार्क को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

(पैरा 3.2.6)

एक प्रभावी आनलाईन मैसेज एक्सचेंज माडयूल (एमईएम) के अभाव में, सीबीआईसी को अक्सर डीजीएफटी द्वारा दी गयी ईओडीसी की प्रास्थिति अभिनिश्चित करने के लिए एएच पर निर्भर रहना पड़ता था। इसी प्रकार, डीजीएफटी को उन मामलों के लिए शुल्क भुगतान प्रास्थिति के बारे में जानकारी नहीं थी जहां ईओ की अवधि समाप्त हो गयी है परन्तु दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। डीजीएफटी द्वारा ईओडीसी डेटा की सूचना न देने/सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा ईओडीसी डेटा का उपयोग न करने के परिणामस्वरूप बांडों के निपटान में विलम्ब होता है और लंबित मामलों में वृद्धि होती है।

(पैरा 3.3.1)

चूककर्ताओं के विरूद्ध सीमा शुल्क विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस (एससीएन) का जारी न करना और अधिनिर्णयन प्रक्रिया में विलम्ब उन कमियों को दर्शाता है जो दो विभागों के बीच समन्वय और ईडीआई सिस्टम के अप्रभावी उपयोग अथवा डीजीएफटी के 'eodc.online' में थीं, ताकि निर्यात प्रदर्शन को अभिनिश्चित किया जा सके और ठोस कार्रवाई की जा सके। डीजीएफटी द्वारा एए को प्रदान किए गए विस्तारों, जारी किए गए एससीएन/मांग नोटिसों के बारे में डीओआर को अधिसुचित किया जाना चाहिए और साथ ही अपने पोर्टल को नियमित रूप से अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि एक समयबद्ध तरीके में सीमा शुल्क द्वारा कार्रवाई को आसान बनाया जा सके।

(पैरा 3.3.3)

अध्याय IV : आंतरिक नियंत्रण प्रबंधन

आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा पर एक प्रभावी नीति के अभाव ने योजना के कार्यान्वयन की निगरानी न करने में योगदान दिया जिसमें अन्य कार्यों के साथ इनपुट के शुल्क मुक्त आयात को अनुमत करके विभिन्न माल के निर्यात के लिए लाइसेंस जारी किए जाते हैं। क्षेत्रीय स्तर पर कई आरए किसी ऐसे तंत्र से अनभिज्ञ थे।

(पैरा 4.1)

एससीएन और अधिनिर्णयन आदेश जारी करने के लिए एफटीडीआर एक्ट में विशेष समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए ताकि कार्रवाई किए जाने वाले सभी मामलों में किसी पूर्वधारणा के बिना उसी तरीके में कार्यवाई की जाए। इससे सरकारी राजस्व के अवरोधन को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

(पैरा 4.2)

आरए द्वारा प्रस्तुत की गयी एमआईएस रिपोर्टों की डीजीएफटी द्वारा पर्याप्त रूप से निगरानी/मिलान नहीं किया जा रहा है और महत्वपूर्ण सूचना की रिपोर्टिंग न करने को आरए के साथ नहीं उठाया जा रहा है। कार्यवाई प्रारम्भ करने में विलम्ब और मांग नोटिस/ एससीएन के निपटान में विलम्ब के परिणामस्वरूप भारी संचित मामले लंबित हुए। एफटीपी में न तो कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं थी और न ही कोई प्रशासनिक आदेश जारी किए गए थे

जिनमें चूककर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाही तेज़ करने में लिए अनुदेश दिए गए हों।

(पैरा 4.3)

सिफारिशें

1. डीजीएफटी/वाणिज्य विभाग को योग्य संसाधनों के साथ संचित रिक्तियों को भरने के लिए एक समयबद्ध योजना बनानी चाहिए, ताकि यह अग्रिम प्राधिकार और अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन और निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हो, यदि डीजीएफटी इन योजनाएं को जारी रखने का इरादा रखता है, तो।

2. *डीजीएफटी यह सुनिश्चित करके एए को समय पर जारी करने के लिए मैनुअल और स्वचालित प्रक्रियाओं की समीक्षा कर सकता है कि ऑनलाइन मॉड्यूल को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल पूरा और पूर्ण आवेदन स्वीकार करने के लिए पुन: व्यवस्थित किया गया है। ऐसे निर्गमन की समयसीमा (या अन्यथा) की पर्याप्तता की समीक्षा भी की जा सकती है। तीन दिनों की निर्धारित समय-सीमा की तुलना में डीजीएफटी द्वारा एए जारी करने में महत्वपूर्ण विलम्ब (तीन महीने से दो वर्ष से अधिक) प्रचलित अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर आयातित वस्तुओं को प्राप्त करने की योजना के मूल उद्देश्य को विफल करता है। ऐसी विस्तारित अवधि में कीमतों में उतार-चढ़ाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।*

3. समय के साथ सभी क्षेत्रों में विनिर्माण प्रक्रियाओं और सुविधाओं के साथ-साथ तकनीकी उन्नयन में प्रगति की, डीजीएफटी को 2009 में एचबीपी वॉल्यूम- II के माध्यम से अधिसूचित एसआईओएन की व्यापक समीक्षा करनी चाहिए।

4. चार महीने से 16 वर्षों तक प्रतिमानों के नियतन करने में विलम्ब के साथ (जबकि एए योजना के अन्तर्गत शुल्क मुक्त आयातों और निर्यातों के लिए निर्धारित समयसीमा क्रमश: 12 महीने और 18 महीने है), बिना-मानदंड की श्रेणी के लिए मानदंड समिति (एनसी) की प्रणाली प्रभावी रूप से कार्य नहीं

कर रही है और डीजीएफटी को प्रणाली की व्यापक रूप से समीक्षा करने की आवश्यकता है ताकि दुरूपयोग की गुंजाइश को कम करते हुए इसकी उपयोगिता और व्यवहार्यता का निर्धारण किया जा सके।

5. डीजीएफटी समयसीमा निर्धारित करने पर विचार कर सकता है जिसके अन्दर एनसी के निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए अपील की जा सकती है।

6. डीजीएफटी समय पर सुचारू रूप से डीईएल को अद्यतन करना सुनिश्चित कर सकता है और आस्थगन आदेश जारी करने की प्रक्रिया की समीक्षा कर सकता है। इसके अलावा, डीईएल में पूर्व अवधि के लिए लगाए गए दंड का विवरण, और की गई कार्रवाई के परिणाम, की गई वसूली, निर्णय आदि को शामिल करना चाहिए। आस्थगन आदेश प्रदान करने से पहले लंबित निर्यात में शामिल शुल्क के लिए या आस्थगन आदेशों के विरुद्ध जारी किए गए नए लाइसेंसों के संबंध में शामिल शुल्क के लिए पूर्ण बीजी के रूप में, राजस्व हित को बीजी के रूप में संरक्षित किया जा सकता है।

7. डीजीएफटी को पहली बार माल के आयात/निर्यात के लिए मांग करने वाली फर्मों (विशेषकर एसएसआई यूनिटें जिनका पिछला कोई निर्यात प्रदर्शन न हो) को विभिन्न एए जारी करने से पहले निर्यातकों के अभिलेखों का सत्यापन करने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, डीजीएफटी को नए एए जारी करने से पहले पूर्व एए, यदि कोई हो, के संबंध में ईओडीसी के पूरा होने का सत्यापन करना चाहिए यह सीआईए का सीमांकन और राजस्व के हित की रक्षा के लिए वर्धित बांड और बैंक गारंटी तंत्र भी निर्धारित कर सकता है।

8. डीजीएफटी आरए को नए एए जारी करने से पहले एएच द्वारा लम्बित एए के मोचन दस्तावेजों के प्रस्तुत न करने की निगरानी के लिए अपने अनुदेशों की पुनरावृत्ति करा सकता है।

9. सीबीआईसी ईओ अवधि की समाप्ति के लिए उपयुक्त बांड नवीनीकरण/रद्दीकरण को सुनिश्चित करने के लिए तथा ईओडीसी प्रास्थिति

को अभिनिश्चित करने के लिए एएच पर निर्भरता से बचने के लिए एक स्वचालित सतर्क प्रणाली पर विचार कर सकता है।

10. डीजीएफटी को ईओ के निरन्तर रूप् से और नियमित रूप से निगरानी के लिए एक प्रभावी तंत्र की आवश्यकता है। अब तक, ऐसे मामलों पर नज़र रखने के लिए कोई प्रणाली नहीं थी जहां ईओपी समाप्त हो गयी थी और ईओडीसी प्रास्थिति को अभिनिश्चित करने के लिए आरए एएच पर ही निर्भर थे। एए के संभावित दुरूपयोग को कम करने के लिए, घरेलू इनपुट के प्रतिस्थापन के माध्यम से आयातित इनपुट के संभावित विपथन को संबोधित करने के लिए डीजीएफटी के ईडीआई प्रणाली में वैधीकरण जांचों के होने की आवश्यकता है।

11. डीजीएफटी को पुनर्वैधीकरण प्रदान करने की क्रियाविधि की समीक्षा करनी चाहिए और पुनर्वैधीकरण के लिए अनुरोधों को केवल प्राधिकार की वैध अवधि के अन्दर ही स्वीकार किया जाना चाहिए ताकि कोई भी शुल्क मुक्त आयात या निर्यात के लिए निर्यात दायित्व की गणना प्राधिकार के चलन तक ही हो।

12. डीजीएफटी परिशिष्ट 4 एच में पूर्ण प्रकटन के लिए जोर दे सकता है जिसमें, एएच से "घरेलू रूप से अधिप्राप्त इनुपुट सहित निर्यातित माल के विनिर्माण में उपयुक्त सभी इनपुट और ऐसी अधिप्राप्ति के स्रोत के विवरण" घोषित करने की अपेक्षा की गयी है, जो आरए द्वारा वास्तविक खपत की बेहतर निगरानी को सुकर बनाने के लिए है जिससे शुल्क मुक्त आयातों के विपथन और योजना के दुरूपयोग को रोका जा सके।

13. डीजीएफटी को 15 दिनों की अपनी निर्धारित समय-सीमा को पूरा करने के लिए ईओडीसी जारी करने के लिए क्रियाविधि की समीक्षा यह सुनिश्चित करके करनी चाहिए कि आनलाईन माडयूल को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल पूर्ण और मुकम्मल आवेदनों को स्वीकार करने के दोबारा बनाया गया है।

14. डीजीएफटी और सीमा शुल्क के बीच सूचनाओं के प्रभावी और समय पर आदान-प्रदान के लिए डीजीएफटी को अपने सभी आरए में मैसेज एक्सचेंज मॉड्यूल (एमईएम) लागू करना चाहिए और साथ ही नियमित रूप से अपनी

eodc.online वेबसाइट में ईओडीसी स्थिति को अपडेट करना चाहिए। समय पर सूचना साझा करने, ईओडीसी की स्थिति का समाधान करने और छोड़े गए शुल्क के आकार में शामिल सरकारी राजस्व की वसूली के लिए डीजीएफटी और सीमा शुल्क विभाग की क्षेत्रीय संरचनाओं के बीच, आवधिक बैठकें निरंतर तरीके से आयोजित की जा सकती हैं। डीजीएफटी/डीओआर द्वारा योजना के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए चूककर्ताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

15. आंतरिक लेखापरीक्षा, सुधार करने के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है और इसलिए आंतरिक नियंत्रण का एक प्रभावी उपकरण है। डीजीएफटी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आंतरिक लेखापरीक्षा में उचित रूप से स्टाफ दिया गया है और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में नियमित रूप से और प्रभावी ढंग से लेखापरीक्षा की जा रही है। इसके अलावा, विशेष लेखापरीक्षा की परिकल्पना विशेष रूप से उन मामलों के लिए की गई थी जिनमें एए स्व-संपुष्टि/घोषणा के तहत जारी किए जाते हैं और इसलिए गलत घोषणाएं करने वाले आवेदकों के लिए निवारक के रूप में कार्य करने के लिए कम से कम कुछेक मामलों में परीक्षण के तौर पर लेखापरीक्षा की जानी चाहिए थी।

16. डीजीएफटी, समय पर और प्रभावी तरीके से अधिनिर्णय प्रक्रिया के बेहतर नियमन को लागू करने के लिए एससीएन जारी करने और अधिनिर्णय के लिए समय-सीमा तय करने पर विचार कर सकता है।

17. डीजीएफटी को आरए द्वारा प्रस्तुत एमआईएस रिपोर्टों की निगरानी करने की आवश्यकता है और गलत/गैर-रिपोर्टिंग के दृष्टांतों को आरए के साथ उठाया जा सकता है। एमआईएस रिपोर्ट से मिली सूचना के आधार पर डीजीएफटी द्वारा कार्रवाई की जा सकती है।

शब्दों और संकेताक्षरों की शब्दावली

सकेंताक्षर	पूर्णरूप
एए	अग्रिम प्राधिकार
एएएस	अग्रिम प्राधिकार योजना
एएच	प्राधिकार धारक
एएनएफ	आयात निर्यात फॉर्म
एआरओ	अग्रिम विमोचन आदेश
बीसीडी	मूल सीमा शुल्क
बीजी	बैंक गारंटी
बीआरसी	बैंक उगाही प्रमाणपत्र
बीडब्ल्यूसी	बॉन्ड छूट प्रमाणपत्र
सीए	सनदी लेखाकार
सीबीआईसी	केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड
सीई	चार्टर्ड इंजीनियर
सेनवैट	केंद्रीय मूल्य वर्धित कर
सीआईएफ	लागत, बीमा और भाड़ा
सीएलए	मुख्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण
सीटीएच	सीमा शुल्क टैरिफ शीर्ष
डीईईसी	शुल्क हकदारी छूट प्रमाणपत्र
डीईल	अस्वीकृत ईकाई सूची
डीजीएफटी	महानिदेशक विदेश व्यापार
डीआईपीपी	औद्योगिक नीति और संवर्धन
डीएल	कमी पूरकपत्र
डीओसी	वाणिज्य विभाग
डीओआर	राजस्व विभाग
डीआरआई	राजस्व आसूचना निदेशालय
ई-बीआरसी	इलेक्ट्रॉनिक बैंक प्राप्ति प्रमाणपत्र
ईसीए	प्रवर्तन सह अधिनिर्णयन
ईडीआई	इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज
ईईपीसी	अभियांत्रिकी की निर्यात संवर्धन
ईओ	निर्यात दायित्व
ईओडीसी	निर्यात दायित्व निर्वहन प्रमाणपत्र
ईओपी	निर्यात दायित्व अवधि
ईओयू	निर्यातोन्मुख इकाइयां

सकेंताक्षर	पूर्णरूप
ईपी	निर्यात विकास
ईपीसी	निर्यात विकास परिषद
एक्जिम	निर्यात-आयात
फेमा	विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम
एफआईईओ	भारतीय निर्यात संगठन संघ
एफओबी	पोत पर्यत नि:शुल्क
एफओआर	फ्रेट ऑनरोड
एफटीडीआर	विदेश व्यापार विकास और विनियमन
एफटीपी	विदेश व्यापार नीति
जीएसटी	माल और सेवाकर
एचबीपी	क्रियाविधि पुस्तिका
आईईसी	आयातक निर्यातक कोड
आईजीएसटी	एकीकृत माल और सेवाकर
एलयूटी	शपथ पत्र
एमई	मर्चेंट एक्सपोर्टर
एमईएस/एम	मैसेज एक्सचेंज सिस्टम/ मॉड्यूल
एमएफपी	लघु वन उत्पाद
एमआईएस	प्रबंधन सूचना प्रणाली
एमओसीआई	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
एमओएफ	वित्त मंत्रालय
एमपीआर	मासिक प्रगति रजिस्टर
एमवीए	न्यूनतम मूल्य संवर्धन
एनसी	मानदंड समिति
पीएच	व्यक्तिगत सुनवाई
पीआईपी	तैनात व्यक्ति
पीएन	सार्वजनिक नोटिस
पीआरसी	नीति रियायत समिति
पीएसयू	सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम
आरए	क्षेत्रीय प्राधिकारी
आरसीएमसी	पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाणपत्र
आरएमएस	जोखिम प्रबंधन प्रणाली
एसएआर	नमूना विश्लेषण रिपोर्ट
एसबी	लदान बिल
एससीएन	कारण बताओ नोटिस
एससीओएमईटी	स्पेशल केमिकल्स, आर्गेनिज़म, मेटीरियल्स एंड टेकनोलाजीस

सकेंताक्षर	पूर्णरूप
एसईज़ेड	विशेष आर्थिक ज़ोन
एसआरएस	स्व-संपुष्टि योजना
एसआरटीईपीसी	सिंथेटिक एंड रेयान टैक्सटाईल्स एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल
एसएस	संस्वीकृत क्षमता
एसएसआई	लघु उद्योग
वीए	मूल्य वर्धन

अध्याय I
अग्रिम प्राधिकार योजना का विहंगवालोकन

1. प्रस्तावना

अग्रिम लाइसेंसिंग योजना, जिसे शुल्क हकदारी छूट प्रमाण पत्र (डीईईसी) के नाम से भी जाना जाता है, को वर्ष 1976 में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इस योजना का उद्देश्य मूल्य वर्धन की निर्दिष्ट प्रतिशतता के साथ विनिर्मित माल के निर्यात की शर्त के अधीन भारत में सीमा शुल्क के भुगतान के बिना अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों पर पंजीकृत निर्यातकों को उनकी मूल्य इनपुट/कच्ची सामग्री की आवश्यकता पूरी करना है। बाद में एफटीपी 2004-09 के तहत 1 सितम्बर 2004 से प्रभावी इस योजना का नाम बदलकर अग्रिम प्राधिकार योजना (एएएस) कर दिया गया।

अग्रिम प्राधिकार (एए) उन इनपुट के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देने के लिए जारी किया जाता है, जिन्हें निर्यात उत्पाद में भौतिक रूप से शामिल किया जाता है, जिसमें सामान्य अपव्यय की अनुमति मिलती है। इसके अतिरिक्त, निर्यात उत्पाद के उत्पादन की प्रक्रिया में खपत/उपयोग किए जाने वाले ईंधन, तेल और उत्प्रेरक को भी शुल्क मुक्त करने की अनुमति है। एए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा निर्धारित मानक इनपुट आउटपुट मानदंड (एसआईओएन) के आधार पर और एफटीपी की मानदंड समितियों (एनसी)/ स्वंय संपुष्टि योजना द्वारा अनुमोदन के अनुमोदन के अधीन तदर्थ स्वघोषित मानदंडों के आधार पर भी जारी किए जाते हैं।

1.1 योजना के कार्यान्वयन में शामिल प्राधिकारी

यह योजना डीजीएफटी द्वारा क्रियान्यवित की जाती है जबकि आयातित इनपुट पर सीमा शुल्क के उद्ग्रहण से छूट केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), वित मंत्रालय (एमओएफ) के अधीन डीओआर द्वारा अनुमत की जाती है।

लाइसेंस के लिए आवेदन डीजीएफटी के अधीन क्षेत्राधिकारिक आरए को प्रस्तुत की जानी होती है, जैसा कि क्रियाविधि की पुस्तिका (एचबीपी) में निर्दिष्ट किया गया है। आरए आवेदन में दी गयी सूचना का सत्यापन करता है और लाइसेंस जारी करता है, जिसे फिर लाइसेंस के अन्तर्गत माल के आयात और निर्यात को

अनुमत करने के लिए निर्दिष्ट सीमा शुल्क पत्तन के साथ पंजीकृत किया जाता है। पंजीकरण सीमा शुल्क विभाग के पास बांड, और यदि आवश्यक हो तो बैंक गारंटी (बीजी)[1] के कार्यान्वयन के अधीन होता है। निर्यात दायित्वों (ईओ) के निर्वहन पर, प्राधिकार धारक (एएच) आरए को मोचन का एक आवेदन करता है, जो एएच को एक निर्यात दायित्व प्रमाणपत्र (ईओडीसी) जारी करता है और यदि कोई बांड और बीजी हो, के मोचन के लिए सीमा शुल्क विभाग को उसकी एक प्रति भेजता है।

1.2 एए के लिए मानदंड

एफटीपी के पैरा 4.03 के अनुसार, एए निम्नलिखित के आधार पर परिणामी उत्पाद के संबंध में इनपुट के लिए जारी किए जाते हैं:

(क) एचबीपी में अधिसूचित एसआईओएन;

(ख) स्व-घोषणा, जहां एसआईओएन अधिसूचित नहीं है;

(ग) आवेदक विशिष्ट मानदंडों का पूर्व निर्धारण;

(घ) स्व-संपुष्टि योजना।

एसआईओएन विभिन्न परिणामी उत्पादों के निर्माण में आवश्यक विभिन्न इनपुटों के अनुपात को निर्धारित करता है। यदि मानदंडों को अधिसूचित नहीं किया गया है, तो आरए आवेदकों द्वारा स्व-घोषणा के आधार पर एए जारी कर सकता है। इस तरह दावा किए गए अपशिष्ट, एनसी द्वारा तय किए गए अपशिष्ट मानदंडों के अधीन होगें। आवेदक-विशिष्ट मानदंडों का पूर्व निर्धारण पीएन 26 के माध्यम से 20 सितंबर 2017 से शुरू किया गया था और स्व-संपुष्टि योजना (एसआरएस) 22 मार्च 2018 से पीएन 68 के तहत लागू की गई थी।

[1] सीमा शुल्क परिपत्र 58/2004 दिनांक 21-10-2004 के अनुसार सीमाशुल्क पत्तनों पर एए के पंजीकरण के समय सीमा-शुल्क विभाग द्वारा बैंक गारंटी ली जाती है जिसे समय-समय पर संशोधित किया जाता है। बीजी को एए योजना के तहत निर्यातकों की कुछ श्रेणियों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), स्टार हाउस निर्यातक, निर्यातक मौजूदा या पिछले वित्त वर्ष में 5 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कारोबार करने वाले और अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड वाले, विनिर्माता निर्यातकों ने पिछले दो वित्तीय वर्षों में केंद्रीय उत्पाद शुल्क निर्यात के साथ एक करोड़ से अधिक का निर्यात कारोबार किया हो और विनिर्माता निर्यातकों ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में पंजीकरण किया हो और पिछले वित्त वर्ष के दौरान एक करोड़ से अधिक के उत्पाद शुल्क (पूर्व माल एवं सेवा कर (जीएसटी) युग) या जीएसटी से अधिक का जीएसटी भुगतान किया हो। अन्य सभी विनिर्माता निर्यातकों को 15 प्रतिशत बीजी और बाकी सभी को 100 प्रतिशत बीजी प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

1.3 योजना की मुख्य विशेषताएं

पंजीकृत निर्यातकों को एए के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा और निर्धारित दस्तावेजों को अपलोड करना होगा। आरए एए जारी करता है और उस प्राधिकार के अन्तर्गत माल के आयात और निर्यात के लिए बंदरगाह पर पंजीकरण के लिए संदेश विनिमय प्रणाली (एमईएस) के तहत सीमा शुल्क बंदरगाह को इसकी सूचना देता है। एसआईओएन के अनुसार प्राधिकार में निर्दिष्ट मात्रा में इनपुट सीमा शुल्क से मुक्त हैं। वैकल्पिक रूप से, आयात के लिए लाइसेंस अमान्य करके बिना शुल्क के घरेलू स्तर पर भी इनपुट की खरीद की जा सकती है।

सीमा शुल्क परिपत्र 58/2004 दिनांक 21-10-2004 के अनुसार सीमा शुल्क पत्तनों पर एए के पंजीकरण के समय सीमा शुल्क विभाग द्वारा बीजी ली जाती है जिसे समय-समय पर संशोधित किया जाता है। असाधारण मामलों में, एचबीपी के पैरा 4.13 में सीमा शुल्क में छूट प्रदान करने के लिए सीमा शुल्क प्राधिकारी को 100 प्रतिशत बीजी को प्रस्तुत करने के अधीन पैरा 4.12 (ए) में उल्लिखित लागत, बीमा और माल ढुलाई (सीआईएफ) की हकदारी से अधिक का प्रावधान है। आरए प्राधिकार में इस आशय का विशिष्ट अंकन करेगा। इसी प्रकार, एचबीपी के 2.29 (बी) के अनुसार, आरए इनपुट के घरेलू स्रोत के मामले में एएच से भी बीजी के लिए आग्रह कर सकता है।

लाइसेंस 18 महीने की अवधि के भीतर 15 प्रतिशत के न्यूनतम मूल्य वर्धन (एमवीए) के साथ ईओ प्राप्त करने की शर्त पर जारी किए जाते हैं (परिशिष्ट 4जे इनपुट के अलावा)। निर्धारित शर्तों के अधीन प्रत्येक छह महीने के लिए समय-सीमा को दो बार और बढ़ाया जा सकता है। मात्रा के संदर्भ में ईओ की पूर्ति न करने के लिए छोड़े गए सीमा शुल्क व साथ ही निर्यात मात्रा को पूरा नहीं करने के लिए आनुपातिक रूप से आवश्यक इनपुट पर ब्याज का भुगतान करके प्राधिकार के नियमितीकरण की आवश्यकता होती है। मूल्य के संदर्भ में विफलता के लिए मूल्य में कमी के एक प्रतिशत के बराबर दंड का भुगतान करके नियमितीकरण की आवश्यकता होती है।

ईओ की पूर्ति पर, निर्यातक निर्यात आय के इलेक्ट्रॉनिक बैंक प्राप्ति प्रमाण पत्र (ई-बीआरसी) और शिपिंग बिलों (एसबी) को प्रस्तुत करके आरए में ईओडीसी के

लिए आवेदन करता है। जब ईओडीसी जारी किया जाता है, तो इसे एमईएस के माध्यम से बॉन्ड और बीजी पत्तनों पर निष्पादित, यदि कोई हो, के मोचन के लिए सीमा शुल्क प्राधिकारियों को भी सूचित किया जाता है।

एचबीपी के पैरा 4.44 (एफ) के अनुसार, यदि एएच ईओ को पूरा करने में विफल रहता है या प्रासंगिक जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो आरए प्राधिकार और शपथ-पत्र की शर्त लागू करेगा और चूककर्ता निर्यातक को अगले प्राधिकार से इनकार करके नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई भी शुरू करेगा। एए योजना में एए जारी करने से लेकर ईओडीसी तक की प्रक्रिया को निम्नलिखित प्रवाह चार्ट में दर्शाया गया है:

चित्र 1: एए योजना में प्रक्रियाओं के प्रवाह का सारांश



इसमें शामिल प्राधिकारियों के साथ-साथ एएएस में शामिल प्रक्रियाओं को नीचे चित्र 2 में सक्षिप्त विवरण दिया गया है:

चित्र 2: एए योजना में शामिल प्रक्रिया

आर को आवेदन

- **क्षेत्राधिकार वाले आरए कार्यालय में डिजिटल हस्ताक्षर के साथ फॉर्म (एएनएफ 4ए) में ऑनलाइन आवेदन।**
- आवेदक या तो पंजीकृत कार्यालय या प्रधान कार्यालय/शाखा कार्यालय कार्यालय/विनिर्माण इकाई हो सकता है।
- **आवेदन को ऑनलाइन फाइल करने के समय एएनएफ 4ए, परिशिष्ट-4ई में निर्धारित दस्तावेजों को अपलोड करना।**

आरए द्वारा एए का सत्यापन और जारी करना

- दस्तावेजों के सत्यापन और एलयूटी/बीजी के निष्पादन के बाद एए जारी करना।
- निर्यातक निर्धारित फीस का भुगतान करने के बाद एए में संशोधन और आयात/निर्यात अवधि में विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- संयुक्त डीजीएफटी कार्यालयों/आरए को ईओ की निगरानी के लिए एए जारी करने के रिकॉर्ड बनाए रखने की आवश्यकता है।
- एए जारी करने के लिए निर्धारित समयावधि तीन दिन है।
- आरए एए पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी), बहिष्करण सूची, अपात्र श्रेणियों/निर्यातकों) के संबंध में शर्तों को सत्यापित करने और एफटीपी/एचबीपी में निर्धारित प्रतिबंधों और शर्तों के संदर्भ में आवेदन की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए।

सीमा शुल्क पर पंजीकरण

- निर्यातक को विशिष्ट सीमा शुल्क पत्तन पर एए पंजीकृत करना होता है। बांड/बीजी, जहां भी आवश्यक हो, सीमा शुल्क पोर्ट के साथ निष्पादित किया जाना है।
- शुल्क मुक्त आयात/निर्यात तब निर्यातक द्वारा प्राधिकरण के आधार पर प्रभावित होते हैं और प्रत्येक निर्यात/आयात को प्राधिकरण पर सीमा शुल्क प्राधिकरण द्वारा दर्ज किया जाता है।
- पत्तन के पंजीकरण द्वारा जारी सलाह की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद अन्य बंदरगाहों के माध्यम से आयात/निर्यात भी प्रभावित किया जा सकता है।
- शुल्क मुक्त आयात करने के लिए निर्धारित समय सीमा 12 महीने है और निर्यात के लिए यह एए जारी होने की तिथि से 18 महीने है।
- सीमा शुल्क की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि आरए द्वारा जारी लाइसेंस की शर्तों के अनुसार आयात और निर्यात प्रभावित होते हैं।

आरए द्वारा ईओडीसी प्रमाणपत्र

- आरए कार्यालय को फॉर्म (एएनएफ 4एफ) में ईओडीसी का आवेदन।
- दिसंबर 2020 तक, निर्धारित दस्तावेज मैनुअल फार्म रूप में जमा किए गए थे।
- ईओ की पूर्ति के समर्थन में निर्धारित दस्तावेजों को अपलोड करना।
- आरए कार्यालय निर्यातक द्वारा जमा किए गए ईओडीसी दस्तावेजों का सत्यापन करते हैं।
- ईओडीसी तब आरए कार्यालयों द्वारा सीमा शुल्क पत्तन को प्रतिलिपि के साथ जारी किया जाता है।
- आरए/सीमा शुल्क द्वारा ईओ को पूरा करने में विफलता के मामले में सीमा शुल्क की मांग करने की कार्रवाई।
- ईओडीसी के लिए आवेदन करने की समय सीमा ईओ अवधि की समाप्ति से दो महीने के भीतर है और आरए 15 दिनों के भीतर ईओडीसी जारी करने के लिए है।

1.4 सांख्यिकीय विहंगवालोकन

2015-16 से 2018-19 तक निष्पादन लेखापरीक्षा में शामिल की गई अवधि के लिए एए योजना का विश्लेषण, एए की संख्या और आयातक निर्यातक कोड (आईईसी) धारकों की संख्या के अनुसार, योजना के तहत कुल आयात और निर्यात की अनुमति के रूप में किया गया था, जैसा कि नीचे वर्णित है:

चित्र 3: जारी प्राधिकारों और एए योजना के तहत स्वीकृत निर्यात/आयात मूल्य

चित्र 3.1: आईईसी धारकों की संख्या की तुलना में जारी किए गए प्राधिकार



चित्र 3.2: प्राधिकारों का सीआईएफ और एफओबी मूल्य



निर्यात का एफओबी मूल्य 2015-16 में 25 प्रतिशत बढ़कर ₹3,03,539 करोड़ से 2018-19 में ₹3,78,808 हो गया। इसी तरह, आयातों के एए और एएच और सीआईएफ मूल्य की संख्या में भी क्रमशः 11 प्रतिशत, 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सीमा शुल्क पत्तनों पर एए के वास्तविक उपयोग का सीमा शुल्क ईडीआई (इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज) डेटा से विश्लेषण किया गया था जैसा कि नीचे चित्र 4 में विवरण दिया गया है:

चित्र 4: एए योजना के तहत जारी किए गए प्राधिकारों का उपयोग



जैसा कि ऊपर देखा जा सकता है, एए के उपयोग का प्रतिशत 2015-16 में 68.22 प्रतिशत से घटकर 2018-19 में 58.56 प्रतिशत हो गया और तदानुसार शुल्क छूट 2015-16 में 29.49 प्रतिशत से घटकर 2018-19 में 26.81 प्रतिशत हो गया।

1.4.1 एए योजना के तहत निर्यात का हिस्सा

मूल्य के संदर्भ में कुल भौतिक निर्यात के लिए एए योजना के तहत निर्यात की हिस्सेदारी 2015-16 में 9.75 प्रतिशत थी, जो 2018-19 में बढ़कर 10.77 प्रतिशत हो गई, जैसा कि नीचे वर्णित है:

चित्र 5: अखिल भारतीय निर्यात प्रतिशत के रूप में एएएस के तहत निर्यात



	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
एएएस के तहत आयात (₹ करोड़ में)	167350	186716	224783	248430
अखिल भारतीय आयात (₹ करोड़ में)	1716384	1849434	1956514	2307726
अखिल भारतीय आयात के प्रतिशत के रूप में एए के तहत आयात	9.75	10.1	11.49	10.77

एए योजना के माध्यम से किए गए निर्यात के एक करोड़ रुपये प्राप्त करने के लिए शुल्क परित्यक्त किया गया, जो 2015-16 में ₹21 लाख रुपये से 2018-19 में ₹13 लाख रुपये तक परिवर्तित हुआ, जिसका विवरण नीचे दिया गया हैं:

तालिका 1: एफओबी मूल्य की तुलना में शुल्क परित्यक्त

वर्ष	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
शुल्क परित्यक्त (₹ करोड में)	34828.72	39982.55	25793.52	32187.01
एफओबी (₹ करोड में)	167349.93	186715.94	224782.57	248430.08
शुल्क परित्यक्त / एफओबी का एक करोड़ (₹ करोड़ में)	0.21	0.21	0.11	0.13

1.4.2 प्राधिकारों का क्षेत्रीय वितरण:

2015-16 से 2018-19 की अवधि के लिए विभिन्न क्षेत्रों के तहत एए (आयात की संख्या और सीआईएफ मूल्य) का विवरण नीचे दिया गया है:

तालिका 2: एए का क्षेत्रीय वितरण

	2015-16		2016-17		2017-18		2018-19		प्रतिशत परिवर्तन	
क्षेत्र	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	संख्यांए	मूल्य
रासायनिक	9589	57064.29	9849	57822.56	9259	65196.81	9309	77052.82	-2.92	35.03
इलेक्ट्रॉनिक्स	185	777.09	187	984.26	126	856.74	143	1830.41	-22.70	135.55
इंजीनियरिंग	4293	48835.99	4333	60869.03	4157	57697.25	4299	64687.82	0.14	32.46
मछली	23	147.01	19	108.35	14	127.1	19	170.96	-17.39	16.29
खाद्य पदार्थ	582	6154.85	1400	14067.76	841	9626.42	814	8546.5	39.86	38.86
रत्न और आभूषण	77	40707.9	63	44000.78	51	21840.52	94	18700.32	22.08	-54.06
हस्तशिल्प	31	47.36	34	21.82	31	20.28	47	31.52	51.61	-33.45
चमड़ा	55	153.65	86	270.41	105	290.96	84	388.11	52.73	152.59
प्लास्टिक	3749	15072.71	4039	17737.89	4120	18347.46	4471	26258.11	19.26	74.21

क्षेत्र	2015-16		2016-17		2017-18		2018-19		प्रतिशत परिवर्तन	
	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	एए की संख्या	सीआईएफ मूल्य (₹ करोड़ में)	संख्याएं	मूल्य
खेल-कूद	0	0	0	0	0	0	2	2.56	200.0	256.00
वस्त्र	1917	3549.16	2393	3791.51	2529	4426.05	3225	5597.36	68.23	57.71
विविध	256	617.87	451	1035.32	272	1139.26	535	1793.81	108.98	190.32
कुल	**20757**	**173127.9**	**22853**	**200709.7**	**21505**	**179568.9**	**23042**	**205060.3**	**11.01**	**18.44**

सीआईएफ मूल्य के संदर्भ में एए के 2015-16 से 2018-19 तक के क्षेत्रीय विश्लेषण में रत्न और आभूषण और हस्तशिल्प के संबंध में गिरावट की प्रवृत्ति और इलेक्ट्रॉनिक्स, वस्त्र, रसायन, चमड़ा आदि में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2018-19 तक, एए के सीआईएफ मूल्य के संदर्भ में रसायन, इंजीनियरिंग और प्लास्टिक क्षेत्रों का हिस्सा लगभग 82 प्रतिशत था। कुल मिलाकर, सीआईएफ मूल्य के संदर्भ में लगभग 18.44 प्रतिशत और वित्त वर्ष 16 से वित्त वर्ष 19 तक जारी किए गए एए की संख्या के संदर्भ में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रमुख क्षेत्रों के तहत एए में निर्धारित किए गए एफओबी के विवरणों की तुलना कुल भौतिक निर्यात से की गई, जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

तालिका 3: क्षेत्र में किए गए कुल भौतिक निर्यात की तुलना में एए में निर्धारित एफओबी

क्षेत्र	2015-16			2016-17			2017-18			2018-19			% प्रतिशत परिवर्तन	
	एए (क) में निर्धारित एफओबी	कुल भौतिक निर्यात का मूल्य (ख)	(क) से (ख) का % प्रतिशत	एए (क) में निर्धारित एफओबी	कुल भौतिक निर्यात का मूल्य (ख)	(क) से (ख) का % प्रतिशत	एफओबी एए में निर्धारित (क)	कुल भौतिक निर्यात का मूल्य (ख)	(क) से (ख) का % प्रतिशत	एफओबी एए में निर्धारित (क)	कुल भौतिक निर्यात का मूल्य (ख)	(क) से (ख) का % प्रतिशत	ईओ निर्धारित	कुल निर्यात
	(₹ करोड़ में)	(₹ करोड़ में)		(₹ करोड़ में)	(₹ करोड़ में)		(₹ करोड़ में)	(₹ करोड़ में)		(₹ करोड़ में)	(₹ करोड़ में)			
रासायनिक	159008	210542	**75.52**	139760	219810	**63.58**	154302	242114	**63.73**	206517	306131	**67.46**	29.88	45.40
इलेक्ट्रॉनिक्स	1312	37453	**3.50**	1566	38144	**4.11**	1275	39148	**3.26**	2516	58858	**4.27**	91.77	57.15
इंजीनियरिंग	67847	391359	**17.34**	78595	435769	**18.04**	78705	490244	**16.05**	92161	564688	**16.32**	35.84	44.29
खाद्य पदार्थ	8612	212459	**4.05**	17140	223207	**7.68**	12130	247708	**4.90**	10743	270618	**3.97**	24.74	27.37
रत्न और गहने	41334	257421	**16.06**	44672	290903	**15.36**	22206	267833	**8.29**	19173	281408	**6.81**	-53.61	9.32
प्लास्टिक	19077	42029	**45.39**	22725	43173	**52.64**	23449	48814	**48.04**	35365	66059	**53.54**	85.38	57.17
वस्त्र	4900	243030	**2.02**	5681	249575	**2.28**	6976	240949	**2.90**	8990	267108	**3.37**	83.47	9.91
विविध	1449	322091	**0.45**	2024	348853	**0.58**	1870	379704	**0.49**	3342	492856	**0.68**	130.64	53.02
कुल	**303539**	**1716384**	**17.68**	**312163**	**1849434**	**16.88**	**300913**	**1956514**	**15.38**	**378807**	**2307726**	**16.41**	**24.80**	**34.45**

यह देखा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स (92 प्रतिशत), प्लास्टिक (85 प्रतिशत) और वस्त्र (83 प्रतिशत) में एए (निर्धारित ईओ के संदर्भ में) की वृद्धि में बढ़ोतरी हुई, जबकि रत्न और आभूषण (54 प्रतिशत) के मामले में इसमें तेजी से गिरावट आई, जो ₹41,334 करोड़ (वित्त वर्ष 16) से ₹19,173 करोड़ (वित्त वर्ष 19) हो गई। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 16 से वित्त वर्ष 19 तक एए में निर्धारित एफओबी मूल्य के मामले में लगभग 24.80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

क्षेत्र के तहत प्रभावित कुल भौतिक निर्यात की तुलना में एए के लिए निर्धारित एफओबी मूल्यों से निम्नलिखित का पता चला:

चित्र 6: क्षेत्र में किए गए कुल भौतिक निर्यात के प्रतिशत के रूप में एए के लिए निर्धारित एफओबी मूल्य



वर्ष के दौरान प्रभावित कुल भौतिक निर्यातों की तुलना में एए में निर्धारित एफओबी मूल्य के विश्लेषण से पता चला है कि दो क्षेत्रों, रसायन और प्लास्टिक, में एए के लिए इंजीनियरिंग एफओबी मूल्य के बाद 2018-19 के रूप में कुल भौतिक निर्यात का 50 प्रतिशत से अधिक था। इन तीन क्षेत्रों में, एए योजना कुल क्षेत्रीय निर्यात का एक महत्वपूर्ण संचालक थी।

इलेक्ट्रॉनिक्स और प्लास्टिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वृद्धि के संभावित कारणों[2] को समर्पित निर्यात संवर्धन परिषदों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जो निर्यात में तेजी लाने के लिए अपने सदस्यों को (वाणिज्य की दृष्टि से उपयोगी जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए वैश्विक व्यापार शो/प्रदर्शनी और सम्मेलनों की

[2] एमओसीआईआई वार्षिक रिपोर्ट 2019-20

सुविधा, वाणिज्यिक रूप से उपयोगी जानकारी और सहायता प्रदान करते हैं) सेवाओं की एक सरणी प्रदान करते हैं। इसके अलावा, इन उद्योगों में आने वाले अधिकांश उत्पादों के लिए एसआईओएन मानदंड पहले से ही निर्धारित हैं और एएच के पास निर्यात को प्रभावित करने के बाद भी शुल्क मुक्त आयात करने का विकल्प है।

वैश्विक आर्थिक मंदी[3] के कारण रत्न और आभूषण क्षेत्र को काफी नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा, विशेष रूप से इस क्षेत्र के लिए अन्य एफटीपी योजनाओं की उपस्थिति, एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (आईजीएसटी) का उदग्रहण, स्वर्ण पदकों और सिक्कों के निर्यात के लिए बहुमूल्य धातुओं के आयात के लिए एए योजना को बंद करना आदि, एए योजना में रत्न और आभूषण क्षेत्र की हिस्सेदारी में कमी के अन्य संभावित कारण थे।

मंत्रालय ने अक्टूबर 2017 से इस क्षेत्र के विकास को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर व्यापार को पुनर्जीवित करने के लिए जीएसटी छूट पुन: स्थापित करके, आईजीएसटी छूट प्राप्त करने के लिए पूर्व आयात शर्तों को हटाने, अनुमानित आपूर्ति के लिए एकीकृत कर और मुआवजा उपकर की छूट का विस्तार करने और नामित एजेंसी से निर्यातकों द्वारा मंगाए गए सोने पर 3 प्रतिशत आईजीएसटी को जनवरी 2019 से अवरुद्ध पूंजी को मुक्त करके रत्न और आभूषण क्षेत्र की मदद करने के लिए विभिन्न पहल की है।

कुल मिलाकर, नए एफटीपी 2015-20 में, योजना के क्रियान्यवयन में डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से कई सुविधा उपायों को सक्षम बनाया है जिसमें आवेदन के दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंट/इंजीनियरों से सभी जानकारी और प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करना शामिल है। लाइसेंस के मोचन के लिए अब एसबी[4] की निर्यात प्रोत्साहन (ईपी) कॉपी के बजाय शिपिंग बिल की कोई भी कॉपी प्रस्तुत की जा सकती है और ई-बीआरसी अटैच करने की भी आवश्यकता नहीं है। डीजीएफटी ने पहले आवेदक को या समान उत्पादों के लिए अन्य आवेदकों[5] को जारी प्राधिकारों के आधार पर आरए स्तर पर तदर्थ मानदंडों पर जारी प्राधिकारों

[3] एमओसीआई वार्षिक रिपोर्ट 2019-20

[4] डीजीएफटी का पीएन 9/2015-20 दिनांक 9.7.2018

[5] डीजीएफटी के पीएन नं.64/2015-20 दिनांक 27.12.2018

का संपुष्टि करने में भी सक्षम बनाया। मोचन आवेदन की स्थिति सार्वजनिक पोर्टल 'eodc.online'[6] से जानी जा सकता है।

डीजीएफटी ने मई 2019 में एए जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ निर्धारित दस्तावेजों की अनिवार्य ऑनलाइन फाइलिंग लागू की और बाद में 1 दिसंबर 2020 से प्रभावी एक नई आईटी प्रणाली लागू की है जिसमें सभी निर्धारित दस्तावेजों (मोचन सहित) को ऑनलाइन अपलोड किया जाना आवश्यक है, जहां कमियों और उनकी प्रतिक्रियाओं को ऑनलाइन निपटाया जाएगा और ईओडीसी को अंतिम रूप देने और एए योजना को कागज रहित बनाने की बेहतर निगरानी के लिए डेटा को सीमा शुल्क विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। लेखापरीक्षा के दौरान शामिल की गई अवधि 2015-16 से 2018-19 तक थी; इसलिए, मई 2019 और दिसंबर 2020 से प्रभावी इन विशेषताओं के कार्यान्वयन की समीक्षा आगामी लेखापरीक्षा में की जाएगी।

1.5 लेखापरीक्षा उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा के उद्देश्यों का आकलन करना था:

i) क्या डीजीएफटी कार्यालयों द्वारा प्राधिकारों को जारी करने, उपयोग और मोचन को कुशल और प्रभावी तरीके से किया जा रहा है;

ii) क्या सीमा शुल्क विभाग द्वारा एए का कार्यान्वयन कुशल और प्रभावी तरीके से किया जा रहा है;

iii) क्या योजना के प्रशासन में शामिल अंतर-विभागीय समन्वय तंत्र प्रभावी है;

iv) क्या आंतरिक नियंत्रण उपाय राजस्व हानि, दुरुपयोग आदि के जोखिमों को कम करने के लिए पर्याप्त हैं।

1.6 लेखापरीक्षा क्षेत्र

निष्पादन लेखापरीक्षा में चार वर्ष की अवधि 2015-16 से 2018-19 तक के रिकॉर्ड और लेनदेन शामिल थे। लेखापरीक्षा में डीजीएफटी, इसके आरए और सीमा शुल्क विभाग की क्षेत्रीय संरचनाओं को शामिल किया गया था जहां एए पंजीकृत थे।

---

[6] डीजीएफटी का व्यापार नोटिस 1/2018-19 दिनांक 4.4.2018

1.7 लेखापरीक्षा कवरेज

पूरे भारत में कुल 38 आरए हैं जिनमें निष्पादन लेखापरीक्षा के तहत शामिल की गई अवधि 2015-16 से 2018-19 के दौरान ₹7,58,141 करोड़ के आयात के लिए सीआईएफ मूल्य वाले 88,157 एए जारी किए गए थे। लेखापरीक्षा ने 23 प्रमुख आरए (60.52 प्रतिशत) से ₹2,08,126 करोड़ (29.56 प्रतिशत) के सीआईएफ मूल्य वाली 4,048 एए फाइलों (4.96 प्रतिशत) के नमूने का चयन किया, जो कुल 38 आरए के 92.64 प्रतिशत संख्यावार (81,674 लाइसेंस) और 92.86 प्रतिशत मूल्यवार (₹7,04,008 करोड़ के सीआईएफ मूल्य) के बराबर है **(परिशिष्ट 1)**। लेखापरीक्षा ने क्षेत्राधिकारिक सीमा शुल्क क्षेत्रीय कार्यालयों का भी चयन किया जहां शुल्क मुक्त आयातों और निर्यातों को प्रभावित करने के लिए चयनित नमूना मामले पंजीकृत थे।

4,048 चयनित मामलों में से, सात आरए (मुख्य रूप से मुंबई, अहमदाबाद और दिल्ली) से संबंधित ₹9,906.73 करोड़ के सीआईएफ मूल्य वाली 405 एए फाइलें थी जिन्हें आरए को बार-बार अनुरोध करने/अनुस्मारक भेजने के बावजूद लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया गया था **(परिशिष्ट 1)**।

1.8 लेखापरीक्षा मापदंड

लेखापरीक्षा ने निष्कर्षों को बेंचमार्क करने के लिए लागू अधिनियमों, मैन्युअल, नियमावली, सरकारी अधिसूचनाओं को मापदंड के रूप में प्रासंगिक प्रावधानों का उपयोग किया। महत्वपूर्ण प्रावधान नीचे सूचीबद्ध हैं:

- एफटीपी 2015-20;
- एचबीपी और इसके परिशिष्ट;
- डीजीएफटी द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस (पीएन)/परिपत्र आदि;
- विदेशी व्यापार (विकास और विनियमन) (एफटीडीआर) अधिनियम, 1992;
- सीमा शुल्क अधिनियम, 1962;
- सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975;
- अग्रिम प्राधिकार योजना पर सीमा शुल्क अधिसूचनाएं और परिपत्र**;**
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा),1999;

- विदेशी मुद्रा का संरक्षण, तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974।

1.9 लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली

निष्पादन लेखापरीक्षा भारत के सीएजी के निष्पादन लेखापरीक्षा दिशानिर्देशों का उपयोग करके और सीएजी के डीपीसी अधिनियम, 1971 के अनुरूप की गई थी।

लेखापरीक्षा नवंबर 2019 से मार्च 2020 की अवधि के दौरान की गई। डीजीएफटी ने अक्टूबर 2018 तक के आंकड़ों के डंप डेटा को 18 दिसंबर 2018 को और नवंबर 2018 से मार्च 2019 तक की अवधि के आंकड़ों के डंप डेटा को 3 जनवरी 2020 को, दो किश्तों में प्रदान किया। लेखापरीक्षा जांच में डीजीएफटी डेटा का विश्लेषण और जारी किए गए प्राधिकारों की नमूना जांच तथा डीजीएफटी के चयनित आरए कार्यालयों में एएच द्वारा ईओ की पूर्ति और चयनित सीमा शुल्क पत्तनों में प्राधिकारों के उपयोग की नमूना जांच शामिल थी। योजना के क्रियान्यवयन में डीजीएफटी और सीमा शुल्क विभाग के बीच समन्वय का भी विश्लेषण किया गया था।

निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए इंट्री/एक्जिट सम्मेलन क्रमशः 18 दिसंबर 2019 और 19 जनवरी 2021 को डीओसी/डीओआर के सदस्यों के साथ आयोजित किया गया था। पहला मसौदा 6 अक्टूबर 2020 को एमओसीआई/डीओआर को भेजा गया था, जिसका उत्तर 9 दिसंबर 2020 (डीजीएफटी) और 16 दिसंबर 2020 (डीओआर) को प्राप्त हुआ था। दूसरा मसौदा 9 जनवरी 2021 को जारी किया गया था, जिसका उत्तर 1 फरवरी 2021 (डीजीएफटी) और 12 फरवरी 2021 (डीओआर) को प्राप्त हुआ था।

1.10 अभिस्वीकृति

6		मुंबई	1	0.09	90 दिनों की अपेक्षित ईओपी के बजाय 12 माह की ईओ अवधि के साथ एए जारी किया गया था।
7	कीमती धातुएं	मुंबई	2	10.76	एएच के अनुरोध के आधार पर आरए ने शर्तों को हटाया (जून 2018)। संशोधित प्रावधान पूर्वव्यापी स्वरूप के नहीं हैं और मई 2018 से पहले जारी किए गए एए के लिए ईओपी/पूर्व आयात शर्त को हटाना सही नहीं था।
8	फार्मास्यूटिकल उत्पाद	हैदराबाद	1	0.12	पूर्व आयात शर्त पूरी नहीं की गई, जिसके परिणामस्वरूप अधिक शुल्क मुक्त आयात हुआ।
कुल			**50**	**21.77**	

डीजीएफटी ने स्टेनलेस स्टील के संबंध में कहा था (फरवरी 2021) कि इस मामले की जांच की जा रही है और सीमा शुल्क प्राधिकारियों को उनके द्वारा निष्पादित बांड को जारी करते समय सत्यापित किया जाए। आरए कोलकाता के संबंध में टिप्पणी किए गए प्राकृतिक रबड़ के लिए यह कहा गया था कि एए एल्यूमीनियम के लिए जारी किया गया था और न कि प्राकृतिक रबर के लिए; आरए मुंबई के लिए, पूर्व-आयात शर्त का विशेष रूप से अंकन नहीं किया गया था और आरए हैदराबाद के लिए, उत्तर अभी प्रतीक्षित है। आरए कोच्चि के संबंध में टिप्पणी किए गए मसालों के मामले में फर्मों के विरुद्ध मांग नोटिस जारी किए गए हैं और आरए मुंबई के लिए यह कहा गया था कि ईओ को आयात की मंजूरी से 90 दिनों के भीतर पूरा किया, इसलिए ईओडीसी को सही ढंग से प्रदान किया गया था। आरए हैदराबाद के संबंध में टिप्पणी किए गए फार्मास्यूटिकल्स उत्पादों के लिए यह कहा गया था कि मामले की जांच की जा रही है।

डीजीएफटी का जवाब तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। आरए कोलकाता में प्राकृतिक रबड़ के लिए एए प्राकृतिक रबड़ के आयात के लिए जारी किए गए थे और आरए मुंबई में, एए में संशोधन शीट संख्या 1 (21 अगस्त 2015) के द्वारा पूर्व आयात शर्त का बाद में अंकन किया गया था। इसी प्रकार, आरए

मुंबई में मसालों के संबंध में डीजीएफटी का उत्तर कि ईओ को 90 दिनों के भीतर पूरा किया गया था, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है क्योंकि आयात फरवरी/मार्च 2018 में किया गया था और निर्यात अगस्त 2018 में प्रभावित हुआ था।

3.2.1.4 ईओपी का अनुचित विस्तार

एचबीपी के पैरा 4.4.2 (ई) के साथ पठित पैरा 4.42 (एफ) में बताया गया है कि आरए द्वारा ईओ में कमी के 0.5 प्रतिशत की संयोजन फीस के भुगतान के अधीन ईओपी की समाप्ति की तारीख से छह माह तक ईओ अवधि के एक विस्तार के लिए एएच के अनुरोध पर विचार किया जा सकता है। एएच को आरए को एक स्व-घोषणा यह कहते हुए प्रस्तुत करनी होगी कि अप्रयुक्त आयातित/घरेलू रूप से अधिप्राप्त इनपुट आवेदक के पास उपलब्ध हैं। एचबीपी के पैरा 4.42 (सी) में आरए द्वारा दूसरा विस्तार निर्धारित किया गया है, बशर्ते एएच ने यथानुपात आधार पर मात्रा के साथ-साथ मूल्य में न्यूनतम 50 प्रतिशत निर्यात दायित्व को पूरा किया हो।

ईओपी के विस्तार पर अनियमितताएं निम्नलिखित चार आरए में देखी गईं:

(i) आरए अहमदाबाद ने मैसर्स एजी लिमिटेड को दूसरा विस्तार प्रदान किया, भले ही फर्म ने अपने ईओ का केवल 17 प्रतिशत पूरा किया था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.07 करोड़ के शुल्क के परिणामी कम उद्ग्रहण के साथ विस्तार अनियमित रूप से प्रदान किया गया था।

(ii) आरए बेंगलुरु ने मैसर्स एएच लिमिटेड को एए जारी किया (जून 2017), जिसके लिए ईओ की अवधि दिसंबर 2018 में समाप्त हो गई। फर्म ने मई 2019 में विस्तार के लिए आवेदन किया (ईओपी की समाप्ति की तारीख से पांच माह बाद), जिसे इस आधार पर संयोजन फीस लगाए बिना स्वीकृत किया गया था (मई 2019) कि उन्होंने सभी आयातित सामग्रियों का उपयोग किया था और ईओ को किए गए आयात की सीमा तक पूरा किया था। हालांकि, उक्त एचबीपी के तहत यथा अपेक्षित कोई स्व-घोषणा एएच द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई थी।

(iii) आरए कोलकाता ने मैसर्स एआई लिमिटेड को एए जारी किया जिसमें दूसरा पुनर्वैधीकरण प्रदान करते हुए नियमों के तहत यथा अपेक्षित वास्तविक निर्यात के अनुपात में आयात मात्रा सीमित नहीं थी।

(iv) आरए वाराणसी ने सात मामलों में एए के पुनर्वैधीकरण की अनुमति दी भले ही वैधता अवधि की समाप्ति के बाद एएच ने आवेदन किया (**अनुलग्नक 4**)।

लाइसेंस के पुनर्वैधीकरण की मांग के लिए एफटीपी/एचबीपी में कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है और लाइसेंस की वैधता अवधि समाप्त होने के बाद भी ऐसे अनुरोध मांगे जाते हैं। चूंकि लाइसेंस की वैधता एचबीपी के पैरा 2.16 में निर्दिष्ट है (निर्गम तिथि से 12 माह) और प्राधिकार भी आयात/निर्यात (एचबीपी के पैरा 2.18) की तारीख को मान्य होना चाहिए, लेखापरीक्षा की राय में पुनर्वैधीकरण के लिए किसी भी अनुरोध पर केवल लाइसेंस की वैधता के भीतर विचार किया जाना चाहिए।

डीजीएफटी ने कहा था (फरवरी 2021) कि अनुपालन के लिए फर्मों को पत्र जारी किए गए थे और एफटीपी/एचबीपी में पुनर्वैधीकरण की मांग के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

डीजीएफटी का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि लाइसेंस की वैधता एफटीपी/एचबीपी में निर्दिष्ट है और पुनर्वैधीकरण के किसी भी अनुरोध पर केवल लाइसेंस की वैधता के भीतर विचार किया जाना चाहिए।

सिफारिश संख्या 11: डीजीएफटी को पुनर्वैधीकरण प्रदान करने की क्रियाविधि की समीक्षा करनी चाहिए और पुनर्वैधीकरण के अनुरोधों को प्राधिकार की वैधता अवधि के भीतर ही स्वीकार किया जाना चाहिए ताकि निर्यात दायित्व के लिए गणना किए गए कोई भी शुल्क मुक्त आयात या निर्यात प्राधिकार की वैद्धता अवधि में ही हों।

3.2.2 प्राधिकारों के संयोजन में अनियमितताएं

एचबीपी के पैराग्राफ 4.38 (xii) में कहा गया है कि संयोजन के बाद, एए को सभी उद्देश्यों के लिए एक प्राधिकार माना जाएगा। एमवीए (15 प्रतिशत) की गणना एए को मिलाने के बाद प्राप्त हुए कुल सीआईएफ/एफओबी के आधार पर की जाएगी और मूल्य या मात्रा में किसी भी कमी को एचबीपी 2015-20 के पैरा 4.49 के अनुसार नियमित किया जाएगा।

3.2.2.1 प्राधिकारों के संयोजन के कारण अधिक आयात का पता न लगना

एचबीपी के पैरा 4.20 में यह निर्धारित किया गया है कि यदि एएच ने आयातित से कम मात्रा में इनपुट की खपत की है, तो एएच अप्रयुक्त आयातित सामान पर सीमा शुल्क और उस पर ब्याज का भुगतान करने अथवा अप्रयुक्त रही सामग्री के निर्यात के लिए ईओ अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्यात करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

आरए अहमदाबाद ने मैसर्स एजे लिमिटेड को जारी किए गए पांच एए का संयोजन करने की अनुमति दी। निर्यातक एए के संबंध में किसी भी निर्यात को प्रभावित नहीं कर सका; हालांकि, आयात किया गया जिसके परिणामस्वरूप ईओ की पूर्ति नहीं हुई। यह देखा गया कि ईओडीसी आवेदन में निर्यातक द्वारा घोषित इनपुट में से एक से अधिक आयात को ईओडीसी प्रदान करते समय आरए द्वारा पता नहीं लगाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 43.05 लाख का शुल्क नहीं लगाया गया था।

इसी तरह, आरए चेन्नई ने फ्लोरस्पार (एसिड ग्रेड) के शुल्क मुक्त आयात के लिए मैसर्स एके इंडस्ट्रीज लिमिटेड को दो एए जारी किए, जिसमें हाइड्रोफ्लोरिक एसिड के निर्यात दायित्व में ₹ 9.78 करोड़ का सीआईएफ मूल्य शामिल था और प्राधिकारों के संयोजन के आधार पर लाइसेंस का मोचन कर दिया गया था (दिसंबर 2019)। समेकित एएनएफ 4एफ की समीक्षा से 567.94 मीट्रिक टन अधिक आयात का पता चला, जिसे एएच द्वारा स्वीकार किया गया था। हालांकि, विभाग ने अधिक आयात को नियमित करने और ब्याज के साथ ₹ 10.38 लाख की शुल्क राशि की वसूली करने के लिए कार्रवाई नहीं की।

डीजीएफटी ने आरए अहमदाबाद के संबंध में कहा था (फरवरी 2021) कि मामले की जांच की जा रही है। आरए चेन्नई ने ₹ 2.12 लाख की आंशिक वसूली की सूचना दी।

3.2.2.2 एए के संयोजन पर संयोजन फीस का कम संग्रहण/संग्रहण न होना

एचबीपी के पैरा 4.38 (vii) के अनुसार, संयोजन करने पर जहां कहीं निर्यात पहले के प्राधिकार के ईओपी से परे है, ईओ में कमी के 0.5 प्रतिशत की संयोजन फीस लगायी जाएगी।

मैसर्स अल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आरए वडोदरा द्वारा जारी तीन एए के संयोजन के लिए आवेदन किया (मार्च 2019)। यह देखा गया कि तीनों संयोजन किए

गए प्राधिकारों के कुल मूल्य के बजाय केवल एक प्राधिकार में प्राप्त किए गए वीए पर आरए ने ईओडीसी प्रदान किया (मई 2019), जिसके परिणामस्वरूप वीए की कमी ₹ 41.25 करोड़ हो गई। प्राधिकार के संयोजन करने में गलत गणना के परिणामस्वरूप ₹ 41.25 लाख की संयोजन फीस का उद्ग्रहण नहीं हुआ।

इसी प्रकार, आरए हैदराबाद में मैसर्स एएम लिमिटेड को अनुमत संयोजित प्राधिकारों पर ईओ में कमी के लिए ₹ 13.90 लाख की संयोजन फीस नहीं लगायी गयी। तीन अन्य मामलों में एएच द्वारा मांगे गए विस्तार पर ईओ में कमी के लिए ₹ 20.37 लाख की संयोजन फीस नहीं लगाई गई।

डीजीएफटी ने आरए हैदराबाद के संबंध में कहा था (फरवरी 2021) कि फर्म के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। आरए वडोदरा ने एक मामले में ₹ 11.69 लाख की वसूली की सूचना दी।

3.2.3 मूल्य वर्धन (वीए) से संबंधित अनियमितताएं

एफटीपी 2015-2020 के पैरा 4.09 (i) के अनुसार, एए के तहत प्राप्त किया जाने वाला एमवीए 15 प्रतिशत है। एचबीपी 2015-2020 के पैरा 4.49 (बी) के अनुसार, यदि वीए न्यूनतम निर्धारण से कम रहता है, तो एएच को भारतीय रुपये में एफओबी मूल्य में कमी के 1 प्रतिशत के बराबर राशि जमा करनी होगी। परिशिष्ट 4एच के अनुसार, शुल्क मुक्त आयात की खपत और स्टॉक का लेखांकन करने के लिए पंजीकृत या कच्चे माल, घटकों आदि की घरेलू खरीद आदि, एए/डीएफआईए के तहत अनुमेय है। एए (एएनएफ-4एफ) के मोचन के लिए आवेदन में यह निर्दिष्ट किया गया है कि वीए के उद्देश्य से निर्यात का एफओबी मूल्य विदेशी एजेंसी कमीशन, यदि कोई हो, को छोड़कर प्राप्त होगा।

3.2.3.1 एफओबी मूल्य के लिए जीएसटी/कमीशन/आईजीएसटी राशि का गलत मानना

आरए मुंबई के तहत दो एएच ने 100 प्रतिशत ईओयू की आपूर्ति करके तीन एए के संबंध में मात्रा के साथ-साथ मूल्य के संदर्भ में भी ईओ प्राप्त किया। हालांकि यह देखा गया कि एफओबी के प्रति गिने जाने वाले बीजक मूल्यों में आईजीएसटी और कमीशन जैसी अपात्र राशि शामिल थी। अपात्र राशि को छोड़ने के परिणामस्वरूप एफओबी में ₹ 13.59 करोड़ की कमी आई और वसूली योग्य 1 प्रतिशत दंड राशि ₹ 13.59 लाख बनती है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि आरए मुंबई को निर्देश दिया गया है कि वसूली प्रभावी होने तक फर्मों को डीईएल में रखा जाए।

3.2.3.2 एएच द्वारा वास्तविक आयात की घोषणा न करना

सीमा शुल्क ईडीआई प्रणाली के लाइसेंस उपयोग आंकड़ों के साथ आरए (अहमदाबाद और वडोदरा) को प्रस्तुत ईओडीसी आवेदन के प्रति सत्यापन से पता चला कि 11 एए के प्रति सभी आयात ईओडीसी आवेदन में घोषित नहीं किए गए थे। एएच ने 147 परेषणों के वास्तविक आयात के प्रति अपने ईओडीसी आवेदनों में 123 आयात परेषण घोषित किए, जिससे उपयोग किए गए सीआईएफ का कम मूल्य दिखाई दिया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 10.71 करोड़ के आयात को कम बताया गया। आरए इन गैर-घोषित वस्तुओं के वास्तविक उपयोग का पता लगा सकता है और गलत तरीके से लाभ प्राप्त छूट की अननुमति देने के लिए उचित कार्रवाई कर सकता है।

इसी प्रकार की अभ्युक्तियां आरए (चेन्नई और कोयंबटूर) में भी की गई थीं जिनमें 13 एए का मोचन करके ईओडीसी को जारी किया गया था, हालांकि एएच ने निर्यात को प्रभावित करने के लिए वास्तव में आवश्यक मात्रा (एसआईओएन के अनुसार) की तुलना में कम मात्रा में इनपुट का आयात किया था। इसके अलावा, भुगतान किए गए शुल्क या घरेलू स्रोत के सामान (आयात के अलावा) के उपयोग की कोई घोषणा नहीं की गई थी और मोचन फाईल में दिखाई गई वास्तविक खपत (बर्बादी सहित) कम थी। परिशिष्ट 4एच में खपत के पूर्ण विवरण का संकेत न होने से खपत की सही स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं किया जाता है **(अनुलग्नक 5)**।

डीजीएफटी ने आरए अहमदाबाद के संबंध में (फरवरी 2021) कहा था कि सीमा शुल्क संरचनाओं को उनके साथ निष्पादित बांड का निपटान करते समय यह सत्यापित करना होता है। अन्य आरए के संबंध में उत्तर प्रतीक्षित है।

डीजीएफटी का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि ईओडीसी आवेदनों की समीक्षा करते समय क्षेत्राधिकारिक आरए द्वारा कम मात्रा में आयात के पहलू और वे निर्यात दायित्व को कैसे प्राप्त करते हैं, को सत्यापित किए जाने की आवश्यकता है। क्या किसी गैर-घोषित माल का उपयोग किया गया था, अवैधीकरण का विवरण आदि आरए द्वारा ईओडीसी जारी करने से पहले सत्यापित किया जाना चाहिए। एएच द्वारा आयात को कम बताने के लिए कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

3.2.3.3 निवलता के आधार पर घटकों के आयात पर वीए का गलत अनुमान

इंजीनियरिंग उत्पादों के लिए सामान्य टिप्पणी की क्रम संख्या 4 के साथ पठित सभी निर्यात उत्पाद समूहों के लिए सामान्य टिप्पणी की क्रम संख्या 6 और नीति परिपत्र 10/2018-19 (जुलाई 2018) के अनुसार, इनपुट के रूप में घटकों का आयात करने की मांग करने वाले आवेदक को बिना किसी अपशिष्ट के निवलता के आधार पर आयात करने की आरए द्वारा अनुमति दी जा सकती है जो आयात के लिए मांगे गए घटकों के जवाबदेही खंड और प्रकार, तकनीकी विनिर्देशों आदि के परिणामी उत्पाद के विनिर्माण में उपयोग किए गए घटकों के अनुरूप होना चाहिए, व निर्यात दस्तावेजों में परिलक्षित होना चाहिए। इस आशय की एक शर्त लाइसेंस पर अंकन किया जाएगा। इसके अलावा, यदि घटकों की अधिप्राप्ति किसी मानदंड श्रेणी में नहीं आती है, तो आवेदक को चार्टर्ड/कॉस्ट अकाउंटेंट या क्षेत्राधिकारिक केंद्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित निर्यात उत्पाद की एक इकाई के विनिर्माण में आवश्यक सटीक घटकों (आयात और घरेलू दोनों इनपुट) का ब्यौरा देते हुए परिशिष्ट 4ई प्रस्तुत करना होता है।

आरए मुंबई और पुणे ने दो लाइसेंसों के संबंध में केवल आयातित घटकों पर विचार करते हुए वीए का अनुमान लगाया और न कि निर्यात उत्पाद की एक इकाई की आपूर्ति करने के लिए निवलता के आधार पर आवश्यक सभी घटकों पर। आयातित मात्रा एए में लागू मात्रा से कम थी जो संभव नहीं थी क्योंकि एक निर्यात सेट (निवलत के आधार पर जवाबदेही खंड) बनाने के लिए कम से एक घटक की आवश्यकता होती है। शेष मात्रा की अधिप्राप्ति और निर्यात सेट में उपयोग कैसे किया गया, इसकी जांच किए बिना लाइसेंस का मोचन किया गया। 4एच खपत पत्रक और जवाबदेही विवरण भी केवल आयातित वस्तुओं की खपत को दिखाता है जो वास्तविक आवश्यकता से कम थे। सभी एसबी में, आवेदन में आवेदित कुल मात्रा का उल्लेख किया गया था और न कि निर्यात मात्रा में खपत की गई वास्तविक मात्रा को । इसलिए एसबी को सामान्य टिप्पणी और उक्त पॉलिसी सर्कुलर के अनुसार तैयार नहीं किया गया था। जवाबदेही विवरण में उपयोग की गई इनपुट की मात्रा फर्म द्वारा प्रस्तुत किए गए निर्यातवार आयात विवरणों से मेल नहीं खाती हैं। इसके अलावा, निर्यात पर ₹ 6.05 करोड़ के भुगतान किए गए आईजीएसटी के प्रतिदाय का दावा किया गया है जो इनपुट टैक्स क्रेडिट की वापसी के बराबर है। इसलिए सभी घटकों (आयातित और घरेलू दोनों) के सीआईएफ/एफओआर मूल्य को केवल आयातित घटकों के बजाय वीए

का अनुमान लगाने के लिए लिया जाना चाहिए था। यदि निर्यात में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद सभी घटकों के सीआईएफ/फ्रेट ऑन रोड (एफओआर) मूल्य को लिया गया होता तो वास्तव में निकाला गया वीए निर्धारित 15 प्रतिशत से काफी कम रहा होता।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि ऐसा कोई अधिदेश नहीं है कि फर्म को उत्पाद के विनिर्माण में आवश्यक सभी घटकों का आयात करना होता है। तथापि, आयातित मदों के संदर्भ में उपभोग का ब्यौरा जवाबदेही के लिए प्रस्तुत किया जाना है और वीए के लिए शुल्क भुगतान किए गए इनपुट पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है जिस पर कोई ड्राबैक नहीं लिया गया।

यह उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि जवाबदेही विवरण में केवल आयातित इनपुट का अनुमान है और इसमें घरेलू अधिप्राप्ति का हिसाब में लेने का प्रावधान नहीं है। आरए परिशिष्ट 4एच/4ई के तहत यथापेक्षित निर्यातित मदों के विनिर्माण में वास्तव में उपभोग किए गए सभी इनपुट की घोषणा के लिए जोर नहीं देते हैं।

लेखापरीक्षा का यह मत है कि केवल आयातित इनपुट के सीआईएफ मूल्य पर विचार करने की प्रथा मूल्य वर्धन की पूरी स्थिति नहीं दर्शाती है। घरेलू आपूर्ति के मूल्य को शामिल न करना, जीएसटी/कमीशन/आईजीएसटी की राशि पर गलत विचार करना और एएच द्वारा वास्तविक आयात की घोषणा न करना लेखापरीक्षा में देखा गया जो शुल्क मुक्त आयातों के विपथन के जोखिम के साथ-साथ योजना के दुरुपयोग के जोखिम से भरा हुआ है। आरए गैर-घोषित माल के वास्तविक उपयोग का पता लगा सकता है और गलत तरीके से प्राप्त छूट को अननुमत करने के लिए उचित कार्रवाई कर सकता है।

सिफारिश संख्या 12 :डीजीएफटी परिशिष्ट 4एच में पूर्ण प्रकटीकरण के लिए जोर दे सकता है जिसमें एएच को "घरेलू अधिप्राप्ति इनपुट और ऐसी अधिप्राप्ति के स्रोत सहित निर्यात किए गए माल के विनिर्माण में उपभोग की जाने वाली इनपुट के सभी विवरण" की घोषणा करने की आवश्यकता होती है, ताकि आरए द्वारा वास्तविक खपत की बेहतर निगरानी को सुगम बनाया जा सके जिससे शुल्क मुक्त आयात के विपथन और योजना के दुरुपयोग को रोका जा सके।

3.2.3.4 सहयोगी संस्था को आपूर्ति पर नकारात्मक वीए

आरए मुंबई द्वारा मैसर्स एएन लिमिटेड को जारी किए गए तीन लाइसेंसों में यह देखा गया कि एएच ने अपनी सहयोगी इकाई, एक निर्यात उन्मुख इकाई (ईओयू) को खरीद मूल्य से कम कीमत पर तैयार माल का निर्यात करके नकारात्मक वीए प्राप्त किया। चूंकि ईओयू इकाई निर्यातक की सहयोगी संस्था है, इसलिए खरीद मूल्य से कम होने पर आपूर्ति के मूल्य को आर्मस लैंथ पर नहीं माना जा सकता है। इस कमी को निर्धारित न्यूनतम वीए के मुकाबले कम होने वाले मूल्य पर ₹ 9.51 लाख की राशि की 1 प्रतिशत दंड राशि का भुगतान करके नियमित करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा, खरीद मूल्य से कम कीमत पर सहयोगी संस्था को इनपुट को विपथित करने की प्रथा से नकारात्मक वीए को जानबूझकर दर्शाया गया था न कि यह वास्तविक चूक थी जिसे केवल 1 प्रतिशत दंड राशि का भुगतान करके नियमित किया जा सकता है। लेखापरीक्षा की राय में निर्यातकों को योजना के तहत शुल्क बचाने के लाभ को चुकाने के लिए उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए और योजना के जानबूझकर दुरुपयोग के लिए एफटीडीआर एक्ट के तहत दंड राशि लगायी जानी चाहिए।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि डीटीए और ईओयू के ईओ को अलग से माना जाना है क्योंकि दोनों स्वतंत्र इकाइयां हैं और ईओ की अलग-अलग योजनाएं हैं और दोनों को जोड़ा नहीं जा सकता। फर्म से एफओबी मूल्य में 1 प्रतिशत कमी की वसूली करके आरए मुंबई द्वारा नकारात्मक मूल्य वर्धन को नियमित किया गया।

3.2.4 स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में निर्यात प्राप्तियों की वसूली न करना

एफटीपी 2015-20 के पैरा 4.21 (iii) के संदर्भ में, ईओ के निर्वहन के लिए विशेष आर्थिक ज़ोन (सेज) इकाइयों के निर्यात को ध्यान में रखा जाएगा बशर्ते भुगतान प्राप्ति सेज इकाई के विदेशी मुद्रा खाते (एफसीए) में हो।

एफसीए में निर्यात प्राप्तियों की वसूली का न होना 84 उदाहरणों में देखा गया जिसमें पांच आरए में ₹ 3.38 करोड़ की राशि का परित्यक्त शुल्क शामिल था, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है:

तालिका 3.9: एफसीए में निर्यात प्राप्तियों की वसूली न होना

क्र.सं.	आरए का नाम	मामलों की संख्या	परित्यक्त शुल्क (₹ लाख में)	टिप्पणियां
1	चेन्नई, मुंबई और विशाखापट्टनम	9	259.26	सेज इकाइयों को किए गए निर्यात को निर्यात दायित्व के प्रति मूल्य वर्धन के लिए गिना गया था, भले ही निर्यात प्राप्तियों की आईएनआर में वसूली की गयी और न कि एफसीए में
2	अहमदाबाद	13	79.15	6 एए में सेज और बीआरसी को किया गया निर्यात आईएनआर में हुआ। 3 एसबी में निर्यात प्राप्तियों की वसूली नहीं हुई और 4 एसबी में कोई ई-बीआरसी फाइल में या डीजीएफटी की वेबसाइट के ई-बीआरसी मॉड्यूल में उपलब्ध नहीं था।
3	पुणे	62	-	एसबी वीए के लिए गणना की गई भले ही निर्यात प्राप्तियों की गणना आईएनआर में थी।
कुल		**84**	**338.41**	

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि आईएनआर में प्राप्त भुगतान ईओ पूर्ति के लिए नहीं लिया जा सकता है और कमी की वसूली करने का आश्वासन दिया। आरए मुंबई को निर्देश दिया गया है कि जब तक वसूली प्रभावी न हो जाए तब तक फर्म को डीईएल में रखा जाए। आरए अहमदाबाद, चेन्नई और पुणे के संबंध में मामले की जांच की जा रही है।

3.2.5 मोचन प्रमाण पत्र/ईओडीसी के लिए एएच द्वारा आवेदन दाखिल करना

3.2.5.1 ऑनलाइन फाइलिंग का अभाव और ईओडीसी का निपटान

एचबीपी के पैरा 4.46 में कहा गया है कि एएच एएनएफ-4एफ में ऑनलाइन आवेदन आरए को दाखिल करेगा और मोचन प्रमाण पत्र/ईओडीसी के लिए ईओ की पूर्ति के समर्थन में निर्धारित दस्तावेज अपलोड करेगा। डीजीएफटी ने पीएन 55 (मार्च 2014) के द्वारा 1 जून 2014 से प्रभावी एए के लिए इओडीसी/मोचन के लिए ऑनलाइन प्रणाली शुरू की।

हालांकि यह देखा गया कि एएच 1 दिसंबर 2020 तक मोचन/ईओडीसी के लिए आवेदन अभी भी मैनुअल रूप से दाखिल कर रहे थे, जबकि ऑनलाइन आवेदन

लिंक सक्रिय हो गया था। इस प्रकार, मोचन/ईओडीसी के लिए आवेदन के लिए ऑनलाइन सुविधा सक्रिय न होने के परिणामस्वरूप ईओडीसी जारी करने में देरी हुई और संव्यवहार लागत और समय में वृद्धि हुई। ऑनलाइन आवेदन कार्यात्मकता की प्रभावकारिता की समीक्षा आगामी लेखापरीक्षा में की जाएगी।

3.2.5.2 एएच द्वारा ईओडीसी आवेदन जमा करने में विलम्ब

एचबीपी के पैरा 4.44 में यह उल्लेखित है कि एएच को देयता अवधि समाप्त होने की तिथि से दो माह के भीतर निर्यात के लिए दस्तावेज प्रस्तुत करने होते हैं।

11 आरए (बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, कटक, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोच्चि, लुधियाना, पानीपत और विशाखापत्तनम) में ईओपी की समाप्ति से दो माह से अधिक की देरी 193 एए में देखी गई थी जिसमें 5 से 792 दिन तक की देरी हुई थी और आरए द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी **(अनुलग्नक 6)**।

एक मामला सोदाहरण दिया गया है जिसमें मैसर्स एओ को आरए बेंगलुरु द्वारा एए जारी किया गया था (मई 2015) और ईओडीसी/मोचन के लिए प्रस्तुत करने की नियत तिथि जनवरी 2017 तक थी। हालांकि यह देखा गया कि एएच ने 32 माह की देरी के साथ केवल अगस्त 2019 में मोचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

आरए चेन्नई, हैदराबाद और इंदौर ने बताया (नवंबर 2020) कि सावधानी पत्र जारी करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। अन्य आरए से उत्तर प्रतीक्षित है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि योजना 1 दिसंबर 2020 से प्रभावी नई आईटी प्रणाली के साथ कागजरहित हो गई है। सभी आवश्यक दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा, कमियों और उनके उत्तरों को ऑनलाइन निपटाया जाएगा और डेटा मूल रूप से सीमा शुल्क को हस्तांतरित किया जाएगा जो ईओडीसी को अंतिम रूप देने की निगरानी में मदद करेगा।

इस संबंध में प्रगति को आगामी लेखापरीक्षा में देखा जाएगा।

3.2.6 आरए द्वारा ईओडीसी/मोचन पत्र जारी करने के दौरान अनियमितताएं

3.2.6.1 आरए द्वारा ईओडीसी जारी करने में देरी

एचबीपी 2015-20 के पैरा 9.10 में यह निर्धारित किया गया है कि एए का आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर मोचन किया जाना है। एमओसीआई ट्रेड नोटिस नंबर 20 (जून 2019) में दोहराया गया कि सभी आरए को समयबद्ध तरीके से और केवल एक ही बार में कमी पत्र (डीएल) देना चाहिए।

17 आरए (अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, कोयंबटूर, कटक, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लुधियाना, मुंबई, पानीपत, पुणे, वडोदरा और विशाखापट्टनम) में समीक्षा किए गए 2,242 मामलों में से 546 मामलों (24 प्रतिशत) में 18 से 1,001 दिनों की देरी के साथ ईओडीसी के जारी करने में विलम्ब देखा गया। अहमदाबाद और वडोदरा में 16 मामलों में, 15 दिनों से अधिक की देरी देखी गई, हालांकि एएच ने आरए द्वारा चिह्नित सभी कमियों का अनुपालन किया। प्रमुख नौ आरए का विश्लेषण ग्राफ में नीचे दिया गया है:

चित्र 3.1: ईओडीसी के जारी करने में विलम्ब



एक मामला सोदाहरण दिया गया है जिसमें आरए बेंगलुरु ने मैसर्स एओ लिमिटेड को एए जारी किया (जनवरी 2018) और एएच द्वारा आवेदित लागू ईओडीसी (अप्रैल 2019) में एक बार में सभी डीएल जारी न होने के कारण पांच माह से अधिक की देरी हो गई। ईओडीसी को आखिरकार अक्टूबर 2019 में जारी किया गया। यदि प्रारंभिक पूर्व संवीक्षा (अप्रैल 2019) के दौरान सभी कमियों को बताया गया होता और एए की निर्धारित समय-सीमा का फर्म और

आरए दोनों द्वारा पालन किया जाता, तो ईओडीसी के जारी करने में पांच माह से अधिक की अनुचित देरी से बचा जा सकता था।

मोचन/ईओडीसी आवेदन के लिए ऑनलाइन सुविधा सक्रिय न होने के परिणामस्वरूप ईओडीसी जारी करने में देरी हुई और संव्यवहार लागत और समय में वृद्धि हुई। हालांकि मोचन आवेदन ऑनलाइन फाईल किए गए थे, लेकिन बीई, एसबी, ई-बीआरसी, इनपुट और एक्सपोर्ट खपत और सर्टिफिकेट जैसे सभी दस्तावेजों को 2015-16 से 2018-19 की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान मैनुअल रूप से फाईल करना जरूरी था। मोचन प्रक्रिया का पूर्ण डिजिटलीकरण और लाइसेंस डेटा के साथ इसके एकीकरण से देरी को कम करने और मोचन आवेदनों के निपटान के लिए निर्धारित 15 दिनों के बेंचमार्क को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि इस मुद्दे को सुलझाने और संस्थागत तंत्र को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। 1 दिसंबर 2020 से प्रभावी नई आईटी प्रणाली से ईओडीसी के मुद्दे में देरी के मुद्दे को हल करने की उम्मीद है; तब तक ईओडीसी आवेदनों की केवल हार्ड कॉपी मिलने के बाद ही फाईलों पर कार्रवाई की गई।

सिफारिश संख्या 13: डीजीएफटी को यह सुनिश्चित करके 15 दिनों की अपनी निर्धारित समय-सीमा को पूरा करने के लिए ईओडीसी जारी करने की क्रियाविधि की समीक्षा करनी चाहिए कि ऑनलाइन मॉड्यूल को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल पूर्ण और मुकम्मल आवेदनों को स्वीकार करने के लिए फिर से बनाया गया है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि eodc.online 1 दिसंबर 2020 से प्रभावी नई आईटी प्रणाली के साथ कार्य कर रहा है।

लेखापरीक्षा के दौरान शामिल की गई अवधि 2015-16 से 2018-19 तक थी; इसलिए, इस संबंध में कार्यान्वयन और प्रगति की स्थिति की समीक्षा आगामी लेखापरीक्षा में की जाएगी।

3.2.6.2 आरए द्वारा अनियमित मोचन

आरए मुंबई ने दो फर्मों (मैसर्स एएन लिमिटेड और मैसर्स एच लिमिटेड) को जारी किए गए तीन एए का मोचन किया, भले ही ईओ को पूरी तरह से मानित निर्यात द्वारा प्राप्त किया गया था। आईजीएसटी छूट का लाभ केवल प्रत्यक्ष

निर्यात और एएच के लिए है, सीमा शुल्क द्वारा आईजीएसटी के उद्ग्रहण से बचने के लिए, घोषणा की कि केवल प्रत्यक्ष निर्यात किया जाएगा। हालांकि, आरए ने गलत घोषणा के आधार पर ₹ 32.80 लाख की आईजीएसटी के अनियमित लाभ के तथ्यों का पता लगाए बिना मामलों का मोचन करते हुए ईओ के प्रति मानित निर्यात को स्वीकार किया, जिसकी ब्याज के साथ वसूली करने की आवश्यकता है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि आरए को निर्देश दिया गया है कि वसूली होने तक फर्मों को डीईएल में रखा जाए।

3.2.6.3 ईओपी के बाद किया गया निर्यात

एचबीपी के पैराग्राफ 2.18 (बी) में यह निर्धारित किया गया है कि प्राधिकार की निर्यात दायित्व अवधि निर्यात की तारीख को वैध होनी चाहिए। निर्यातक को निर्यात को प्रभावित करने से पहले ईओपी में विस्तार के लिए आवेदन करना चाहिए था। इसलिए, बिना किसी विस्तार के प्रभावित निर्यात को आनुपातिक अधिक आयातों पर शुल्क/ब्याज एकत्र करके पैराग्राफ 4.49 के अनुसार अननुमत और नियमित किए जाने की आवश्यकता थी।

ईओडीसी की समीक्षा से पता चला कि छह आरए में 11 एए में एए योजना के तहत अनुमत ईओ अवधि के बाद प्रभावी थे, जो ₹ 8.42 करोड़ के आनुपातिक शुल्क के साथ थे जैसाकि नीचे विवरण दिया गया है:

तालिका 3.10: ईओपी के बाद किए गए निर्यात

क्र.सं.	आरए का नाम	एए की संख्या	परित्यक्त आनुपातिक शुल्क (₹ करोड़ में)	टिप्पणियां
1	वडोदरा	3	6.19	137 एसबी में से पांच और दो अन्य एए में निर्धारित ईओ अवधि के बाद निर्यात प्रभावित हुए और एएच द्वारा किसी विस्तार के लिए आवेदन नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप निर्यात (मात्रावार और मूल्यवार) की कम पूर्ति हुई। इसके अलावा वीए में कमी के लिए 1 प्रतिशत फीस भी लागू है।
2	अहमदाबाद	2	1.29	एएच ने ईओपी की वैधता के बाद निर्यात को प्रभावित किया और बाद में कार्योत्तर विस्तार के

क्र.सं.	आरए का नाम	एए की संख्या	परित्यक्त आनुपातिक शुल्क (₹ करोड़ में)	टिप्पणियां
				लिए आवेदन किया जिसे आरए द्वारा प्रदान किया गया था। इस प्रकार, मध्यवर्ती अवधि के दौरान ईओ अवधि में किसी विस्तार की मांग किए बिना, निर्यातकों ने अपना निर्यात जारी रखा।
3	कोलकता	2	0.50	ईओपी के बाद प्रभावित आयात छूट के लिए पात्र नहीं थे।
4	जयपुर	1	0.41	आरए ने ईओ अवधि में कार्योत्तर विस्तार प्रदान किया, जो ईओपी के बाद प्रभावित अवैध निर्यातों को अस्वीकार करने के बजाय था।
5	पुणे	1	0.03	अपात्र निर्यात के लिए अधिक आयात का उपयोग किया गया। इसके अलावा, मानित निर्यात दस्तावेजों में प्रत्येक परेषण के लिए आनुपातिक इनपुट खपत को प्रतिबिंबित नहीं किया गया था और प्रावधानों के तहत यथा अपेक्षित एक सहायक विनिर्माता के माध्यम से निर्यात के तथ्य का एए में समर्थन नहीं किया गया था।
6	बेंगलुरु	2	-	निर्धारित ईओ अवधि के बाद किए गए ₹ 2.49 करोड़ मूल्य वाले निर्यात।
कुल		**11**	**8.42**	

डीजीएफटी ने कहा कि आरए बेंगलुरु ने ₹ 0.70 लाख की वसूली की और ₹ 0.55 लाख की संयोजन फीस की वसूली करने के लिए मांग जारी की। आरए पुणे द्वारा फर्म के विरुद्ध मांग-सह-एससीएन भी जारी किया गया था। आरए जयपुर में, ईओपी को पहले ही अप्रैल 2019 तक बढ़ा दिया गया है और फर्म ने उपरोक्त निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्यात को भी प्रभावित किया है। आरए अहमदाबाद के लिए यह कहा गया था कि एचबीपी का पैरा 4.27 निर्यात/मानित निर्यात की आपूर्तियों की अनुमति प्राधिकार जारी करने की प्रत्याशा में या प्राधिकार जारी करने के बाद देता है।

उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि निर्यातकों द्वारा निर्यात पूरा होने के बाद ईओ अवधि में कार्योत्तर विस्तार प्रदान करने के लिए एफटीपी/एचबीपी में कोई प्रावधान नहीं है और एचबीपी के पैराग्राफ 2.18 के अनुसार, निर्यात की तारीख को प्राधिकार वैद्ध होना चाहिए। इसके अलावा निर्यातक को निर्यातों को प्रभावित करने से पहले ईओपी के विस्तार के लिए आवेदन करना चाहिए था।

3.2.6.4 लदान बीजक में इनपुट का अंकन न करना

एफटीपी के पैरा 4.12 (ii) से (iv) के अनुसार, निर्यात उत्पाद के उत्पादन में वास्तव में उपयोग किए गए/उपभोग किए गए इनपुट का अनुपात एसबी में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा जिसमें मानित निर्यात के प्रति बीजक शामिल हैं और आरए केवल उन्हीं इनपुट की अनुमति देगा जो निर्यात दायित्व के निर्वहन के समय विशेष रूप से एसबी में दर्शाए गए हैं।

निम्नलिखित मामलों में, आरए ने एसबी में अंकन के बिना ईओडीसी जारी किया:

तालिका 3.11: एसबी में इनपुट का अंकन न करना

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>आरए का नाम</th><th>एए की संख्या</th><th>टिप्पणियां</th></tr>
<tr><td>1</td><td>कोच्चि</td><td>1</td><td>मैसर्स एल लिमिटेड को जारी किया गया, ईओडीसी यद्यपि एएच ने निर्यात उत्पाद के उत्पादन में वास्तव उपयोग किए गए/उपभोग किए गए इनपुट का संकेत नहीं दिया था, जिसमें एफओबी मूल्य ₹ 11.83 करोड़ शामिल था।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>अहमदाबाद</td><td>2</td><td>मैसर्स एपी लिमिटेड को एक एए में ईओडीसी जारी किया गया और अन्य के लिए विस्तार से मना कर दिया, यद्यपि 26 बीई में एसआईओएन/प्राधिकार के अंतर्गत यथा अपेक्षित आयातित इनपुट के बारे में अधूरी सूचना पाई गई थी। हालांकि, आरए द्वारा इस बेमेलता को सत्यापित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसमें ₹ 20.69 करोड़ का परित्यक्त शुल्क शामिल है।</td></tr>
<tr><td>3</td><td>चेन्नई</td><td>3</td><td rowspan="2">मैसर्स एक्यू लिमिटेड और मैसर्स एआर लिमिटेड को जारी किए गए पांच एए में ईओडीसी जारी किया गया, हालांकि एएच ने एए में समर्थित की तुलना में भिन्न इनपुट का आयात किया जिसके परिणामस्वरूप गलत आयात हुआ जिसमें ₹ 3.62 करोड़ का सीमा शुल्क अन्तर्ग्रस्त था।</td></tr>
<tr><td>4</td><td>कोयम्बटूर</td><td>2</td></tr>
<tr><td></td><td>कुल</td><td>8</td><td></td></tr>
</table>

डीजीएफटी ने आरए चेन्नई, कोयंबटूर और कोच्चि के संबंध में कहा था (फरवरी 2021) कि कार्रवाई शुरू की जा रही है। आरए अहमदाबाद ने कहा कि इस योजना के तहत मंजूरी दिए गए बीई में विशिष्ट प्राधिकार संख्या दी जाती है और अनुमत आयात के समय अनुमत विवरण मात्रा, मूल्य आदि के संबंध में प्राधिकार की सीमा शुल्क जांच करता है। सीए द्वारा जारी परिशिष्ट 4एच भी किए गए निर्यात और उपयोग किए गए इनपुट की पुष्टि करता है।

उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि एसबी में इनपुट के समर्थन की जांच इओडीसी/मोचन जारी करने के दौरान आरए द्वारा की जानी होती है जो प्रक्रिया का अंतिम चरण है और यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि योजना के तहत अनुमत शुल्क मुक्त आयातों का उपयोग अभिप्रेत उद्देश्य के लिए किया गया है।

3.2.6.5 उचित अंकन/संशोधन के बिना ईओडीसी/मोचन पत्र जारी करना

एचबीपी के पैरा 4.39 के अनुसार, आरए सीआईएफ मूल्य, इनपुट की मात्रा, एफओबी मूल्य और एए के निर्यात की मात्रा में वृद्धि/कमी के लिए फार्म एएनएफ-4 डी में अनुरोध पर विचार कर सकता है। हालांकि, इस तरह की वृद्धि के बाद मूल्य वर्धन अनुबद्ध एमवीए (निर्यात उत्पाद के लिए) से कम नहीं होना चाहिए और इनपुट-आउटपुट मानदंडों में कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए।

आरए हैदराबाद में, प्राधिकार प्रदान करने के समय निर्धारित सीआईएफ और एफओबी मूल्यों की तुलना में कम सीआईएफ/एफओबी मूल्यों के साथ 43 एए का मोचन किया गया था। इन सभी मामलों में, एएच को सीआईएफ या एफओबी मूल्य में कमी हेतु संशोधन के लिए किसी भी अनुरोध के बिना मोचन की अनुमति दी गई थी। एए का यह कहते हुए मोचन किया गया कि किए गए आयात किए गए निर्यातों के प्रति उसी अनुपात (सीआईएफ और एफओबी के समान) में थे और कि एए के अनुसार अपेक्षित मूल्य वर्धन प्राप्त किया गया था।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि उपयोग और 15 प्रतिशत वीए के अनुसार लाइसेंस का मोचन किया गया था।

डीजीएफटी का उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि एएच द्वारा सीआईएफ या एफओबी मूल्य में कमी हेतु संशोधन के लिए किसी अनुरोध के बिना मोचन की अनुमति दी गई थी।

3.2.6.6 मसाला बोर्ड द्वारा एसएआर की प्राप्ति न होने के कारण ईओडीसी जारी करने में देरी

नीति परिपत्र 5 (अगस्त 2014) के अनुसार, मसालों के लिए इनपुट के रूप में जारी एए को मामले को एनसी को संदर्भित किए बिना मसाला बोर्ड, कोच्चि को प्रस्तुत किया जाएगा और संबंधित आरए, मसाला बोर्ड, कोच्चि के एसएआर के

आधार पर एए का मोचन कर सकता है। यह नीति परिपत्र सभी लंबित मामलों के साथ-साथ भविष्य के एए के संबंध में अगस्त 2013 से लागू किया गया था।

आरए कोच्चि में, ₹ 1596.60 करोड़ के सीआईएफ मूल्य वाले 100 एए मसालों से संबंधित थे जो 2015-16 से 2018-19 की अवधि के दौरान जारी किए गए ₹ 2145.74 करोड़ के सीआईएफ मूल्य वाले कुल लंबित 271 एए में से हैं। मसालों से संबंधित चयनित 22 एए की संवीक्षा से मसाला बोर्ड से एसएआर प्राप्त न होने के कारण सभी मामलों में ईओडीसी जारी करने में विलंब का पता चला।

डीजीएफटी ने कहा (नवंबर 2020) कि नीति परिपत्र के पैरा 2 के अनुसार, संबंधित आरए मसाला बोर्ड द्वारा प्रस्तुत एसएआर के आधार पर एए का मोचन कर सकता है।

उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि आरए द्वारा एसएआर को इस बात की पुष्टि करने की आवश्यकता थी कि क्या ईओडीसी दावे के अनुसार घोषित आय एसएआर के अनुसार आय से अधिक है। यह देखा गया कि 22 में से 18 मामलों में, ईओडीसी आवेदनों के अनुसार आय एसएआर के अनुसार आय से अधिक थी, जैसाकि सीए द्वारा विधिवत प्रमाणित एएच द्वारा फाईल किए गए परिशिष्ट 4एच से स्पष्ट था। इस प्रकार, आरए के लिए ईओडीसी को जारी करने में देरी करने का कोई कारण नहीं था जब अधिकांश मामलों में, एएनएफ 4एफ आवेदन के अनुसार घोषित आय अधिक पाई गई थी। इस प्रकार, उक्त नीति परिपत्र के मद्देनजर एसएआर की प्राप्ति में देरी के कारण ₹ 453.01 करोड़ के सीआईएफ मूल्य के साथ 22 एए के मोचन में विलम्ब परिहार्य था और उक्त परिपत्र जारी करने का असली उद्देश्य विफल हो गया, अर्थात मसालों के लिए जारी प्राधिकारों के मोचन में विलम्ब में कमी।

3.2.7 अन्य अनियमितताएं

3.2.7.1 प्राधिकार में उचित अंकन के बिना मदों का निर्यात और डीएल जारी करने में देरी

एचबीपी के पैरा 4.35 में कहा गया है कि आरए द्वारा प्राधिकार में उचित अंकन के साथ एचबीपी के पैराग्राफ 4.10 या जॉबर/सहायक विनिर्माता की शर्त के अधीन एएच की किसी भी इकाई में आयातित सामग्री का उपयोग किया जा सकता है।

मैसर्स एएस लिमिटेड ने एए के लिए आवेदन करते समय कहा कि कुछ निर्यात उत्पादों का विनिर्माण सेज, कोचीन में स्थित उनके सहायक विनिर्माता द्वारा किया जाएगा। आरए बेंगलुरु ने सहायक विनिर्माता के संबंध में दो डीएल जारी किए, जिसमें एएच ने सहायक विनिर्माता का नाम हटाने का अनुरोध किया। तदनुसार, आरए ने किसी भी सहायक विनिर्माता अंकन किए बिना एए जारी किया।

फर्म ने ईओडीसी के लिए आवेदन किया (दिसंबर 2018), जिस पर आरए ने डीएल (मार्च 2019) जारी किया कि निर्यात की गई मद एससीओएमईटी श्रेणी के अन्तर्गत आने वाली प्रतीत होती है और यह स्पष्टीकरण मांगा गया कि क्या एससीओएमईटी मद के निर्यात के लिए आवश्यक अनुमति डीजीएफटी से ली गई थी। डीजीएफटी ने यह भी सूचित किया कि संदर्भ के तहत मद एससीओएमईटी श्रेणी 8ए602 के तहत आ सकती है, और डीजीएफटी से प्राधिकार के माध्यम से निर्यात किया जाएगा। इसके अलावा, यह देखा गया कि एएच ने उक्त नियमों के तहत यथा अपेक्षित किसी भी अंकन के बिना अपनी विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) इकाई (सहायक विनिर्माता) के माध्यम से ₹ 19.64 करोड़ का निर्यात किया। मामले को अभी मोचन किया जाना है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि सेज नियमावली 2006 के नियम 43 के तहत उप-अनुबंध की अनुमति के लिए फर्म ने डीसी, सीसेज से संपर्क किया है।

उत्तर में इस बात का उल्लेख नहीं है कि क्या डीजीएफटी से प्राधिकार एससीओएमईटी श्रेणी के निर्यात को प्रभावित करने के लिए प्रदान किया गया था। आरए को यह पता लगाने में 14 माह लगे कि क्या निर्यात मद प्रतिबंधित श्रेणी के अन्तर्गत आती है जिसे एए जारी करते समय (फरवरी 2018) सुनिश्चित किया जाना चाहिए था। इसके अलावा, सेज प्रावधानों के तहत उप-अनुबंध की अनुमति आरए द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद कार्योत्तर ली गयी थी और इसलिए अपेक्षित अंकन के बिना पहले से किए गए निर्यात को अननुमत किया जाना चाहिए था और फर्म को निर्यात उत्पाद में उपयोग किए गए इनपुट पर परित्यक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जाना चाहिए था।

अन्य उदाहरणों, जहां आरए ने एए में उचित समर्थन के बिना निर्यात की अनुमति दी, का विवरण यहां नीचे दिया गया है:

तालिका 3.12: प्राधिकार में गैर-समर्थन

क्र.सं.	आरए का नाम	मामलों की संख्या	टिप्पणियां
1	कोलकाता	7	एएच द्वारा निर्यात किए गए उत्पाद प्राधिकार में अनुमत किए गए से अलग थे। आरए ने निर्यात उत्पादों में बेमेल का सत्यापन नहीं किया और निर्यात परेषण की पूरी मात्रा के लिए बीडब्ल्यूसी[12] जारी किया। तीन मामलों में, एएच ने घोषणा की कि सेनवेट क्रेडिट की सुविधा ली गई थी और इनपुट की घरेलू अधिप्राप्ति की अनुमति देते हुए बीडब्ल्यूसी जारी करने के बाद आरए द्वारा अवैधीकरण पत्र भी जारी किए गए थे।
2	अहमदाबाद	10	2 एए में एएच द्वारा निर्यात किए गए उत्पाद प्राधिकार में अनुमत किए गए उत्पादों से भिन्न थे जिसके परिणामस्वरूप आरए द्वारा निर्यात पर गलत विचार किया गया था, जिसमें ₹ 83.93 लाख का परित्यक्त शुल्क था जिसकी वसूली करने की आवश्यकता है। अन्य आठ एए में सीए सर्टिफिकेट में इस बात का उल्लेख नहीं था कि सेनवेट क्रेडिट का लाभ उठाया गया है या नहीं। यह भी प्रमाणित किया गया कि निर्यात के बाद आयातित माल का उपयोग शुल्क योग्य माल के विनिर्माण के लिए किया जाएगा। एक मामले में, सीए ने सेनवेट क्रेडिट का लाभ उठाने के साथ-साथ लाभ न उठाने दोनों को प्रमाणित किया। आरए ने सीए प्रमाणपत्रों और माल के विपथन की संभावना का विधिवत सत्यापन किए बिना सभी आठ एए में ईओडीसी जारी किया और निर्यात पूरा होने या दोहरे लाभ का फायदा उठाने के बाद इसके आयात के कारण से इनकार नहीं किया जा सकता।
	कुल	17	

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि मामले की जांच की जा रही है। आरए अहमदाबाद में दो फर्मों के संबंध में निर्यात किए गए उत्पाद का नाम और विवरण एए के साथ मेल खाते थे।

उत्तर तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है क्योंकि निर्यातित उत्पाद (क्लोरपाइरिफॉस तकनीकी 48 प्रतिशत मिन और 'आईटीसी 63051200 के तहत गैर-बुना हुआ कपड़ा') एए में समर्थित उत्पाद (क्लोरपाइरिफॉस तकनीकी 94 प्रतिशत और

---

[12] बीडब्ल्यूसी बांड छूट प्रमाण-पत्र होता है। जब किसी एएच ने पहले निर्यात किया हो, तब बांड छूट जारी की जाती है क्योंकि उसने पहले ही शर्तों का अनुपालन किया है। परित्यक्त शुल्क की सुरक्षित रखने के लिए बांड लिया जाता है और निर्यात बाध्यता को पूरा न करने की स्थिति में बीजी को निरस्त किया जाता है। जब एएच ने पहले ही निर्यात किया हो, तब बांड अर्थहीन हो जाता है और इसलिए बांड-छूट जारी की जाती है।

आईटीसी एचएस कोड 56031200 के तहत मानव निर्मित फाइबर (पॉलीप्रोपाइलीन) से बने गैर-बुने हुए कपड़े') के साथ मेल नहीं खाता था।

3.2.7.2 ई-बीआरसी के साथ निर्यात लदान बिल/बीजक को लिंक न करना

एचबीपी 2015-2020 के पैरा 4.44 (ई) में यह निर्धारित किया गया है कि ई-बीआरसी को ईओ/वसूली की समाप्ति की तारीख या भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा की वसूली के लिए निर्धारित समय अवधि से छह माह के अन्दर एसबी के साथ लिंक किया जाएगा।

आरए कोच्चि में मैसर्स एटी लिमिटेड को जारी एए (नवंबर 2015) में यह देखा गया कि केवल ईओडीसी जारी होने के बाद ही डीजीएफटी सिस्टम में एसबी के लिए ई-बीआरसी अपलोड की गई थी। ई-बीआरसी प्रस्तुत न करने के लिए आरए द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई और यह सत्यापित और सुनिश्चित किए बिना ईओडीसी जारी किया गया कि निर्यात प्राप्तियों की वास्तव में वसूली की गई थी।

आरए (कानपुर और पटना) में यह देखा गया कि विमाचेन किए गए सभी 42 मामलों में कोई भी ई-बीआरसी एसबी के साथ लिंक नहीं किया गया। एसबी को एएच द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत किया गया था (**अनुलग्नक 7**)।

डीजीएफटी ने आरए कोच्चि के संबंध में कहा था (फरवरी 2021) कि फर्म को मांग नोटिस जारी किया गया है और अन्य आरए से उत्तर प्रतीक्षित है।

3.2.7.3 अवैधीकरण/पुनर्वैधीकरण पत्र जारी करने में देरी

एचबीपी के पैरा 9.10 (xi) के साथ पठित एफटीपी के पैरा 4.20 में एएच से आवेदन प्राप्त होने के तीन दिनों की अवधि के भीतर अग्रिम रिलीज आदेश (एआरओ) या अवैधीकरण पत्र के प्रति सीधे आयात के बदले देशी आपूर्तिकर्ताओं से इनपुट अधिप्राप्त करने की अनुमति दी गयी है। एचबीपी के पैरा 9.10 (vi) के अनुसार, आरए एएच से आवेदन प्राप्त होने के तीन दिनों की अवधि के भीतर ईओपी के प्राधिकार या विस्तार का पुनर्वैधीकरण जारी करेगा।

आरए हैदराबाद में अवैधीकरण पत्र जारी करने में 12 मामलों में तीन दिन से 221 दिन तक की देरी देखी गई। इसी प्रकार, आरए हैदराबाद और विशाखापत्तनम में 29 मामलों में ईओपी के पुनर्वैधीकरण या विस्तार के लिए पत्र जारी करने में तीन से 72 दिनों की देरी देखी गयी।

डीजीएफटी ने आरए हैदराबाद के संबंध में श्रमबल की कमी को विलम्ब का कारण बताया (फरवरी, 2021)।

3.2.7.4 ईओपी के विस्तार के लिए संयोजन फीस का कम संग्रहण होना/संग्रहण न होना

ईओ में कमी के 0.5 प्रतिशत की संयोजन फीस के भुगतान के अधीन ईओपी का विस्तार प्रदान किया जा सकता है।

सीएलए दिल्ली और आरए जयपुर, कानपुर और कोलकाता में सात मामलों में ₹ 26.07 लाख की संयोजन फीस का कम संग्रहण होना/संग्रहण न होना देखा गया।

सीएलए दिल्ली और आरए जयपुर ने ₹ 3.60 लाख की वसूली सूचित की।

3.2.7.5 अस्वीकार्य ड्राबैक का दावा

एफटीपी 2015-20 के पैरा 4.15 में यह निर्धारित किया गया है कि निर्यात उत्पाद में प्रयुक्त शुल्क प्रदत्त आयातित या घरेलू इनपुट (मानदंडों में निर्दिष्ट नहीं) के लिए ड्राबैक उपलब्ध होगा, बशर्ते कि आवेदक एए के लिए आवेदन में शुल्क प्रदत्त इनपुट के विवरण को स्पष्ट रूप से इंगित करेगा।

आरए कोयंबटूर में मैसर्स एयू लिमिटेड के ईओडीसी आवेदन की समीक्षा से पता चला है कि एएच ने निर्यात के प्रमाण के प्रति प्रस्तुत सभी 95 एसबी में ड्राबैक और अग्रिम लाइसेंस दोनों का दावा किया। यह एचबीपी के पैरा 4.29 के प्रावधानों के उल्लंघन में है और इसलिए इन एसबी को ईओ के उद्देश्य से अपात्र के रूप में माना जाना था। एए का सीआईएफ मूल्य ₹ 8.10 करोड़ था, जिसमें परित्यक्त शुल्क ₹ 1.34 करोड़ शामिल था।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि एएच गैर-कपड़े मदों के लिए ड्राबैक की सभी उद्योग दर के लिए पात्र है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि एएच ने एसबी के अनुसार कपड़े की मदों के लिए ड्राबैक का दावा किया था, और इसलिए इन एसबी को मूल्य वर्धन के लिए अयोग्य माना जाना है।

3.3 योजना के क्रियान्वयन में अंतरविभागीय समन्वय

3.3.1 ऑनलाइन एमईएम का कार्यान्वयन न होना

एचबीपी 2015-20 के पैराग्राफ 4.47 (बी) के अनुसार, ईओडीसी/मोचन प्रमाण पत्र जारी करने के बाद, आरए ईओडीसी की प्रति प्राधिकार के पंजीकरण के पत्तन पर सीमा शुल्क प्राधिकारियों को अग्रेषित करेगा, जिसमें ईओ की पूर्ति के प्रमाण के विवरण दर्शाए गए हों। डीजीएफटी और सीबीआईसी के बीच एमईएम के तहत ईडीआई के माध्यम से इन्हें संचारित करने की प्रणाली शुरू होने तक आरए द्वारा सीमा शुल्क को भी ईओडीसी की प्रति पृष्ठांकित की जाएगी।

लेखापरीक्षा में यह देखा गया कि आरए जयपुर, कोलकाता पत्तन और एसीसी हैदराबाद में एमईएम कार्यान्वित नहीं हुआ था। आरए कोलकाता, अहमदाबाद और वडोदरा ने सूचना के आदान-प्रदान के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मॉड्यूल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। ऑनलाइन एमईएम के अभाव में डीजीएफटी और सीमा शुल्क के बीच सूचना का आदान-प्रदान पर्याप्त नहीं था और निम्नलिखित देखा गया:

तालिका 3.13: ऑनलाइन एमईएम का कार्यान्वयन न होना

क्र.सं.	पत्तन का नाम	कुल	स्थिति
1	कोलकाता समुद्री सीमाशुल्क	273	डीजीएफटी से ईओडीसी के प्राप्त न होने के कारण 273 एए दो साल से अधिक समय से निपटान के लिए लंबित थे।
2	आईसीडी बेंगलुरु	783	डीजीएफटी से ईओडीसी के सूचित न करने के 1070 मामले।
3	एनसीएच मंगलुरु	287	
4	आईसीडी हैदराबाद	20	12 एए में आरए द्वारा सीमा शुल्क को अवैधीकरण सूचित नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप घरेलू बाजार में इनपुट की अधिप्राप्ति के साथ-साथ पंजीकरण के पत्तन से शुल्क मुक्त उसी इनपुट का आयात करते समय एएच द्वारा दोहरे लाभ का उपयोग किया जा सकता है। अन्य 8 एए में कोई इओडीसी प्राप्त नहीं हुआ।
5	एसीसी हैदराबाद	1	आरए को न दर्शाया गया ₹ 42.01 लाख का आयात
6	दिल्ली	2620	दिल्ली क्षेत्राधिकार (जनवरी 2020) के

क्र.सं.	पत्तन का नाम	कुल	स्थिति
			तहत सीमा शुल्क पत्तनों के मासिक प्रगति रजिस्टर (एमपीआर) के अनुसार, 2620 मामलों में ईओपी खत्म हो गया था। इन मामलों का धनमूल्य सीमा शुल्क से मांगा गया था, जो प्रतीक्षित है।
	कुल	3984	

एक प्रभावी ऑनलाइन संदेश विनिमय मॉड्यूल (एमईएम) के अभाव में, सीबीआईसी को अक्सर डीजीएफटी द्वारा दी गई ईओडीसी स्थिति का पता लगाने के लिए एएच पर निर्भर रहना पड़ता था। इसी तरह डीजीएफटी को उन मामलों के लिए शुल्क भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं थी, जिनमें ईओ की अवधि खत्म हो गई है लेकिन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। डीजीएफटी द्वारा ईओडीसी डेटा को न भेजने/सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा ईओडीसी डेटा का उपयोग न करने से बांडों के निपटान में विलंब होता है और लम्बन में वृद्धि होती है। सोदाहरण मामलों में सरकारी राजस्व शामिल था; इसलिए एएच को आरए से मोचन पत्र प्राप्त करने और उन्हें सीमा शुल्क विभाग को प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है ताकि लंबित मामलों को कम किया जा सके और अन्तर्निहित सरकारी राजस्व की वसूली के लिए कार्रवाई शुरू की जा सके।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि एए सॉफ्टवेयर आरए को ऐसी पहुंच की अनुमति नहीं देता है। आरए द्वारा ईओ निगरानी पहले ही शुरू की जा चुकी है और नई आईटी प्रणाली से ईओडीसी में देरी के मुद्दे को हल करने की आशा है।

डीओआर ने कहा (फरवरी 2021) कि लंबित प्राधिकारों के संबंध में सीमा शुल्क राजस्व की अधिकतम वसूली के लिए फरवरी-मार्च, 2020 में एक विशेष अभियान चलाया गया था। एमईएम के कार्यान्वयन पर, सीमा शुल्क द्वारा त्वरित कार्रवाई संभव होगी, जहां ईओ समाप्त हो गई है।

इस संबंध में प्रगति आगामी लेखापरीक्षा में देखी जाएगी।

3.3.2 चूककर्ताओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई में डीजीएफटी और सीमा शुल्क के बीच बेमेलता

आसूचना का आदान-प्रदान करने, दुरुपयोग की जांच करने और ईओ पूर्ति स्थिति जैसे मुद्दों पर कार्रवाई करने के लिए आरए के साथ त्रैमासिक आधार

पर आवधिक बैठकों के लिए सीमा शुल्क और डीजीएफटी के बीच एक संस्थागत तंत्र स्थापित किया गया था ताकि डीओआर निर्देशों (जनवरी 2011) के तहत चूककर्ताओं के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जा सके।

चूककर्ताओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई पर डीजीएफटी के साथ सीमा शुल्क के डेटा के प्रति-सत्यापन से निम्नलिखित दो पत्तनों में 101 उदाहरणों में विसंगतियों का पता चला, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है:

तालिका 3.14: चूककर्ताओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई में डीजीएफटी और सीमा शुल्क के बीच बेमेलता

क्र.सं.	**पत्तन का नाम**	**आरए का नाम**	**मामलों की संख्या**	**बेमेलता**
1	एसीसी मुंबई	मुंबई	15	एसीसी मुंबई ने वित्तीय वर्ष 2005 से वित्तीय वर्ष 2013 तक की अवधि से संबंधित 10 एए का अधिनिर्णय किया। हालांकि, आरए मुंबई के अनुसार, एए अभी भी एससीएन स्तर या पीएच स्तर पर लंबित हैं, और अभी तक अधिनिर्णय नहीं हुआ है और एफटीडीआर अधिनियम के अनुसार कोई दंड राशि निर्धारित नहीं की गयी है। अन्य पांच एए में, एसीसी मुंबई ने निर्यातकों से ₹ 1.90 करोड़ की शुल्क की मांग करते हुए पांच मामलों का अधिनिर्णय किया। हालांकि, डीजीएफटी की ओर से, ऐसे अधिनिर्णय आदेशों की तारीख से 1.5 वर्ष से 7.5 वर्ष पूर्व इनका पहले ही मोचन किया गया था।
2	जेएनसीएच मुंबई		86	86 एए के संबंध में जेएनसीएच द्वारा जारी किए गए एससीएन अधिनिर्णयन के लिए लंबित हैं, जबकि इन लाइसेंसों का डीजीएफटी की ओर से पहले ही मोचन किया गया था।
	कुल		**101**	

सीमा शुल्क आयुक्त, मुंबई द्वारा मैसर्स एवी लिमिटेड के विरुद्ध ₹ 1.63 करोड़ के शुल्क की मांग करते हुए अधारणीय इकतरफा अधिनिर्णयन आदेश का एक मामला पारित किया गया था, हालांकि एएच ने एए का उपयोग नहीं किया था और सीमा शुल्क विभाग ने स्वयं सितंबर 2015 में एक गैर-उपयोगिता प्रमाण

पत्र जारी किया था, जिसके आधार पर डीजीएफटी कार्यालय ने अभ्यर्पण पत्र जारी किया था (नवंबर 2015)।

यह चूककर्ताओं के विरुद्ध सूचना के आदान-प्रदान और समन्वयित कार्रवाई में दो विभागों के बीच कमजोर संस्थागत तंत्र को इंगित करता है। या तो एससीएन जारी नहीं किए गए थे या पहले से जारी किए गए एससीएन को लंबित रखा गया था या आरए की ओर से इसकी तदनुरूपी स्थिति का पता लगाए बिना सीमा शुल्क की ओर से अधिनिर्णय किया गया था। इसके अलावा, डीजीएफटी द्वारा भेजे गए ईओडीसी आदेश प्रभावी रूप से सीमा शुल्क तक नहीं पहुंच रहे थे।

यह देखा गया है कि डीजीएफटी ने 'eodc.online' वेबसाइट लॉन्च की है (अप्रैल 2018) जिसमें सीमा शुल्क स्थिति की निगरानी कर सकता है क्योंकि डीजीएफटी निर्यातकों द्वारा फाईल किए गए मोचन आवेदनों पर कार्रवाई की प्रगति को अद्यतन करता है। इसका दो विभागों के बीच कार्रवाई की एकरूपता लाने के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता था।

डीओआर ने कहा (दिसंबर 2020) कि कई मामलों में डीजीएफटी द्वारा eodc.online वेबसाइट अद्यतन नहीं की गई। लाइसेंसधारी न तो मांग नोटिस का उत्तर देते हैं और न ही व्यक्तिगत सुनवाई के लिए पेश होते हैं। सुनवाई के लिए पर्याप्त अवसर और समय देने के बाद भी ईओ की पूर्ति के मुद्दे पर एएच की ओर से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। इसलिए विभाग अधिनिर्णयन के समय अग्रिम प्राधिकारों की वर्तमान स्थिति की जानकारी में असमर्थ है।

सिफारिश संख्या 14: डीजीएफटी और सीमा शुल्क के बीच सूचनाओं के प्रभावी और समय पर आदान-प्रदान के लिए डीजीएफटी को अपने सभी आरए में मैसेज एक्सचेंज मॉड्यूल (एमईएम) लागू करना चाहिए और साथ ही नियमित रूप से अपनी eodc.online वेबसाइट में ईओडीसी स्थिति को अपडेट करना चाहिए। समय पर सूचना साझा करने, ईओडीसी की स्थिति का समाधान करने और छोड़े गए शुल्क के आकार में शामिल सरकारी राजस्व की वसूली के लिए डीजीएफटी और सीमा शुल्क की क्षेत्रीय संरचनाओं के बीच, आवधिक बैठकें निरंतर तरीके से आयोजित की जा सकती हैं। डीजीएफटी/डीओआर द्वारा योजना के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए चूककर्ताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि डीजीएफटी और सीमा शुल्क क्षेत्रीय संरचनाओं के बीच आवधिक बैठकों के निर्देश जारी किए गए हैं (दिसंबर 2020) जिसमें आरए को ईओडीसी की स्थिति का मिलान करने और सरकारी राजस्व की रक्षा के लिए एचबीपी/एफटीपी और एफटीडीआर अधिनियम 1992 में यथा निर्धारित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीओआर ने कहा (फरवरी 2021) कि यह ऑनलाइन ईओडीसी प्राप्त करने के लिए डीजीएफटी के साथ संपर्क कर रहा है। डीओआर ने उन लंबित प्राधिकारों का विवरण प्रदान करने के लिए डीजीएफटी से अनुरोध किया (मई 2019) जहां ईओ की अवधि खत्म हो गई है और ईओडीसी/मोचन पत्र जारी नहीं किया गया है और क्षेत्रीय संरचनाओं को आवधिक बातचीत के लिए जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है।

क्षेत्रीय लेखापरीक्षा कार्यालयों से मिली सूचना के अनुसार ऐसी किसी भी बैठक का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। मुंबई कार्यालय ने कहा कि लेखापरीक्षा में टिप्पणी किए जाने के बाद बैठकें आयोजित की गई थीं, जिसकी टिप्पणी किए गए अखिल भारतीय मामलों के भारी लंबन के साथ भी पुष्टि होती है। मुख्यालय स्तर पर भी डीजीएफटी और डीओआर के बीच अंतर-विभागीय समन्वय की आवश्यकता है और डीजीएफटी/ डीओआर द्वारा समय-समय पर बातचीत करने के लिए क्षेत्रीय संरचनाओं को निर्देश दिए जाने/निगरानी किए जाने की आवश्यकता है।

3.3.3 निर्यात निष्पादन का पता लगाने और चूककर्ता एएच पर कार्रवाई करने के लिए संस्थागत तंत्र में दोष

सीमा शुल्क परिपत्र संख्या 16 (मई 2017) में निर्यात दायित्व के निर्वहन का प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए एएच को सीमा शुल्क द्वारा सामान्य नोटिस जारी करने का निर्धारण किया गया है। यदि एएच डीजीएफटी को अपने आवेदन का प्रमाण प्रस्तुत करता है और ईओडीसी जारी करने की प्रक्रिया चल रही है तो इस मामले को स्थगित रखा जा सकता है। ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के लिए क्षेत्रीय संरचनाओं को संस्थागत तंत्र के माध्यम से डीजीएफटी के साथ बातचीत करनी चाहिए। धोखाधड़ी या अपवंचन के मामले में, क्षेत्रीय संरचनाओं को सुसंगत प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करनी होगी।

सीमा शुल्क पत्तनों में एए से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा से निम्नलिखित का पता चला:

तालिका 3.15: कमजोर संस्थागत तंत्र के कारण निर्यात निष्पादन की निगरानी न करना

क्र.सं.	आयुक्तालय का नाम	एए की संख्या	टिप्पणियां
1	चेन्नई समुद्री पत्तन और तूतीकोरिन	19	एएच ने 19 एए में निर्यात का प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया, हालांकि ईओपी की अवधि समाप्त हो गई और कोई विस्तार नहीं मांगा गया। इन एए के प्रति ₹ 9.00 करोड़ के परित्यक्त शुल्क के साथ ₹ 50.26 करोड़ का आयात किया गया था। विभाग ने प्रारंभिक मांग पत्र जारी किया लेकिन राजस्व की सुरक्षा के लिए अभी तक कोई एससीएन जारी नहीं किया गया।
2	हैदराबाद सीमाशुल्क	93	1,343 अमोचित एए में से 93 एए में ₹ 309.67 करोड़ परित्यक्त शुल्क के साथ ₹ 3674.85 करोड़ का आयात किया गया था, भले ही ईओपी समाप्त हो गई थी और कोई निर्यात नहीं हुआ था।
3	जेएनसीएच और एसीसी मुंबई	19	16 एए फाइलों में कोई एससीएन जारी नहीं किया गया था भले ही ईओपी की अवधि समाप्त होने के बाद एएच ने डीजीएफटी को मोचन के लिए कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया। इसके अलावा, 15 एए फाइलों के संबंध में डीजीएफटी के साथ कोई पत्र व्यवहार नहीं था ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या एएच ने मोचन के लिए डीजीएफटी में कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। अन्य तीन उदाहरणों में, हालांकि एससीएन जारी किए गए थे, लेकिन छह से 10 वर्षों के लिए अधिनिर्णयन लंबित था।
4	एसीसी बेंगलुरु	328	₹ 80.15 करोड़ के शुल्क प्रभाव वाले 328 एए के संबंध में एससीएन पर अभी अधिनिर्णयन दिया जाना है जिसमें 2 से 10 वर्ष तक की देरी हो रही है जिसके परिणामस्वरूप राजस्व अवरूद्ध हो रहा है।
5	एसीसी मुंबई	42	एससीएन जारी होने की तारीख से 60 से 1145 दिनों के भीतर 42 फाइलों का अधिनिर्णयन किया गया।
6	जेएनसीएच मुंबई	25	अधिनिर्णयन के विवरण के लिए अनुरोध किया गया था, जो अभी प्रतिक्षित है; हालांकि, उपलब्ध डेटा के अनुसार, 72 से 511 दिनों की अवधि के भीतर 25 मामलों में एससीएन का अधिनिर्णय किया गया था।
	कुल	**526**	

डीओआर ने कहा (दिसंबर 2020) कि राजस्व की रक्षा के लिए इकतरफा अधिनिर्णयन किया जा रहा है क्योंकि अधिकतम मामलों में व्यक्तिगत सुनवाई

में एएच शामिल नहीं हो रहे हैं। एसीसी बेंगलुरु के संबंध में, ₹ 1.28 करोड़ के राजस्व से जुड़े 13 मामलों पर पहले ही अधिनिर्णयन हो चुका है और शेष लंबित एससीएन को शीघ्र निपटाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर अधिनिर्णय किया जा रहा है।

चूककर्ताओं के विरुद्ध सीमा शुल्क विभाग द्वारा एससीएन जारी न करना और अधिनिर्णयन प्रक्रिया में देरी दोनों विभाग के बीच समन्वय में कमजोरी और निर्यात निष्पादन का पता लगाने और ठोस कार्रवाई करने के लिए डीजीएफटी की ईडीआई प्रणाली या डीजीएफटी के 'eodc.online' के अप्रभावी उपयोग को इंगित करता है। डीजीएफटी को जारी किए गए एए, एससीएन/डिमांड नोटिस को दिए गए विस्तार के बारे में डीओआर को सूचित करना चाहिए और अपने पोर्टल को नियमित रूप से अद्यतन करना चाहिए जिससे सीमा शुल्क द्वारा एक समयबद्ध तरीके में कार्रवाई को सुकर बनाया जा सके।

निष्कर्ष

लाइसेंस के प्रति प्राधिकार की वैधता अवधि के बाद शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देना या अतिरिक्त आयात सीमा शुल्क लाइसेंस उपयोग मॉड्यूल में निगरानी तंत्र में दोष को इंगित करता है। इसके अलावा, बांड के निष्पादन का प्राथमिक उद्देश्य एए योजना में यथा निर्धारित नियमों और क्रियाविधियों का उचित अनुपालन सुरक्षित करना है; यह अनुपालन न करने के मामलों में उचित शुल्क और ब्याज का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एक समर्थक प्रतिभूति के रूप में भी कार्य करता है। सीबीआईसी के निर्देशों में यथा निर्धारित समय पर बांडों को रद्द न किए जाने से न केवल वास्तविक एएच की निधियां अवरूद्ध होती हैं बल्कि बड़े पैमाने पर व्यापार को गलत संकेत भी दिया जाता है।

आरए मोचन के लिए दावा करने के लिए एएच पर निर्भर करता है, क्योंकि उन मामलों का पता लगाने के लिए हाल ही में आरए के पास कोई तंत्र मौजूद नहीं था जहां ईओ की अवधि समाप्त हो गई है। अधिक आयातों की निगरानी न करने, आयात पूर्व शर्तों का अनुपालन न करने और निर्यात दायित्व अवधि (ईओपी) के अनुचित विस्तार के उदाहरण देखे गए।

लाइसेंसों के पुनर्वैधीकरण की मांग के लिए एफटीपी/एचबीपी में कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है और लाइसेंस की वैधता अवधि समाप्त होने के बाद भी ऐसे अनुरोध मांगे जाते हैं। चूंकि लाइसेंस की वैधता एचबीपी के पैरा 2.16 में

निर्दिष्ट है (निर्गम तिथि से 12 माह) और प्राधिकार भी आयात/निर्यात (एचबीपी के पैरा 2.18) की तारीख को वैध होना चाहिए, लेखापरीक्षा की राय में पुनर्वैधीकरण के लिए किसी भी अनुरोध पर केवल लाइसेंस की वैधता के भीतर ही विचार किया जाना चाहिए।

आरए परिशिष्ट 4एच/4ई के तहत यथापेक्षित निर्याततित मदों के विनिर्माण में वास्तव में उपभोग किए गए सभी इनपुट की घोषणा के लिए जोर नहीं देते हैं। लेखापरीक्षा की राय है कि केवल आयातित इनपुट के सीआईएफ मूल्य पर विचार करने की प्रथा मूल्य वर्धन की पूरी स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करती है। देशी आपूर्तियों के मूल्य को शामिल न करना, जीएसटी/कमीशन/आईजीएसटी राशि पर गलत विचार करना और एएच द्वारा वास्तविक आयात की घोषणा न करना लेखापरीक्षा में देखा गया जो शुल्क मुक्त आयातों के विपथन के जोखिम के साथ-साथ योजना के दुरुपयोग से भरा हुआ है। आरए गैर-घोषित माल के वास्तविक उपयोग का पता लगा सकता है और गलत तरीके से प्राप्त छूट को अननुमत करने के लिए उचित कार्रवाई कर सकता है।

मोचन/ईओडीसी आवेदन के लिए ऑनलाइन सुविधा सक्रिय न होने के परिणामस्वरूप ईओडीसी जारी करने में देरी हुई और संव्यवहार लागत और समय में वृद्धि हुई। हालांकि मोचन आवेदन ऑनलाइन फाइल किए गए थे, लेकिन लेखापरीक्षा 2015-16 से 2018-19 की अवधि के दौरान बीई, एसबी, ई-बीआरसी, इनपुट और एक्सपोर्ट खपत और प्रमाण-पत्र जैसे सभी दस्तावेजों को मैन्युअल रूप से दाखिल करना जरूरी था। मोचन प्रक्रिया का पूर्ण डिजिटलीकरण और लाइसेंस डेटा के साथ इसके एकीकरण से देरी को कम करने और मोचन आवेदनों के निपटान के लिए निर्धारित 15 दिनों के बेंचमार्क को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

एक प्रभावी ऑनलाइन मैसेज एक्सचेंज मॉड्यूल (एमईएम) के अभाव में, सीबीआईसी को अक्सर डीजीएफटी द्वारा प्रदान की गई ईओडीसी स्थिति का पता लगाने के लिए एएच पर निर्भर रहना पड़ता था। इसी तरह डीजीएफटी को उन मामलों के लिए शुल्क भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं थी, जिनमें ईओ की अवधि समाप्त हो गई है लेकिन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। डीजीएफटी द्वारा ईओडीसी डेटा का संप्रेषण न करने/सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा ईओडीसी डेटा का उपयोग न करने के परिणामस्वरुप बांडों को बंद करने में विलंब होता है और लंबित मामलों में वृद्धि होती है।

चूककर्ताओं के विरूद्ध सीमा शुल्क विभाग द्वारा एससीएन जारी न करना और अधिनिर्णय प्रक्रिया में देरी दोनों विभागों के बीच समन्वय में कमजोरी और निर्यात निष्पादन का पता लगाने और ठोस कार्रवाई करने के लिए डीजीएफटी की ईडी प्रणाली या डीजीएफटी के '*eodc.online*' के अप्रभावी उपयोग को इंगित करता है। डीजीएफटी को एए को प्रदान किए गए विस्तार, जारी किए गए एससीएन/डिमांड नोटिस के बारे में डीओआर को अधिसूचित करना चाहिए और अपने पोर्टल को नियमित रूप से अपडेट करना चाहिए जिससे सीमा शुल्क द्वारा समयबद्ध तरीके से कार्रवाई को सुकर बनाया जा सके।

सिफारिशें

9. ***सीबीआईसी उपयुक्त बांड नवीकरण/रद्दीकरण को सुनिश्चित करने के लिए और ईओडीसी प्रास्थिति को अभिनिश्चित करने के लिए एएच पर निर्भर होने की आवश्यकता के नियकरण के लिए ईओ अवधि की समाप्ति के लिए एक स्वचालित चेतावनी प्रणाली पर विचार कर सकता है।***

10. ***डीजीएफटी को ईओ के निरन्तर रूप् से और नियमित रूप से मानीटरन के लिए एक प्रभावी तंत्र रखने की आवश्यकता है। अब तक ऐसे मामलों पर नज़र रखने के लिए कोई प्रणाली नहीं थी जहां ईओपी समाप्त हो गयी थी और ईओडीसी प्रास्थिति को सभिनिश्चित करने के लिए आरए एएच पर निर्भर थे। एए के संभावित दुरूपयोग को कम करने के लिए देशी इनपुट के प्रतिस्थापन के माध्यम से आयातित इनपुट के संभावित विपथन को संबोधित करने के लिए डीजीएफटी के ईडीआई सिस्टम में वैधीकरण जांचों के होने के आवश्यकता है।***

11. ***डीजीएफटी को पुनर्वैधीकरण प्रदान करने के लिए क्रियाविधि की समीक्षा करनी चाहिए और पुनर्वैधीकरण के लिए अनुरोधों को केवल प्राधिकार की वैधता अवधि के अन्दर ही स्वीकार किया जाना चाहिए ताकि निर्यात दायित्व के लिए गणना किए गए कोई भी शुल्क मुक्त आयात या निर्यात प्राधिकार की वैद्धता अवधि के अन्दर हो।***

12. ***डीजीएफटी परिशिष्ट 4 एच में पूर्ण प्रकटन के लिए जोर दे सकता है जिसमें, एएच से "घरेलू अधिप्राप्त इनुपुट सहित निर्यातित माल के विनिर्माण में उपयुक्त सभी इनपुट और एसी अधिप्राप्ति के स्रोत के विवरण" घोषित करने की अपेक्षा की गयी है। जो आरए द्वारा वास्तविक खपत की बेहतर निगरानी को***

सुकर बनाने के लिए है जिससे शुल्क मुक्त आयातों के विपथन और योजना के दुरूपयोग को रोका जा सके।

13. *डीजीएफटी को 15 दिनों की अपनी निर्धारित समय-सीमा को पूरा करने के लिए ईओडीसी को जारी करने के लिए क्रियाविधि की समीक्षा यह सुनिश्चित करके करनी चाहिए कि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल पूर्ण और मुकम्मल आवेदनों को स्वीकार करने के आनलाईन माडयूल को फिर से बनाया गया है।*

14. *डीजीएफटी और सीमा शुल्क के बीच सूचनाओं के प्रभावी और समय पर आदान-प्रदान के लिए डीजीएफटी को अपने सभी आरए में मैसेज एक्सचेंज मॉड्यूल (एमईएम) लागू करना चाहिए और साथ ही नियमित रूप से अपनी* eodc.online *वेबसाइट में ईओडीसी स्थिति को अपडेट करना चाहिए। समय पर सूचना साझा करने, ईओडीसी की स्थिति का समाधान करने और छोड़े गए शुल्क के आकार में शामिल सरकारी राजस्व की वसूली के लिए डीजीएफटी और सीमा शुल्क की क्षेत्रीय संरचनाओं के बीच, आवधिक बैठकें निरंतर तरीके से आयोजित की जा सकती हैं। डीजीएफटी/डीओआर द्वारा योजना के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए चूककर्ताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई शुरू की जा सकती है।*

अध्याय IV
आंतरिक नियंत्रण प्रबंधन

आंतरिक नियंत्रण को मोटे तौर पर एक इकाई के प्रबंधन द्वारा प्रभावित प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है, जो संचालन की प्रभावशीलता और दक्षता के उद्देश्यों की प्राप्ति, वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। एक मजबूत आंतरिक नियंत्रण तंत्र न केवल निवारक के रूप में कार्य करता है बल्कि धोखाधड़ी की गतिविधियों की संभावना को भी कम करता है और अपने इच्छित उद्देश्यों को प्राप्त करने में प्रबंधन की सहायता करता है। लेखापरीक्षा ने मानदंड जैसे निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन, आंतरिक/विशेष लेखा परीक्षा, डेटा प्रबधन की प्रणाली, लेखाकरण और आंतरिक नियंत्रणों की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए आंतरिक अभिलेखन का सत्यापन किया और निम्नलिखित कमियों को पाया:

- आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा की अपर्याप्त निगरानी (पैरा 4.1);
- एससीएन जारी करने/अधिनिर्णय के लिए समय-सीमा का अभाव (पैरा 4.2);
- सीमा शुल्क ईडीआई प्रणाली के अनुसार एमआईएस रिपोर्ट और डेटा में बेमेलता (पैरा 4.3);
- अन्य अनियमितताएं (पैरा 4.4)

4.1 आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा की अपर्याप्त निगरानी

एफटीपी 2015-20 के पैराग्राफ 7.10 के अनुसार, एक जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) चालू रहेगी, जिसमें प्रत्येक महीने डीजीएफटी मुख्यालय में कंप्यूटर प्रणाली, यादृच्छिक आधार पर, प्रत्येक आरए के ऐसे 10 प्रतिशत मामलों का चयन करेगी, जहां लाभों को पहले ही प्रदान किया जा चुका है। ऐसे मामलों की जांच संबंधित आंचलिक अतिरिक्त डीजीएफटी के कार्यालय में संयुक्त डीजीएफटी की अध्यक्षता वाली एक आंतरिक लेखापरीक्षा टीम द्वारा की जाएगी। टीम न

केवल अपने कार्यालय के लिए दावों बल्कि जोन के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी आरए के दावों की लेखापरीक्षा करने के लिए भी उत्तरदायी होगी। संबंधित आरए या तो आंतरिक/बाह्य लेखापरीक्षा एजेंसी की रिपोर्ट या स्व-प्रेरणा के आधार पर भी किसी मामले का पुनर्मूल्यांकन कर सकता है, जहां कोई त्रुटिपूर्ण/अपात्र भुगतान किया गया हो/दावा किया गया हो। आरए, वसूली योग्य राशि पर 15 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज के साथ भुगतान की वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

एफटीपी के पैरा 4.07 (ix) में आगे यह निर्दिष्ट है कि डीजीएफटी या उनके द्वारा प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति स्व-संपुष्टि योजना के तहत जारी एए से संबंधित विनिर्माण की लेखापरीक्षा कर सकता है। इस तरह की लेखापरीक्षा को प्राधिकार जारी होने की तारीख से तीन वर्ष के भीतर आरएमएस के आधार पर किया जा सकता है। उप-पैरा (x) में आगे कहा गया है कि डीजीएफटी या उनके द्वारा प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति मामले के स्वरूप और जटिलता एवं सरकार के राजस्व को ध्यान में रखते हुए एक विशेष लेखापरीक्षा शुरू कर सकता है, यदि संवीक्षा/जांच/पूछताछ के किसी भी चरण में उसका यह मत है कि मानदंडों का सही दावा नहीं किया गया है या अधिक लाभ प्राप्त किए गए हैं।

नौ आरए (अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, जयपुर, हैदराबाद, लुधियाना, पानीपत, वडोदरा और विशाखापट्टनम) में देखा गया था कि स्व-संपुष्टि योजना के तहत मामले होने के बावजूद कोई आंतरिक लेखापरीक्षा या विशेष लेखापरीक्षा नहीं की गयी।

मुंबई और पुणे आरए में यह देखा गया कि एमओएफ के पीएओ द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा कराई जा रही है जो डीजीएफटी के प्रशासनिक नियंत्रण में नहीं है और जिसका दायरा आरएमएस आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा से भिन्न है। आरए मुंबई और पुणे द्वारा विशेष लेखापरीक्षा के संबंध में कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की गई थी।

आरए बेंगलुरु, हैदराबाद और विशाखापत्तनम को इस बात की जानकारी नहीं थी कि एए मामलों का आंतरिक लेखापरीक्षा करने के लिए आरए के पास ऐसा कोई तंत्र मौजूद है। इस संबंध में अनुरोध/अनुस्मारक जारी किए जाने के बावजूद भी

सीएलए दिल्ली द्वारा आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा कराने के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई थी।

आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा करने के लिए श्रमबल की उपलब्धता की समीक्षा की गई और यह देखा गया कि आरए बेंगलुरु, मुंबई और कोच्चि में आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा के लिए कोई अलग पद मौजूद नहीं था या श्रमबल आवंटित नहीं किया गया और आरए मुंबई, पुणे, चेन्नई और कोच्चि में स्टाफ की कमी देखी गई।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि सभी आरए को आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं और आंतरिक लेखापरीक्षा प्रगति पर है या क्षेत्रीय स्तर पर कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। डीजीएफटी ने आगे कहा (जुलाई 2021) कि डीजीएफटी मुख्यालय में कोई अलग आंतरिक लेखापरीक्षा विंग नहीं बनाया गया है और आरए/सीएलए में आंतरिक लेखापरीक्षा के संचालन के लिए कोई अलग पद निर्दिष्ट नहीं है, तथापि, कुछ आरए ने अपना लेखापरीक्षा विंग बनाया है। डीजीएफटी मुख्यालय की आंतरिक लेखापरीक्षा सीसीए, डीओसी द्वारा गठित पीएओ टीम द्वारा की जाती है।

आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा संबंधी प्रभावी नीति के अभाव ने उन योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी न करने में योगदान दिया था जिसमें अन्य कार्यों के बीच इनपुट्स के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देकर विभिन्न माल के निर्यात के लिए लाइसेंस जारी किए गए। क्षेत्रीय स्तर पर बहुत से आरए ऐसे किसी तंत्र से अनजान हैं।

सिफारिश संख्या 15: आंतरिक लेखापरीक्षा, सुधार करने के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है और इसलिए आंतरिक नियंत्रण का एक प्रभावी उपकरण है। डीजीएफटी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आंतरिक लेखापरीक्षा में उचित रूप से स्टाफ दिया गया है और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में नियमित रूप से और प्रभावी ढंग से लेखापरीक्षा की जा रही है। इसके अलावा, विशेष लेखापरीक्षा की परिकल्पना विशेष रूप से उन मामलों के लिए की गई थी जिनमें एए स्व-संपुष्टि/घोषणा के तहत जारी किए जाते हैं और इसलिए गलत घोषणाएं करने वाले आवेदकों के लिए निवारक के रूप में कार्य

करने के लिए कम से कम कुछेक मामलों में परीक्षण के तौर पर लेखापरीक्षा की जानी चाहिए थी।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि सभी आरए को आंतरिक लेखापरीक्षा और विशेष लेखापरीक्षा कराने का भी निर्देश दिया गया है जिसमें कुछ परीक्षण जांचें करके स्व-संपुष्टि/घोषणा के तहत एए जारी किए जाते हैं।

बाद के लेखापरीक्षा में इस संबंध में प्रगति की निगरानी की जाएगी।

4.2 आरए द्वारा प्राधिकार और ईओ पूर्ति की शर्तों की निगरानी न करना

एफटीडीआर अधिनियम 1992 को 7 अगस्त 1992 से लागू किया गया था ताकि आयात को सुगम बनाकर और भारत से निर्यात बढ़ाने के लिए विदेशी व्यापार के विकास और विनियमन का प्रावधान किया जा सके। एफटीडीआर अधिनियम, 1992 की धारा 11 के साथ पठित धारा 13, अधिनिर्णयन प्राधिकारी को उक्त अधिनियम की धारा 14 के तहत एससीएन जारी करने के बाद लाइसेंस की किसी भी शर्त उल्लंघन या ईओ को पूरा करने में विफलता के के लिए जुर्माना लगाने की शक्ति देती है।

लेखापरीक्षा ने यह देखने के लिए आरए के लिए स्थापित तंत्र की समीक्षा की कि क्या एएच द्वारा लाइसेंसों की शर्तों और ईओ की पूर्ति का अनुपालन किया जा रहा था जो यह जांच करके पता किया कि क्या एससीएन/अधिनिर्णय आदेशों की सूची का विधिवत रखरखाव किया जाता है, एससीएन/अधिनिर्णय जारी करने में लगने वाला समय और यह भी की क्या कोई वसूली तंत्र लागू है।

लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि एससीएन जारी करने और बाद में उसके अधिनिर्णय के लिए अधिनियम में कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। एससीएन/अधिनिर्णय आदेश जारी करने के लिए एक विशिष्ट समय-सीमा के अभाव में, आरए, लाइसेंस की शर्तों के किसी उल्लंघन या ईओ को पूरा करने में विफलता के मामले में दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप एससीएन के जारी करने में/उसके अधिनिर्णय में अत्यधिक विलंब हुआ जैसा कि यहां नीचे सोदाहरण दर्शाया गया है:

(i) आरए मुंबई में, 2015-16 से 2018-19 की अवधि के दौरान 1,074 प्राधिकारों में एससीएन जारी करने में लगने वाला समय 2 से 17 वर्ष तक

था। 396 मामलों में पीएच की गई, फैक्टशीट तैयार की गई लेकिन दो से तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद कोई अधिनिर्णय आदेश जारी नहीं किए गए। अन्य मामलों में एससीएन जारी होने के बाद भी सुनवाई की कार्यवाही और कार्यवाही के निष्कर्ष आवधिक रूप से नहीं हुए थे। लेखापरीक्षा में आरए मुंबई और पुणे में 25 नमूना मामलों की जांच की गई और एससीएन जारी करने और उनके अधिनिर्णय में देरी के लिए कोई महत्वपूर्ण कारण नहीं पाया गया । ईडीआई के डेटा के अनुसार, आरए मुंबई ने 2015-16 से 2018-19 के दौरान 374 एससीएन का अधिनिर्णय किया था और ₹ 432.26 करोड़ की दंड राशि लगायी थी। लेखापरीक्षा में जांच की गई दो नमूना अधिनिर्णय फाइलों में जनवरी/फरवरी 2018 में लगाई गई ₹ 46 करोड़ की दंड राशि शामिल थी और मामले अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष लंबित हैं।

(ii) आरए बंगलुरु में, 2015-16 से 2018-19 की अवधि के दौरान 949 एससीएन जारी किए गए थे, जिनमें से केवल 51 मामलों (5.37 प्रतिशत) पर ही अधिनिर्णय हो सकता था जिसमें ₹824.17 लाख की दंड राशि शामिल है। हालांकि आज तक कोई वसूली नहीं हो सकी।

(iii) आरए हैदराबाद में, 229 एए के संबंध में 229 एससीएन जारी किए गए थे; हालांकि, किसी का भी अधिनिर्णय नहीं किया गया। आगे की जांच से पता चला कि 2001-02 से 2017-18 से संबंधित चूक के लिए 2018-19 में 228 एससीएन (कुल 229 एससीएन में से) जारी किए गए थे। आरए को एससीएन जारी करने में 17 वर्ष तक का समय लगा।

(iv) आरए जयपुर में, समीक्षा में शामिल अवधि के दौरान आठ एससीएन 67 से 981 दिनों तक की देरी के साथ जारी किए जा सके। सात महीने से छह वर्ष तक की देरी के साथ केवल छह एससीएन का ही अधिनिर्णय किया जा सका। हालांकि, किसी भी मामले में आज तक कोई वसूली (₹29.00 लाख की दंड राशि में) नहीं की जा सकी है।

(v) आरए कटक, जयपुर और कोलकाता में एससीएन/अधिनिर्णय रजिस्टर का सही रखरखाव नहीं किया गया था।

(vi) जारी किए गए एससीएन या किए अधिनिर्णय का विवरण तीन आरए (अहमदाबाद, दिल्ली और वडोदरा) द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया था।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि इस मामले को हल करने और संस्थागत तंत्र को मजबूत करने और देरी के लिए श्रमबल की कमी जैसे कारणों के निपटान के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

एससीएन और अधिनिर्णय आदेश जारी करने के लिए एफटीडीआर अधिनियम में विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए ताकि कार्रवाई किए जाने वाले सभी मामलों को बिना किसी पूर्वाग्रह के एक ही तरीके से निपटाया जाना चाहिए और जिससे सरकारी राजस्व के अवरोधन को कम करने में भी मदद मिलेगी।

सिफारिश संख्या 16: डीजीएफटी, समय पर और प्रभावी तरीके से अधिनिर्णय प्रक्रिया के बेहतर नियमन को लागू करने के लिए एससीएन जारी करने और अधिनिर्णय के लिए समय-सीमा तय करने पर विचार कर सकता है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि ईसीए डिवीजन ने एफटीडीआर अधिनियम के तहत अधिनिर्णय कार्यवाही के लिए सभी आरए को मॉडल दिशानिर्देश और समय-सीमा जारी किए है (जनवरी 2021), और अधिनिर्णय कार्यवाही की व्यापक निगरानी के लिए लागू की जा रही नई आईटी प्रणाली का भी उल्लेख किया है।

इस संबंध में प्रगति को आगामी लेखापरीक्षाओं में देखा जाएगा।

4.3 सीमा शुल्क ईडीआई प्रणाली के अनुसार एमआईएस रिपोर्ट और डेटा में बेमेलता

डीजीएफटी की एमआईएस रिपोर्ट, आरए के परिचालन पहलुओं/प्रदर्शन/कार्यभार का निर्धारण करने के लिए बहुमूल्य इनपुट्स प्रदान करता है। आरए को विभिन्न सूचनाओं की जाँच करनी होती है अर्थात प्रसंस्कृत विभिन्न आवेदनों का विवरण, एनसी को भेजे गए मामले, ईओ निगरानी, एससीएन/अधिनिर्णय, न्यायालय में मामले, स्वीकृत संख्या और पीआईपी जो सांख्यिकी संभाग द्वारा आरए के विभिन्न अनुभागों से प्राप्त इनपुट के आधार पर संकलित किए जाते हैं। डीजीएफटी द्वारा निगरानी आरए द्वारा प्रस्तुत एमआईएस रिपोर्टों के आधार पर की जाती है।

डीजीएफटी को प्रस्तुत एमआईएस रिपोर्ट की जब सीमा शुल्क ईडीआई डेटा से तुलना की गई तो उस की समीक्षा से तीन आरए में विसंगतियों का पता चला जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

आरए मुंबई में, वित्तीय वर्ष 01 से वित्तीय वर्ष 17 तक की अवधि के लिए प्रति-सत्यापन से गैर-मोचन वाले लाइसेंस के 956 मामलों, जारी किए गए एससीएनएस के 331 मामलों और जारी न किये गए एससीएन के 1,287 मामलों में बेमेलता का पता चला। इसके अलावा एमआईएस-4 रिपोर्ट में एक कमी है क्योंकि इसमें जारी किए गए एससीएन/मांग नोटिस के लंबित होने और उनके लंबित होने के कारणों का आयु-वार विश्लेषण नहीं दिया गया है।

इसी तरह, आरए पुणे में, वित्तीय वर्ष 09 से वित्तीय वर्ष 19 तक की अवधि के लिए गैर-मोचन वाले मामलों में बेमेलता की संख्या 85 थी। डीजीएफटी को प्रस्तुत की गई एमआईएस रिपोर्ट में एससीएन के लंबित होने का विवरण नहीं दिया गया है। इसका पता चलने पर यह बताया गया था कि 59 एससीएन 1 से 2.5 वर्ष तक की अवधि के लिए लंबित हैं।

आरए जयपुर में, 2015-16 से 2018-19 की अवधि के लिए एए की संख्या और उस पर सीआईएफ मूल्य, डीजीएफटी को भेजी गई एमआईएस रिपोर्ट के साथ मेल नहीं खाती थी, जिसमें 43 एए का अंतर था, जिसमें ₹540.86 करोड़ का सीआईएफ मूल्य शामिल था।

आरए जयपुर ने अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए जनवरी 2020 में मौजूदा एमआईएस-4 रिपोर्ट को सही किया। हालांकि, पहली एमआईएस रिपोर्ट में डेटा के बेमेल होने के कारणों को व्यक्त नहीं किया गया था।

आरए द्वारा प्रस्तुत की गई एमआईएस रिपोर्टों की डीजीएफटी द्वारा पर्याप्त निगरानी/मिलान नहीं किया जा रहा है और महत्वपूर्ण सूचनाओं की रिपोर्टिंग न करने को आरए के साथ उठाया नहीं जा रहा है। कार्रवाई शुरू करने में देरी के साथ-साथ मांग नोटिस/एससीएन के निपटान में विलंब के परिणामस्वरूप भारी संचित लम्बन हुआ। एफटीपी में कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई थी और कोई प्रशासनिक आदेश जारी नहीं किए गए थे जिसमें कार्रवाई शुरू करने और चूककर्ताओं के विरुध कानूनी कार्यवाही तेज करने के निर्देश थे।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि eodc.online की सुविधा डाटाबेस इंटरफेस प्रदान करती है और इस मामले को हल करने और संस्थागत तंत्र को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

सिफारिश संख्या 17: डीजीएफटी को आरए द्वारा प्रस्तुत एमआईएस रिपोर्टों की निगरानी करने की आवश्यकता है और गलत/गैर-रिपोर्टिंग के दृष्टांतों को आरए के साथ उठाया जा सकता है। एमआईएस रिपोर्ट से मिली सूचना के आधार पर डीजीएफटी द्वारा कार्रवाई की जा सकती है।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि नई आईटी प्रणाली शुरू किए जाने के साथ (1 दिसंबर 2020), यह योजना अब पेपरलेस है जिसमें 100 प्रतिशत सटीकता के साथ ऑनलाइन रिपोर्ट तैयार की जाएगी और मास्टर रजिस्टर के गैर-रखरखाव या बेमेल होने का कोई सवाल ही नहीं है।

आगामी लेखापरीक्षा में इस संबंध में प्रगति पर नजर रखी जाएगी। एमआईएस रिपोर्टों से एकत्रित सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई का विवरण लेखापरीक्षा को सूचित किया जा सकता है।

4.4 अन्य अनियमितताएं

4.4.1 मास्टर रजिस्टर का रखरखाव/अद्यतन न करना

एचबीपी 2015-20 के नियम 4.44 (ए) यह निर्धारित करता है कि ईओपी की आरम्भ और समापन तिथियों और ईओ की प्रभावी निगरानी के लिए अन्य विवरणों को दर्शाते हुए आरए एक मास्टर रजिस्टर में उचित रिकॉर्ड का रखरखाव करेगा ताकि चूककर्ता एएच के विरुध समय पर कार्रवाई शुरू की जा सके।

लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान लेखापरीक्षा ने पाया कि पांच आरए (कटक, दिल्ली, पानीपत, पटना और वाराणसी) में मास्टर रजिस्टर का रखरखाव नहीं किया गया था और अन्य पांच आरए (हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर और विशाखापट्टनम) में ठीक से अद्यतन नहीं किया गया था।

आरए हैदराबाद में, एक मामले को उजागर किया गया है जहां ईओ की पूर्ति की प्रभावी निगरानी नहीं की जा रही थी, भले ही मास्टर रजिस्टर का भौतिक और कंप्यूटर सिस्टम (एलईएमआईएस) दोनों में रखरखाव किया गया था। मोचन न

किए गए 1,343 में से 93 एए में, जहां ईओपी समाप्त हो गया था, तब भी कोई निर्यात नहीं किया गया था, भले ही एएच ने इन मामलों में ₹309.67 करोड़ के छोडे गए शुल्क के साथ शुल्क मुक्त माल का आयात किया था। चार उदाहरणों में इस संबंध में एएच के साथ कोई संवाद नहीं किया गया। एक मामले में, अधिक आयात केवल एए के मोचन के समय देखा गया। इसके अलावा, पुनर्वैधीकरण/विस्तार/ वृद्धि/अवैधीकरण के संशोधन आदेशों को मास्टर रजिस्टर में अद्यतन नहीं किया गया था।

डीजीएफटी ने कहा (फरवरी 2021) कि 'eodc.online' ऑनलाइन मॉड्यूल, ईओ की स्थिति की निगरानी करता है जिससे लंबित मामलों के विवरण की जांच की जा सकती है। अब सभी ईओडीसी प्रणाली से उत्पन्न होते हैं जो स्वयं मास्टर रजिस्टर के रूप में काम कर सकते हैं।

वर्ष 2015-16 से 2018-19 की अवधि के दौरान मास्टर रजिस्टर के अभाव में, आरए के पास न तो ईओ की पूर्ति निर्धारित करने के लिए कोई तंत्र था जब तक एएच द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे और न ही आरए, एएच से ईओ की पूर्ति के लिए विवरण मांग सकता था। इसके अलावा, आरए ऐसे आवश्यक अभिलेखों के अभाव में आगे लाइसेंस से इनकार करने, लाइसेंस की शर्तों को लागू करने या शुल्क/ब्याज की वसूली के साथ दंडात्मक कार्रवाई शुरू करने जैसी कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं थे। ऑनलाइन कार्यात्मकताओं का केवल 1 दिसंबर 2020 से कार्यान्वयन किया जाना बताया गया था और इसकी समीक्षा आगामी लेखापरीक्षा में की जाएगी।

4.4.2 नामित एजेंसियों द्वारा कीमती धातुओं के आयात के लिए गैर-निगरानी

एचबीपी के पैरा 4.94 यह निर्धारित करता है कि नामित एजेंसी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए चार/पांच सितारा निर्यात गृह आरए में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उप-पैरा (बी) (iii) में यह उल्लेखित है कि आरए जो नामित एजेंसी प्रमाण पत्र जारी करता है, ऐसी एजेंसियों द्वारा भरे जाने वाले एचबीपी के परिशिष्ट-4 एम के अनुसार छमाही रिटर्न के आधार पर ऐसे प्रमाण पत्र धारकों के निष्पादन की निगरानी करेगा। आरए, डीजीएफटी को नॉन फाइलर्स के बारे में भी जानकारी देंगे और नामित एजेंसी प्रमाण-पत्र के निलंबन/रद्द करने के लिए

30 दिन के भीतर उचित कार्रवाई भी करेंगे। डीजीएफटी मुख्यालय जब भी आवश्यक हो, नामित एजेंसियों के निष्पादन की समीक्षा भी कर सकता है।

आरए बेंगलुरु ने गोल्ड बार/मेडेलिऑंस के आयात/निर्यात में शामिल मेसर्स एक्स एक्सपोर्ट्स (एक स्टार हाउस निर्यातक) को नामित एजेंसी प्रमाण-पत्र जारी किया। तथापि, आरए, अर्द्धवार्षिक रिटर्न दाखिल न करने या नामित एजेंसी प्रमाण पत्र के निलंबन/रद्द करने के लिए उचित कार्रवाई शुरू करने के बारे में डीजीएफटी को रिपोर्ट करने में विफल रहा।

4.4.3 एनसी को भेजे गए मामलों की अपर्याप्त निगरानी

एनसी को भेजे गए मामलों की निगरानी आरए द्वारा की जा रही है और इस संबंध में एमआईएस-3 रिपोर्ट को मासिक आधार पर डीजीएफटी मुख्यालय को भेजे जाने की आवश्यकता है। एमआईएस-3 रिपोर्ट बिना मानदंड श्रेणी से संबंधित लंबित मामलों की एक उत्पाद समूहवार सूची है जिसे मानदंडों को अंतिम रूप देने के लिए आरए द्वारा एनसी को भेजा जाता है। इसे सांख्यिकी संभाग द्वारा विभिन्न अनुभागों से प्राप्त इनपुट के आधार पर संकलित किया जाता है। यह डीजीएफटी के ईडीआई प्रणाली से अपने आप जेनरेट नहीं होता है।

आरए कोच्चि में, एनसी को भेजे गए एए से संबंधित सांख्यिकीय सूचना उपलब्ध नहीं थी और मुख्यालय को प्रस्तुत एमआईएस-3 रिपोर्ट को इस आधार पर शून्य के रूप में दर्शाया गया था कि एएच ने सीधे एनसी को मानदंडों के निर्धारण के लिए आवेदन भेजा है, जो एनसी को भेजे गए एए मामलों की अप्रभावी निगरानी का संकेत है।

डीजीएफटी ने नई आईटी प्रणाली (1 दिसंबर 2020) के साथ, कहा (फरवरी 2021) कि आरए द्वारा ईओडीसी जारी करने में देरी का समाधान किया जाएगा। नीति परिपत्र 23 (मई 2019) में स्व-घोषणा के तहत जारी किए गए एए के लिए आवेदकों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को सीधे एनसी को अग्रेषित करने को अनुबद्ध किया गया है जब एसआईओएन मौजूद नहीं है और इसलिए एनसी को भेजे गए मामलों को शून्य के रूप में दर्शाया गया था।

उक्त नीति परिपत्र का प्रयोजन ऑनलाइन आवेदन और एनसी द्वारा दस्तावेजों की प्राप्ति के बीच समय अंतराल को कम करने के लिए किया गया था और इसलिए आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों को सीधे एनसी को अग्रेषित करने की

अनुमति दी गई थी। चूंकि एए को आरए क्षेत्राधिकारिक प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाता हैं, इसलिए लेखापरीक्षा का मानना है कि आरए को अपनी एमआईएस-3 रिपोर्ट में एनसी को भेजे गए एए को दर्शाना चाहिए और डीजीएफटी द्वारा इसकी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है।

निष्कर्ष

आंतरिक/विशेष लेखापरीक्षा संबंधी प्रभावी नीति के अभाव ने इस योजना के कार्यान्वयन की गैर-निगरानी में योगदान दिया था जिसमें अन्य कार्यों के बीच इनपुट के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति प्रदान करके विभिन्न माल के निर्यात के लिए लाइसेंस जारी किए जाते हैं। क्षेत्रीय स्तर पर कई आरए ऐसे किसी तंत्र से अनजान थे।

एससीएन और अधिनिर्णय आदेश जारी करने के लिए एफटीडीआर अधिनियम में विशिष्ट समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए ताकि कार्रवाई किए जाने वाले सभी मामलों को बिना किसी पूर्वाग्रह के एक ही तरीके से निपटाया जाए। इससे सरकारी राजस्व के अवरोधन को कम करने में भी मदद मिलेगी।

आरए द्वारा प्रस्तुत एमआईएस रिपोर्टों की डीजीएफटी द्वारा पर्याप्त निगरानी/मिलान नहीं किया जा रहा है और महत्वपूर्ण सूचनाओं की रिपोर्टिंग न करने को आरए के साथ उठाया नहीं जा रहा है। कार्रवाई शुरू करने में देरी के साथ-साथ मांग नोटिस/एससीएन के निपटान में विलंब के परिणामस्वरूप भारी संचित लम्बन हुआ। एफटीपी में कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई थी और कोई प्रशासनिक आदेश जारी नहीं किए गए थे जिसमें कार्रवाई शुरू करने और चूककर्ताओं के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तेज करने के निर्देश थे।

सिफारिशें

15. ***आंतरिक लेखापरीक्षा, सुधार करने के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है और इसलिए आंतरिक नियंत्रण का एक प्रभावी उपकरण है। डीजीएफटी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आंतरिक लेखापरीक्षा में उचित रूप से स्टाफ दिया गया है और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में नियमित रूप से और प्रभावी ढंग से लेखापरीक्षा की जा रही है। इसके अलावा, विशेष लेखापरीक्षा की परिकल्पना विशेष रूप से उन मामलों के लिए की गई थी जिनमें एए स्व-संपुष्टि/घोषणा के तहत जारी किए जाते हैं और इसलिए गलत***

घोषणाएं करने वाले आवेदकों के लिए निवारक के रूप में कार्य करने के लिए कम से कम कुछेक मामलों में परीक्षण के तौर पर लेखापरीक्षा की जानी चाहिए थी।

16. ***डीजीएफटी, समय पर और प्रभावी तरीके से अधिनिर्णय प्रक्रिया के बेहतर नियमन को लागू करने के लिए एससीएन जारी करने और अधिनिर्णय के लिए समय-सीमा तय करने पर विचार कर सकता है।***

17. ***डीजीएफटी को आरए द्वारा प्रस्तुत एमआईएस रिपोर्टों की निगरानी करने की आवश्यकता है और गलत/गैर-रिपोर्टिंग के दृष्टांतों को आरए के साथ उठाया जा सकता है। एमआईएस रिपोर्ट से मिली सूचना के आधार पर डीजीएफटी द्वारा कार्रवाई की जा सकती है।***

के माथुर

नई दिल्ली | **(कार्तिकेय माथुर)**
दिनांक: 28 अक्तूबर OCT 2021 | **प्रधान निदेशक (सीमा शुल्क)**

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली | **(गिरीश चंद्र मुर्मू)**
दिनांक: 29 अक्तूबर OCT 2021 | **भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक**

परिशिष्ट और अनुलग्नक

परिशिष्ट 1 : नमूना चयन (पैरा 1.7/अध्याय I)							
क्र सं	**चयनित आरए का नाम**	**जारी कुल एए**	**सीआईएफ ₹करोड़ में**	**चयनित नमूना**	**एमवी ₹ करोड़ में**	**रिकॉर्ड के गैर उत्पादन (एनपीआर) मामले**	**एनपीआर मामलों का एमवी ₹ करोड़ में**
1	दिल्ली	13193	113776.92	504	13187.37	35	372.42
2	मुंबई	28362	232686.8	873	30163.22	268	7450.54
3	चेन्नई	4431	26797.35	369	1239.89	0	
4	कोलकाता	2772	17024.48	158	6826.79	16	572.52
5	अहमदाबाद	8673	32644.31	398	8924.28	63	1331.5
6	बेंगलुरु	6168	115357.56	424	91487.2	0	
7	हैदराबाद	4628	42789.49	316	12770.54	0	
8	पुणे	1558	11449.8	128	1660.6	16	80.59
9	वडोदरा	3798	70600.27	179	31499.05	0	
10	जयपुर	1219	6133.41	98	1938.61	0	
11	कोयंबटूर	1209	2450.94	118	576.44	0	
12	कोच्चि	878	5247.3	106	1255.76	0	
13	विशाखापत्तनम	152	575.68	24	31.99	0	
14	गुवाहाटी	3	58.65	3	58.65	0	
15	कानपुर	993	2835.65	71	826.99	0	
16	वाराणसी	112	204.11	40	113.98	0	
17	लुधियाना	936	3632.8	69	1233.33	0	
18	चंडीगढ़	855	7799.11	60	1777.25	0	
19	पानीपत	239	1901.25	15	764.93	0	
20	कटक	98	929.26	42	703.35	6	95.52
21	पटना	5	20.93	5	20.95	1	3.62
22	भोपाल	396	3343.89	6	414.57	0	
23	इंदौर	996	5748.17	42	649.82	0	
	कुल	**81674**	**704008.13**	**4048**	**208125.56**	**405**	**9906.73**
24	अन्य 15 आरए	6483	54132.87				
38 आरए का योग		**88157**	**758141**				

अनुलग्नक 1क
(पैरा 2.2/ अध्याय II)

क्र.	आरए का नाम	आरए कोड	वर्ष	फाईलिंग करने की तिथि से प्राधिकार जारी करने के लिए दिनों की संख्या								कुल
				जारी संख्या	3 दिनों तक	4 दिनों - 1महीना	1-3 महीने	3-6 महीने	6-12 महीने	1-2 वर्ष	2 वर्ष से अधिक	
1	**कोलकाता**	**2**	**2015-16**	**578**	115	389	35	13	12	14	0	**578**
			2016-17	**692**	138	428	78	16	18	11	3	**692**
			2017-18	**725**	187	487	37	8	6	0	0	**725**
			2018-19	**691**	117	511	48	13	2	0	0	**691**
2	**मुंबई**	**3**	**2015-16**	**6881**	988	4551	886	246	141	61	8	**6881**
			2016-17	**7370**	1297	4961	790	181	99	36	6	**7370**
			2017-18	**6982**	1075	4896	701	189	69	16	36	**6982**
			2018-19	**7127**	1047	4961	869	145	68	29	8	**7127**
3	**चेन्नई**	**4**	**2015-16**	**1065**	262	640	134	20	3	5	1	**1065**
			2016-17	**1081**	149	779	132	11	4	5	1	**1081**
			2017-18	**1135**	140	873	108	9	1	4	0	**1135**
			2018-19	**1150**	70	954	101	14	6	5	0	**1150**
4	**दिल्ली**	**5**	**2015-16**	**2861**	795	1782	217	49	14	1	3	**2861**
			2016-17	**3175**	1035	1861	229	30	9	6	5	**3175**
			2017-18	**3361**	1260	1872	133	21	28	29	18	**3361**
			2018-19	**3763**	1490	2119	131	21	1	1	0	**3763**
5	**कानपुर**	**6**	**2015-16**	**206**	125	75	4	1	1	0	0	**206**
			2016-17	**241**	145	94	1	1	0	0	0	**241**
			2017-18	**250**	144	100	5	1	0	0	0	**250**
			2018-19	**282**	184	97	1	0	0	0	0	**282**

अनुलग्नक 1क
(पैरा 2.2/ अध्याय II)

क्र.	आरए का नाम	आरए कोड	वर्ष	फाईलिंग करने की तिथि से प्राधिकार जारी करने के लिए दिनों की संख्या								कुल
				जारी संख्या	3 दिनों तक	4 दिनों - 1महीना	1-3 महीने	3-6 महीने	6-12 महीने	1-2 वर्ष	2 वर्ष से अधिक	
6	बंगलुरू	7	2015-16	1410	282	910	161	40	16	1	0	1410
			2016-17	1594	239	1130	192	26	5	2	0	1594
			2017-18	1574	516	930	92	14	11	11	0	1574
			2018-19	1593	612	883	77	13	7	0	1	1593
7	अहमदाबाद	8	2015-16	2121	630	1266	161	44	9	0	11	2121
			2016-17	2168	562	1308	218	55	20	5	0	2168
			2017-18	2061	308	1354	312	69	15	2	1	2061
			2018-19	2322	365	1567	238	89	43	19	1	2322
8	हैदराबाद	9	2015-16	1211	81	954	144	27	5	0	0	1211
			2016-17	1193	55	968	138	20	10	2	0	1193
			2017-18	1091	37	887	139	17	6	4	1	1091
			2018-19	1104	93	852	126	26	5	1	1	1104
9	कोचीन	10	2015-16	228	27	180	17	1	2	1	0	228
			2016-17	237	48	183	5	0	1	0	0	237
			2017-18	172	34	124	14	0	0	0	0	172
			2018-19	239	30	184	21	4	0	0	0	239
10	भोपाल	11	2015-16	42	8	28	4	2	0	0	0	42
			2016-17	62	11	40	7	3	1	0	0	62
			2017-18	55	18	27	5	2	3	0	0	55
			2018-19	237	102	126	5	0	0	1	3	237

अनुलग्नक 1क
(पैरा 2.2/ अध्याय II)

क्र.	आरए का नाम	आरए कोड	वर्ष	फाईलिंग करने की तिथि से प्राधिकार जारी करने के लिए दिनों की संख्या								
				जारी संख्या	3 दिनों तक	4 दिनों - 1महीना	1-3 महीने	3-6 महीने	6-12 महीने	1-2 वर्ष	2 वर्ष से अधिक	कुल
11	जयपुर	13	2015-16	265	23	233	9	0	0	0	0	265
11	जयपुर	13	2016-17	301	46	249	4	0	1	1	0	301
11	जयपुर	13	2017-18	310	57	241	9	3	0	0	0	310
11	जयपुर	13	2018-19	319	98	215	6	0	0	0	0	319
12	गुवाहाटी	14	2015-16	0	0	0	0	0	0	0	0	0
12	गुवाहाटी	14	2016-17	2	0	1	1	0	0	0	0	2
12	गुवाहाटी	14	2017-18	1	0	1	0	0	0	0	0	1
12	गुवाहाटी	14	2018-19	0	0	0	0	0	0	0	0	0
13	वाराणसी	15	2015-16	33	11	17	5	0	0	0	0	33
13	वाराणसी	15	2016-17	28	5	21	2	0	0	0	0	28
13	वाराणसी	15	2017-18	22	3	16	3	0	0	0	0	22
13	वाराणसी	15	2018-19	29	8	21	0	0	0	0	0	29
14	पटना	21	2015-16	1	0	1	0	0	0	0	0	1
14	पटना	21	2016-17	1	0	0	1	0	0	0	0	1
14	पटना	21	2017-18	0	0	0	0	0	0	0	0	0
14	पटना	21	2018-19	3	0	1	2	0	0	0	0	3
15	चंडीगढ़	22	2015-16	218	63	120	25	5	2	3	0	218
15	चंडीगढ़	22	2016-17	193	93	89	7	1	1	1	1	193
15	चंडीगढ़	22	2017-18	178	68	91	14	3	1	0	1	178
15	चंडीगढ़	22	2018-19	240	58	154	18	9	0	1	0	240

अनुलग्नक 1क
(पैरा 2.2/ अध्याय II)

क्र.	आरए का नाम	आरए कोड	वर्ष	फाईलिंग करने की तिथि से प्राधिकार जारी करने के लिए दिनों की संख्या								
				जारी संख्या	3 दिनों तक	4 दिनों - 1महीना	1-3 महीने	3-6 महीने	6-12 महीने	1-2 वर्ष	2 वर्ष से अधिक	कुल
16	**कटक**	**23**	**2015-16**	**8**	5	3	0	0	0	0	0	**8**
			2016-17	**11**	8	1	1	1	0	0	0	**11**
			2017-18	**51**	37	13	1	0	0	0	0	**51**
			2018-19	**26**	13	12	1	0	0	0	0	**26**
17	**विशाखापट्टनम**	**26**	**2015-16**	**31**	0	21	9	0	1	0	0	**31**
			2016-17	**37**	5	28	4	0	0	0	0	**37**
			2017-18	**38**	0	21	12	3	1	1	0	**38**
			2018-19	**42**	1	29	5	1	6	0	0	**42**
18	**लुधियाना**	**30**	**2015-16**	**220**	120	84	6	8	2	0	0	**220**
			2016-17	**201**	83	93	10	5	5	5	0	**201**
			2017-18	**219**	136	64	9	7	2	1	0	**219**
			2018-19	**279**	189	78	9	2	0	1	0	**279**
19	**पुणे**	**31**	**2015-16**	**537**	117	337	73	6	1	3	0	**537**
			2016-17	**408**	83	251	31	18	18	3	4	**408**
			2017-18	**305**	91	172	29	7	4	2	0	**305**
			2018-19	**308**	108	169	21	6	2	2	0	**308**
20	**कोयम्बटूर**	**32**	**2015-16**	**216**	29	170	16	0	0	1	0	**216**
			2016-17	**252**	42	188	17	5	0	0	0	**252**
			2017-18	**288**	95	186	7	0	0	0	0	**288**
			2018-19	**448**	241	200	7	0	0	0	0	**448**

अनुलग्नक 1क
(पैरा 2.2/ अध्याय II)

क्र.	आरए का नाम	आरए कोड	वर्ष	फाईलिंग करने की तिथि से प्राधिकार जारी करने के लिए दिनों की संख्या								
				जारी संख्या	3 दिनों तक	4 दिनों - 1महीना	1-3 महीने	3-6 महीने	6-12 महीने	1-2 वर्ष	2 वर्ष से अधिक	कुल
21	पानीपत	33	2015-16	51	10	33	6	1	1	0	0	51
			2016-17	60	10	42	8	0	0	0	0	60
			2017-18	48	15	32	1	0	0	0	0	48
			2018-19	79	28	47	3	0	1	0	0	79
22	वडोदरा	34	2015-16	882	302	517	37	15	8	3	0	882
			2016-17	1041	197	735	80	20	8	1	0	1041
			2017-18	902	106	627	114	34	11	10	0	902
			2018-19	973	193	559	148	54	16	3	0	973
23	इंदौर	56	2015-16	280	135	106	30	7	2	0	0	280
			2016-17	210	101	77	28	4	0	0	0	210
			2017-18	264	125	106	13	5	6	1	8	264
			2018-19	214	64	104	23	17	5	1	0	214
कुल			2015-16	19345	4128	12417	1979	485	220	93	23	19345
			2016-17	20558	4352	13527	1984	397	200	78	20	20558
			2017-18	20032	4452	13120	1758	392	164	81	65	20032
			2018-19	21468	5111	13843	1860	414	162	64	14	21468

अनुलग्नक 1ख : एए जारी करने में देरी (पैरा 2.2/ अध्याय II)				
क्र सं	**आरए का नाम**	**आरए कोड**	**उन मामलों की संख्या जहां डीएल जारी किया गया**	**उन मामलों की संख्या जिनमें डीएल जारी नहीं किया गया**
1	अहमदाबाद	8	6	16
2	वडोदरा	34	0	5
3	जयपुर	13	1	14
4	बेंगलुरु	7	3	0
5	चेन्नई	4	0	6
6	कोयंबटूर	32	0	5
7	कोच्चि	10	13	6
8	दिल्ली	5	0	37
9	इंदौर	56	0	25
10	भोपाल	11	0	4
11	हैदराबाद	9	0	290
12	विशाखापत्तनम	26	18	6
13	कटक	23	0	10
14	कोलकाता	2	25	48
15	गुवाहाटी	14	2	0
16	कानपुर	6	3	4
17	वाराणसी	15	3	9
18	पटना	21	2	0
19	मुंबई	3	111	270
20	पुणे	31	33	37
कुल			**220**	**792**

अनुलग्नक 2 : एए जारी करते समय वित्तीय शक्तियों का पालन न करना (पैरा 2.7.1/ अध्याय II)					
क्र सं	आरए का नाम	आरए कोड	एए तिथि	एफओबी (₹करोड़ में)	सीआईएफ (₹करोड़ में)
1	बेंगलुरु	7	12.05.15	631.482	622.15
2	बेंगलुरु	7	12.05.15	1014.421	999.43
3	बेंगलुरु	7	16.09.15	961.615	947.404
4	बेंगलुरु	7	16.09.15	963.362	949.125
5	बेंगलुरु	7	16.09.15	965.811	951.538
6	बेंगलुरु	7	13.10.16	959.52	945.34
7	बेंगलुरु	7	13.10.16	956.033	941.905
8	बेंगलुरु	7	20.10.16	952.553	938.476
9	बेंगलुरु	7	20.10.16	949.078	935.052
10	बेंगलुरु	7	08.12.16	1013.985	999
11	बेंगलुरु	7	08.12.16	1014.926	999.927

अनुलग्नक 3: प्राधिकार की वैधता अवधि समाप्त होने के बाद अनाधिकृत आयात (पैरा 3.1.1/ अध्याय III)				
क्र सं	साइट आईडी	शुल्क (₹करोड़ में)	सीआईएफ मूल्य (₹करोड़ में)	मामलों की संख्या
1	आईएनएपीएल6	0.09	0.53	1
2	आईएनबीओएम 4	0.70	6.27	126
3	आईएनसीसीयू 1	0.02	3.64	13
4	आईएनसीसीयू 4	0.25	2.24	51
5	आईएनसीओके 1	0.07	0.88	1
6	आईएनसीपीआर6	0.00	1.22	5
7	आईएनडीईएल 4	3.82	32.37	304
8	आईएनएफबीडी6	0.10	0.91	4
9	आईएनजीएचआर6	0.11	1.99	5
10	आईएनएचवाईडी 4	0.07	0.41	16
11	आईएनएचजेडए 1	0.00	3.16	16
12	आईएनआईएक्सवाई 1	0.15	42.74	20
13	आईएनएलओएन6	0.00	0.69	3
14	आईएनएमएए1	0.02	0.38	18
15	आईएनएमएए4	0.09	0.60	6
16	आईएनएमयूएन 1	0.03	2.28	10
17	आईएनएनएमएल1	0.00	0.66	3
18	आईएनएनएसए 1	19.48	43.25	129
19	आईएनपीपीजी6	0.06	0.71	2
20	आईएनपीटीएल 6	0.01	0.15	1
21	आईएनएसजीएफ6	0.00	0.07	1
22	आईएनएसएनएफ6	0.15	1.78	2
23	आईएनटीकेडी 6	0.22	4.47	49
	कुल	**25.42**	**151.39**	**786**

अनुलग्नक 4: ईओपी का अनुचित विस्तार
(पैरा 3.2.1.4/ अध्याय III)

क्र सं	आरए का नाम	लाइसेंस तिथि	सीआईएफ मूल्य (₹करोड़ में)	एफओबी मूल्य (₹करोड़ में)	आयात की तिथि	पुनर्वैधिकरन के लिए प्राप्त आवेदन की तिथि	पुनर्वैधिकरन निर्गम की तिथी
1	वाराणसी	26.04.2017	2.90	3.75	26.04.2018	22.05.2018	27.09.2018
2	वाराणसी	15.06.2017	2.30	3.17	15.06.2018	25.06.2018	02.07.2018
3	वाराणसी	01.03.2018	4.47	5.28	01.03.2019	26.03.2019	05.04.2019
4	वाराणसी	31.08.2017	4.52	5.33	31.08.2018	05.10.2018	12.10.2018
5	वाराणसी	30.01.2017	2.74	3.75	30.01.2018	15.02.2018	08.03.2018
6	वाराणसी	01.10.2015	1.06	1.48	01.10.2016	04.01.2017	18.01.2017
7	वाराणसी	07.10.2016	1.75	2.08	07.10.2017	21.11.2017	12.01.2018

अनुलग्नक 5: एएच द्वारा वास्तविक आयात की घोषणा न करना
(पैरा 3.2.3.2/ अध्याय III)

क्र सं	आरए का नाम	आरए कोड	लाइसेंस तिथि	एफओबी में कमी (करोड़ में)	कंपोजीशन फीस 1 प्रतिशत देय	ईओडीसी तिथि
1	चेन्नई	4	20.06.16	0.23	22631	23.06.17
2	चेन्नई	4	08.02.17	0.18	18335	11.07.17
3	चेन्नई	4	08.08.17	0.15	14917	04.06.18
4	चेन्नई	4	14.09.17	0.69	68881	20.07.18
5	चेन्नई	4	21.06.17	0.18	17577	04.06.18
6	चेन्नई	4	14.08.17	0.73	73480	29.07.19
7	चेन्नई	4	08.12.16	0.91	90821	03.01.19
8	चेन्नई	4	19.07.17	0.78	78224	20.06.19
9	चेन्नई	4	18.07.17	0.40	39833	18.07.18
10	चेन्नई	4	12.05.17	0.53	53079	04.06.18
11	कोयंबटूर	32	26.09.16	-3.49	0	22.06.18
12	कोयंबटूर	32	07.04.16	-3.75	0	03.01.18
13	कोयंबटूर	32	10.02.16	0.02	0	09.11.17
					477778	

अनुलग्नक 6: एएच द्वारा ईओडीसी आवेदन जमा करने में देरी (पैरा 3.2.5.2/ अध्याय III)				
क्र सं	**आरए का नाम**	**आरए कोड**	**मामलों की संख्या**	**से लेकर देरी (दिनों में)**
1	चेन्नई	4	19	6 से 546
2	कोच्चि	10	24	14 से 702
3	इंदौर	56	11	46 से 408
4	हैदराबाद	9	100	5 से 749
5	विशाखापत्तनम	26	4	203 से 792
6	कटक	23	3	36 से 69
7	बेंगलुरु	7	1	929
8	जयपुर	13	21	46 से 709
9	लुधियाना	30	3	203 से 432
10	पानीपत	33	4	एक मामले में 473 दिन की देरी और तीन मामलों में ईओडीसी ने आवेदन नहीं किया
11	चंडीगढ़	22	3	ईओडीसी लागू नहीं
		कुल	**193**	

अनुलग्नक 7: ई-बीआरसी के साथ निर्यात शिपिंग बिल/चालान को न जोड़ना (पैरा 3.2.7.2/ अध्याय III)				
क्र सं	आरए का नाम	लाइसेंस तिथि	सीआईएफ (₹करोड़ में)	एफओबी (₹करोड़ में)
1	कानपुर	30.10.2015	31.00	56.91
2	कानपुर	13.04.2015	3.08	4.73
3	कानपुर	23.10.2017	3.05	4.49
4	कानपुर	08.05.2015	2.99	4.73
5	कानपुर	19.08.2015	2.88	4.55
6	कानपुर	26.12.2016	17.09	20.55
7	कानपुर	08.07.2016	14.22	32.94
8	कानपुर	22.09.2015	13.74	31.82
9	कानपुर	19.05.2015	12.96	30.01
10	कानपुर	17.03.2017	32.23	37.07
11	कानपुर	22.03.2016	26.92	30.95
12	कानपुर	05.05.2015	21.33	24.55
13	कानपुर	14.12.2016	19.89	22.90
14	कानपुर	26.04.2016	19.37	22.28
15	कानपुर	12.02.2016	17.43	20.05
16	कानपुर	12.02.2016	17.43	20.05
17	कानपुर	14.05.2015	15.20	17.63
18	कानपुर	22.07.2015	14.52	16.71
19	कानपुर	17.02.2016	14.30	16.45
20	कानपुर	07.01.2016	5.35	6.15
21	कानपुर	28.11.2017	4.20	4.83
22	कानपुर	13.01.2016	4.05	4.66

अनुलग्नक 7: ई-बीआरसी के साथ निर्यात शिपिंग बिल/चालान को न जोड़ना (पैरा 3.2.7.2/ अध्याय III)				
क्र सं	आरए का नाम	लाइसेंस तिथि	सीआईएफ (₹करोड़ में)	एफओबी (₹करोड़ में)
23	कानपुर	05.04.2016	3.07	3.53
24	कानपुर	05.04.2016	3.07	3.53
25	कानपुर	05.04.2016	3.07	3.53
26	कानपुर	09.11.2015	4.51	5.54
27	कानपुर	20.07.2016	4.50	5.40
28	कानपुर	09.02.2017	4.22	4.88
29	कानपुर	22.07.2016	3.89	4.70
30	कानपुर	20.02.2017	3.89	4.70
31	कानपुर	09.11.2015	3.87	4.62
32	कानपुर	18.11.2015	3.75	4.31
33	कानपुर	16.02.2017	3.50	4.03
34	कानपुर	18.08.2017	3.16	3.87
35	कानपुर	22.06.2016	3.04	4.08
36	कानपुर	20.04.2015	2.71	3.26
37	कानपुर	18.02.2016	2.54	3.40
38	कानपुर	05.04.2017	2.50	3.06
39	कानपुर	05.05.2017	2.50	3.06
40	कानपुर	01.01.2016	2.47	2.94
41	कानपुर	29.04.2016	2.47	2.94
42	पटना	13.10.2015	3.35	4.14

2021 की प्रतिवेदन संख्या 10 – संघ सरकार (राजस्व विभाग – अप्रत्यक्ष कर – सीमा शुल्क)

© भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in